आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी उपरांत 02:27 सप्तमी विक्रम संवत 2082


रविवार, 28 सितंबर 2025, वर्ष 5, अंक 218, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले देशों में शामिल : सिंधिया -12



आर्थिक तरक्की की मिसाल बन गया यूपी - 12



नासा-इसरो निसार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली रडार तस्वीरें भेजीं - 13



आखिरी वार के लिए तैयार सूर्यकुमार के जांबाज - 14

# मौलाना भूल गया कि शासन किसका है : योगी

## बरेली में हुए बवाल को लेकर मुख्यमंत्री ने दी कड़ी चेतावनी

- कहा-ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार ने 2017 के बाद से दंगाइयों और माफिया को चुन-चुनकर सबक सिखाया है। बरेली की हालिया घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक मौलाना भूल गया था कि शासन किसका है। उसने धमकी दी थी कि सड़क जाम होगा और कर्फ्यू लगेगा, लेकिन हमने कहा कि न जाम होगा, न कर्फ्यू लगेगा। हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां भी दंगा करना भूल जाएंगी।

योगी ने जोर देकर कहा कि 2017 से पहले उप्र को जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार ने बीमारू राज्य बना दिया था। उस समय दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था, पेशेवर अपराधियों और माफियाओं के सामने सत्ता नतमस्तक रहती थी। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चाचा-भतीजा वसूली में लगे थे और सत्ता का मुखिया माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर गौरवान्वित होता था। योगी ने कहा कि हमने दंगाइयों को उनकी भाषा में जवाब दिया, अब उनकी सात पीढ़ियां याद रखेंगीं। परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर हमने बुलडोजर चलाया, सपा सरकार में चाचा-भतीजा वसूली में लगे थे। हर जिले में पहले एक माफिया मिलता था, अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बुलडोजर के जरिए माफिया राज का अंत किया और उत्तर प्रदेश को विकास की राह पर आगे बढ़ाया। 2016 में यूपी की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ थी, इस साल 35 लाख करोड़ पर पहुंचेगी।

हमने पिछले साढ़े आठ सालों में विकसित यूपी की आधारशिला रख दी है, अब भव्य इमारत बनाने का समय है। योगी ने सीएजी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2023 में यूपी 37 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अधिशेष वाला राज्य था, जो बढ़कर 70 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय 45 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि आज यूपी बीमारू नहीं, बल्कि देश की ग्रोथ स्टोरी का इंजन है।

यह उपलब्धि उन लोगों के लिए अविश्वसनीय है, जिनमें पौरुष और संकल्प की कमी थी।



बरेली में हिंसा के दूसरे दिन सुरक्षा के बाबत मुस्तैद पुलिस बल।

## हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर गिरफ्तार

- विभिन्न धाराओं में तौकीर समेत 12 उपद्रवी भेजे गए जेल
- 10 एफआईआर, सौ से अधिक नामजद, तीन हजार आरोपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जुमे की नमाज के बाद बिना अनुमति प्रदर्शन और उपद्रवियों से पुलिस पर पथराव और फायरिंग कराकर शहर को सुलगाने के मुख्य साजिशकर्ता आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत 12 दंगाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह मौलाना सहित सभी आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मौलाना को फतेहगढ़ जेल में भेजा है, जबकि अन्य 11 को बरेली की जिला जेल भेजा गया है। मामले में पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की हैं। जिसमें मौलाना तौकीर रजा खां समेत सौ से अधिक को नामजद और तीन हजार के करीब अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस 31 उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद दोपहर में आई लव मोहम्मद पोस्टर पर की गई कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव करने के बाद फायरिंग की थी। शहर में पांच स्थानों पर भारी बवाल हुआ था। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने शुक्रवार रात 12:50 बजे के करीब मौलाना तौकीर को फाइक एंक्लेव स्थित दोस्त फरहत खां के घर से गिरफ्तार किया था, जबकि बवाल के समय खलील तिराहे से 7 अन्य आरोपियों सहित 11 को गिरफ्तार किया। मौलाना तौकीर रजा का शनिवार सुबह 5:10 बजे जिला अस्पताल में मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया गया।

> शहर में बवाल कराने वाले मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा खां समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं।
>
> -अनुराग आर्य, एसएसपी।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, रामलीला : लोकनाट्य संस्कृति की बहुमूल्य निधि व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्वांचल विवि: पूर्व वीसी प्रो. यूपी सिंह का निधन

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह (यू. पी. सिंह) का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। प्रो. सिंह का अंतिम संस्कार रविवार (28 सितंबर) को पावन राप्ती नदी के राजघाट पर दिन में 12 बजे से होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर के अध्यक्ष, आदर्श शिक्षक, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में गणित विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह जी का निधन अपूरणीय क्षति है।

### तिहाड़ में भूख हड़ताल करेंगे इंजीनियर रशीद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद ने शनिवार को कहा कि वह अहिंसा के सिद्धांत के महत्व को उजागर करने के लिए गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर तिहाड़ जेल में दो दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठेंगे। लोकसभा सांसद शेख अब्दुल रशीद को इंजीनियर रशीद के नाम से भी जाना जाता है। 'बापू' को संबोधित और लोकसभा अध्यक्ष को भेजे गए एक हस्तलिखित पत्र में सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया को शांति की सख्त जरूरत है। सांसद शेख अब्दुल रशीद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में नयी दिल्ली में स्थित तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### अवैध हथियार बरामद तीन बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पश्चिम जिले की पुलिस ने त्योहारों के मद्देनज़र अपनी चौकसी बढ़ा दी है, जिसके परिणामस्वरूप दो अलग-अलग कार्रवाईयों में हथियार लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्ज़े से तीन देशी पिस्तौल, नौ ज़िंदा और नौ खाली कारतूस के साथ एक महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार भी ज़ब्त की है। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने शनिवार को बताया कि जहांगीरपुरी पुलिस ने 26 सितंबर को सीडी पार्क से भलस्वा डेयरी निवासी अभिषेक उर्फ अक्कू और देव उर्फ अनूज को गिरफ्तार कर दो देशी पिस्तौल, चार ज़िंदा-दो खाली कारतूस बरामद किए।

# कांग्रेस ने जनता को लूटने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा: प्रधानमंत्री

- ओडिशा के झारसुगुड़ा में नमो युवा समावेश कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री मोदी

झारसुगुड़ा (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के लोगों को लूटा और निम्न आय वर्ग के लोगों पर भी कर लगाया। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 'नमो युवा समावेश' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों को कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा की जा रही कथित लूट के प्रति आगाह किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा और दो लाख रुपये सालाना आय वालों पर भी कर लगा दिया। भाजपा सरकार ने इस सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये से ज्यादा कर दिया...कांग्रेस और उसके सहयोगियों से सावधान रहें, क्योंकि वे लोगों को लूटते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी में सुधार और लोगों को राहत दिए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार को गाली देना शुरू कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार ने सीमेंट की कीमतें कम कीं, तो हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपना कर लगा दिया। जब हमने जीएसटी दरें कम कीं, तो पूरे देश में कीमतें कम हो गईं, लेकिन कांग्रेस आम लोगों को यह राहत नहीं देना चाहती। जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को युक्तिसंगत बनाने और पांच व 18 प्रतिशत की दो दरें कायम रखने का निर्णय लिया था। 22 सितंबर से लागू इस फैसले से उत्पादों व सेवाओं की कीमतों में कमी आने की उम्मीद थी।



ओडिशा में विभिन्न विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री मोदी।

### 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दूरसंचार, रेलवे और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों से जुड़ी 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने देश भर में आठ आईआईटी के विस्तार की आधारशिला रखी। गुजरात के सूरत जिले में बरहामपुर को उधना से जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। 1,400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 34 किलोमीटर लंबी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित किया। संबलपुर शहर में फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

### बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया। 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टावरों का भी उद्घाटन किया, जिनमें से 92,600 टावर इसी टेलीकॉम सेवा प्रदाता की 4जी तकनीक से लैस हैं। स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत के साथ ही भारत डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

# पाकिस्तानी जासूस के संपर्क में थे वांगचुक : डीजीपी

- द डॉन के कार्यक्रम में की थी शिरकत, बांग्लादेश भी गए थे

लेह, एजेंसी

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में, पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। वांगचुक को शुक्रवार को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था।

जामवाल ने कहा कि उनका यूट्यूब पर उपलब्ध प्रोफाइल और इतिहास देखें, तो उनके भाषण लोगों को उकसाने वाले प्रतीत होते हैं, क्योंकि उन्होंने अरब क्रांति और नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका में हाल की अशांति का जिक्र किया था। वांगचुक का अपना एक एजेंडा था। एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हमारी हिरासत में है, जो वांगचुक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था। पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को संदिग्ध बताते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान में द डॉन समाचार पत्र के एक कार्यक्रम में भाग लिया और बांग्लादेश भी गए।

### लेह शहर में कर्फ्यू में चार घंटे की ढील

**लेह।** लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह शहर में कर्फ्यू लगाए जाने के तीन दिन बाद शनिवार दोपहर से कुछ घंटों के लिए प्रतिबंधों में ढील दी गई, जिससे दुकानों के बाहर कतार में खड़े निवासियों को राहत मिली। डीजीपी ने बताया कि कर्फ्यू में कुल चार घंटे की ढील दी गई है। पुराने शहर में दोपहर एक से तीन तक और नए क्षेत्र में साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक ढील दी गई है।



कर्फ्यू में ढील मिलने के बाद लेह में दुकानों पर खरीदारी को पहुंचे लोग।

## दो साल हो सकता है संसदीय समितियों का कार्यकाल, सरकार कर रही विचार

- लोकसभा अध्यक्ष-राज्यसभा के सभापति से करेंगे विमर्श

**नई दिल्ली।** सरकार संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि कुछ सांसदों ने शिकायत की है कि मौजूदा एक साल का कार्यकाल कोई सार्थक योगदान देने के लिए बहुत कम है। सरकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सीपी. राधाकृष्णन के साथ विचार-विमर्श के बाद इस संबंध में कोई निर्णय ले सकती है। संसदीय समितियों का नया कार्यकाल सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में प्रारंभ होता है, जो इस पर निर्भर करता है कि समितियां किस तारीख को गठित की गई हैं।

## अभिनेता विजय की रैली में मची भगदड़, 20 की मौत

- सौ से अधिक घायल, बढ़ सकती है मृतक संख्या

**करूर।** तमिलनाडु के करूर में अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मचने से 20 लोगों की मौत और 100 अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मृतकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

तमिलनाडु में शनिवार को अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में हजारों लोग एकत्र हो गए, इस दौरान भगदड़ मचने से 20 से अधिक लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है और 100 से ज्यादा लोगों के घायल होने की बात कही गई। जिला प्रशासन ने घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया है। मुख्यमंत्री एम स्टालिन ने घायलों को हर मदद पहुंचाने का आदेश दिया है।

# सभी जिलों में ऑनलाइन म्यूटेशन जल्द

- सीएस के निर्देश-तहसील मुख्यालयों एवं एसडीएम कार्यालयों में ई-ऑफिस शीघ्र लागू हो

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद आनन्द बर्द्धन ने सभी जिलों में ऑनलाइन म्यूटेशन प्रक्रिया लागू करने के निर्देश देते कहा कि, आरसीएमएस पोर्टल शीघ्र ही पूरी तरह से संचालित होने लगेगा और इससे रजिस्ट्री होते ही तत्काल म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी।

शनिवार को राजस्व परिषद सभागार में जिलाधिकारियों के साथ राजस्व वादों की समीक्षा में मुख्य सचिव (सीएस) ने कहा कि धारा 34 एवं 143 से सम्बन्धित एक वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का अगले तीन माह में निपटारा कर लें। धारा 34 और143 से सम्बन्धित वादों में गम्भीर अनियमितताओं पर तत्काल विभागीय कार्रवाई करें। उन्होंने तहसीलदार विकास नगर को वादों के निस्तारण में धीमी गति पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश देते कहा कि वादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाए। उन्होंने सभी डीएम को तहसील मुख्यालयों एवं एसडीएम कार्यालयों में भी ई-ऑफिस शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव एवं आयुक्त राजस्व परिषद रंजना राजगुरु सहित वीसी के माध्यम से सभी जिलाधिकारी एवं आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत मौजूद रहे।

**आज के दिन ही करें कार्यमुक्त :** सीएस ने जनपदों में कार्मिकों के स्थानान्तरण हो जाने के बावजूद कार्यमुक्ति न देने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बैठक समाप्ति के तत्काल बाद सभी स्थानान्तरित कार्मिकों को कार्यमुक्त किया जाए एवं जनपदों द्वारा इसी दिन शाम तक कार्यमुक्ति से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर अवगत कराया जाए। कहा कि, पात्र कार्मिकों की प्रमोशन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें ताकि पटवारी, कानूनगो, नायब तहसीलदार आदि के पदों को शीघ्र भरा जा सके और वादों के निस्तारण में तेजी आए।

**जीएसटी बचत उत्सव** | मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार में व्यापारियों से संवाद कर जीएसटी सुधारों पर लिया फीडबैक

# मोदी राज में शुरू हुआ आर्थिक सुधारों, खुशहाली का नया दौर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को हरिद्वार के हरकी पैड़ी बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 'घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार' स्लोगन दिया। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों एवं आम लोगों से भेंट कर जीएसटी की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न दुकानों से स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करते हुए स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया। कहा कि स्वदेशी सामान अपनाने से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, स्वदेशी उत्पादों एवं कामगारों को समर्थन मिलेगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के भी नए नए अवसर सृजित होंगे।

इस दौरान व्यापारियों और आम लोगों ने जीएसटी दरों को घटाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व पर की गई इस नई शुरूआत से बाजार और खरीददारों में काफी उत्साह है। जीएसटी का यह उत्सव आगामी दीपावली के पर्व के दौरान आम लोगों के जीवन और कारोबार में उल्लास भरेगा। मुख्यमंत्री ने स्वयं विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जनजागरूकता से संबंधित स्टीकर चस्पा किए।



हरिद्वार में हर की पौड़ी बाजार में व्यापारियों से संवाद करते मुख्यमंत्री धामी।

### छड़ी यात्रा का किया शुभारंभ

हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी मां माया देवी मंदिर में छड़ी यात्रा के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री धामी ने मां भगवती का पूजन किया। साथ ही यज्ञ में आहुति देकर छड़ी का पूजन कर अपने कंधे पर मां माया देवी मंदिर की परिक्रमा कर इसकी शुरुआत की। इस दौरान निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, महामंत्री हरि गिरि के साथ सभी अखाड़ों के संत मौजूद रहे।

SHUBH नवरात्रि
# शारदीय नवरात्रि पर्व के षष्ठम दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

षष्ठम कात्यायनी



## !! श्री माँ अम्बे जी की आरती !!

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै।
रक्तपुष्प गल माला, कंठन पर साजै ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती।
कोटिक चंद्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती।
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी।
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरों।
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता, सुख संपति करता ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी।
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
श्री अंबेजी की आरति, जो कोइ नर गावे।
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे ॥ ॐ जय अम्बे गौरी..॥
जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।

जय महालक्ष्मी ज्वैलर्स
उत्तराखण्ड की पारंपरिक ज्वैलरी के निर्माता
अब हर ज्वैलरी पर सिर्फ 7% मेकिंग चार्ज
पुरानी ज्वैलरी लाये और नई ज्वैलरी ले जाये
9410797977, 8126189034

Graphic Era Hill University, Bhimtal Campus
Top Placements of 2025 & 2026 Batch
ADMISSIONS OPEN 2025
LIMITED VACANT SEATS AVAILABLE
Engineering | Management | Computer Application | Commerce | Pharmacy | Diploma
8126107820 | 05942-270005
Sattal Road, Bhimtal, Nainital

सिद्धिविनायक एग्रो सॉल्यूशन
खेती के हर कदम पर आपके साथ
निकट शिवाय रिसॉर्ट, कुण्डेश्वरी रोड, चैती चौराहा, काशीपुर
Call : +91-9837927401, +91-7983568288
E-mail : sidhivinayakagrosolution@gmail.com
भुवन चन्द्र उपाध्याय, प्रोपराइटर

YTDO TOUR & TRAVELS
LEH LADAKH
19 MAY TO 24 MAY 2026
• Accommodation on Twin sharing basis in a hotel.
• Sightseeing in Temp Traveler/Scorpio.
• 5 Breakfast and 5 dinner at Leh.
• Delhi-Leh-Delhi air ticket.
with Flight
Contact:- Y.T.D.O. Tour & Travels, The Mall, Nainital, Phone: 05942-235557
VMS Khati: 9412085088, Umesh Rautela: 9411197147 Ramesh Tiwari: 9411197085,
BS Padiyar : 8006399064, Email: ytdotours@gmail.com

समस्त क्षेत्रवासियों को श्री रामलीला माँ दुर्गा पूजा दशहरा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!
हरिदास मंडल (हैरी) समाजसेवी 7055363633

शुभ नवरात्रि
जितेश शर्मा
पार्षद वार्ड 36..आदर्श कॉलोनी घास मण्डी, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर

ज्योति ग्रोवर
ब्लॉक प्रमुख, गदरपुर
प्रीत कुमार ग्रोवर
पूर्व चैयरमैन, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गदरपुर

राजेन्द्र कुमार ज्वैलर्स
हमारे यहाँ सभी प्रकार के सोने व चांदी के हॉल मार्क जेवर उपलब्ध है।
शुभम रस्तोगी
हमारे यहां डायमण्ड व सोने के आभूषण की सारी वैरायटी एवं हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
पता : ईदगाह चौराहा, खेड़ा, रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
पुरानी दुकान : निकट काली मंदिर, रम्पुरा, रुद्रपुर
6398644018, 9149127270

जल्होत्रा टायर्स
हमारे यहाँ सभी फोर व्हीलर व्हीकल के टायर नए मिलते हैं।
एलॉय व्हील का विशाल शो-रूम
किच्छा बाईपास रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
M : 7500059538, 9045540009

Fulauri Restaurant
Gangapur Road, Opp. Tapasya Vihar, Rudrapur, UK-263153
9634099242, 6395791959

दीपावली के रंग "नवरंग" के संग
आकर्षक एवं स्वादिष्ट मिठाइयाँ, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट पैक्स की विशाल रेंज

शुभ नवरात्रि
पवन राना
भाजपा पार्षद
वार्ड नंबर 1, ट्रांजिट कैंप, फुलसुंगा नगर निगम, रुद्रपुर

शुभ नवरात्रि
मुकेश नेगी
प्रोपराइटर
CLOUDSTONE BUILDWELL
Development | Construction | Collaboration | Sale | Purchase
Shop No. 2, 3 Kaladhungi Road, Rampur, Chakalua, Opp. White Brick Factory, Haldwani
Call : 9634327567, 9643077047

सुमित हृदयेश
विधायक, हल्द्वानी

अजय मौर्य
अध्यक्ष
जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर

समस्त क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पूजा पाठ में हमेशा शुद्धतम सामग्री का ही प्रयोग करना चाहिए जिससे हमारे घर की नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जाओं का वास होता है।
श्री Hari Enerprises
समस्त प्रकार की पूजन सामग्री, मूर्तियाँ एवं भगवान जी की पोशाकों के थोक व फुटकर विक्रेता
काशीपुर, ऊधमसिंह नगर पं. सोहित त्रिवेदी Call : 7900223399

बालसुन्दरी परिणय सेवा संस्था (रजि.) काशीपुर (उत्तराखण्ड)
द्वारा आयोजित
31 जरूरतमंद गरीब परिवारों की कन्याओं का
8वाँ सामूहिक विवाह समारोह
150
स्व. बाबूराम जी
पता- जसपुर खुर्द, निकट गैस गोदाम, वार्ड नं0 3, कुण्डेश्वरी रोड, काशीपुर
सम्पर्क करें 9917959696, 9756512333, 9412987336, 9639111137

BISHT Enterprises
"NAYE BHARAT KI RAFTAAR"
आकर्षक कीमत पर उपलब्ध 32,999/-
एक्सचेंज ऑफर
Sale | Service | Parts
0% DOWN PAYMENT
नीमा बिष्ट, मैनेजिंग डायरेक्टर
Sitarganj Road, Near Tharu Vikas Bhawan, Khatima
8979544583, 8171769991
Helpline no. 9760181344

Vasundhara Nursing & Paramedical College
Chandola Homoeopathic Medical College & Hospital
ADMISSIONS/ REGISTRATIONS OPEN 2025-26
THROUGH COUNSELLING
BHMS
Bachelor Of Homeopathic Medicine & Surgery
Eligibility 12th (Biology) NEET Qualified
Courses Offered
B.SC. (NURSING), B.O.T.T.
B.M.L.T., B.M.R.I.T., B.P.T.
B.H.M.S
Add.- Kichha Road Rudrapur (U.S. Nagar) Uttarakhand
www.chandolahomeocollege.com chandola@chandolahomeocollege.com
Contact- 9012795799, 8279844855, 9634545986, 9536114468, 9897107000

शुभ नवरात्रि
एड. देवांग मिश्रा, एड. भास्कर त्यागी, एड. सैयद आसिफ अली, एड. शैलेन्द्र मिश्रा

मीरा युथ डेवलपमेंट फाउंडेशन
मीरा युथडेवलपमेंट फाउंडेशन में मेकअप आर्टिस्ट, फैशन डिजाइनिंग जीडीए (एडवांस जनरल ड्यूटी असिस्टेंट) और कंप्यूटर कोर्स की क्लास 6 अक्टूबर से शुरू होने वाली है।
जो केवल 3 माह का कोर्स है।
रजिस्ट्रेशन फीस केवल 500 रु है।
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें : - 9568457743
पता - शारदा विहार कॉलोनी, निकट जमुना हॉस्पिटल, पीलीभीत रोड, खटीमा

समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सिटी कॉन्वेंट स्कूल
सितारगंज रोड, निकट टोल प्लाजा पहेनियां, खटीमा (उधम सिंह नगर)
विद्यालय की पूर्व छात्रा Naval NCC Cadet अंजू महर के भारतीय सेना में महिला नर्सिंग अधिकारी के पद पर चयनित होने पर शुभकामनाएं!
A.F.M.C. Pune से शिक्षा ग्रहण कर सेना में लेफ्टिनेंट बनेंगी।
प्रवीण उपाध्याय प्रबंधक, सिटी कॉन्वेंट स्कूल

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र... क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**



नैनीताल रोड पर सड़क पर बैठे छात्रों को उठाती पुलिस से हुई खींचातानी।



छात्र का खदेड़ते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



एमबीपीजी कॉलेज में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतार में लगीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# एमबीपीजी छात्र संघ चुनाव में पथराव, पुलिस से हुई झड़प और अराजक भीड़ पर लाठीचार्ज

## फर्जी एडमिट कार्ड निकालने के आरोप में आमने-सामने आए एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव में पुलिस के दावों की हवा निकल गई। फर्जी एडमिट कार्ड को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। तीखी नोकझोंक और गाली-गलौज के बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस स्थिति भांपती, इससे पहले ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज कर सैकड़ों छात्रों को तितर-बितर किया। हालांकि उग्र छात्रों ने पुलिस पर भी हाथ छोड़ने से गुरेज नहीं किया। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लिया है।

एमबीपीजी में मतदान के दौरान फर्जी वोटर/छात्र के नाम पर एक युवक को पकड़ा गया। इसी के बाद मामला गरमा गया। एनएसयूआई के लोगों ने आरोप लगाया कि इसके पीछे एबीवीपीहै। एनएसयूआई के लोग उस स्थान की तलाश में जुट गए, जहां से फर्जी एडमिट कार्ड बनाकर वोटरों को अंदर भेजा जा रहा है। तलाश करती भारी भीड़ दुर्गा सिटी सेंटर में मौजूद एक साइबर कैफे में पहुंच गई। यहां कई लोग एडमिट कार्ड निकलवा रहे थे। आरोप लगा कि इसी सेंटर से फर्जी एडमिट कार्ड निकाले जा रहे हैं, जिसके बाद हंगामा हो गया। लोग सेंटर को बंद कराने की मांग कर लगे और इसी दरमियान एबीवीपी और एनएसयूआई के लोग आमने-सामने गए। गाली-गलौज और मारपीट के दरमियान कुछ लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। जिसके बाद पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। पुलिस ने उग्र हुए लोगों को लठियाते हुए काफी दूर तक ले गई और चेतावनी दी कि कोई अब आगे नहीं आएगा। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

कॉलेज के बाहर रैली निकाल रहे लोगों को रोकने पर पुलिस से झड़प गई। लोग पुलिस से उलझ गए और जब पुलिस ने जबरन उन्हें रोकने का प्रयास किया तो भीड़ मौजूद कुछ लोगों ने पुलिस पर हाथ छोड़ने से भी गुरेज नहीं किया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र का कहना है कि अराजकता किसी पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और इसका उलंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



पथराव के बाद पुलिस ने उपद्रवी छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर पकड़ा।

### पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी ने निर्वाचित उपसचिव को पीटा



**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज शनिवार को उस समय रणभूमि बन गया जब छात्रसंघ चुनाव के निर्विरोध चुने गए उपसचिव मनोज बिष्ट को पूर्व प्रत्याशी संजय जोशी ने पीट दिया। घटना कॉलेज के अंदर तब हुई जब उपसचिव मनोज बिष्ट एनएसयूआई अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल बोरा के लिए वोट मांग रहे थे। मनोज अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल बोरा का प्रचार कर रहे थे। किसी बात को लेकर संजय जोशी से उनकी बहस हो गई और बात मारपीट तक पहुंच गई। मनोज बिष्ट ने बड़ा सवाल उठाते हुए कॉलेज प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने संजय जोशी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। जैसे ही यह खबर छात्रों के बीच फैली बड़ी संख्या में छात्र कोतवाली में जमा हो गए। निर्वाचित पदाधिकारी पर हमला किए जाने की इस घटना ने कॉलेज प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

# न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी का आयोग करेगा जांच

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● **पूर्व में प्रस्तावित न्यायमूर्ति बीएस वर्मा ने असमर्थता जताई थी**

**अमृत विचार:** सरकार ने स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में कथित नकल के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी (हाईकोर्ट नैनीताल) की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है।

21 सितम्बर 2025 को आयोजित परीक्षा के दौरान नकल की शिकायतों के आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के तहत न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने प्रारंभ में यह जिम्मेदारी न्यायमूर्ति बीएस वर्मा (सेवानिवृत्त) को सौंपने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने समयाभाव और निजी कारणों से असमर्थता जताई। इसके बाद सरकार ने न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। जारी आदेश के अनुसार, आयोग को अन्य अधिकारियों व विशेषज्ञों का सहयोग लेने की स्वतंत्रता होगी।

आयोग का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राज्य रहेगा तथा वह विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों, सूचनाओं और तथ्यों का परीक्षण करेगा। इसके अतिरिक्त आयोग, 24 सितम्बर को गठित एसआईटी की आख्या का संज्ञान लेकर आवश्यकतानुसार उसे विधिसम्मत मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।



कोटाबाग में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाते मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

## सिटी ब्रीफ

### सीएम आज नैनीताल में



**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नैनीताल के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी के अनुसार, सीएम सुबह 10:40 बजे अस्थायी हेलीपैड पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार मैदान, बीरभट्टी, नैनीताल पहुंचेंगे। सीएम 11:00 बजे मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पूर्वाह्न 11:45 से 13:05 बजे तक विद्यालय के 'नव-प्रभात सम्मान समारोह' में प्रतिभाग करने के बाद अपराह्न 1:45 बजे हेलीकॉप्टर से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।



### वोट मांगने के लिए पैरों में गिर पड़े प्रत्याशी

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के दौरान कई नजारे देखने को मिले। जिस दौरान कुछ प्रत्याशी वोट मांगने के लिए मतदाताओं के पैरों तक गिर पड़े। छात्रसंघ के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि रक्षित बिष्ट स्वयं को पहाड़ का बेटा बोलते हुए मतदाताओं को उनके पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे थे। जिस दौरान वह मतदाताओं के पैर छू रहे थे। वहीं, एनएसयूआई से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल बोरा के लिए वोट मांग रहे निर्विरोध उपसचिव निर्वाचित हुए मनोज बिष्ट वोट मांगने के लिए छात्र-छात्राओं के पैरों में गिर पड़े। इसी तरह प्रत्याशियों ने कई अजब-गजब तरीकों से मतदाताओं को उनके पक्ष में वोट करने की अपील की।



पुलिसकर्मियों को निर्देश देते एसएसपी पीएन मीणा। ● अमृत विचार



मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतार में लगीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी में अभाविप के अभिषेक विजयी

**145** मतों से अभिषेक गोस्वामी के सिर सजा ताज

**13** 978 में से 3599 ने डाले वोट जो महज 25.75 प्रतिशत रहा

**11.52** प्रतिशत कम मतदान रहा पिछले साल से

**अमृत विचार टीमः** कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी के छात्र संघ अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी)के अभिषेक गोस्वामी ने परचम लहराया है। उन्हें अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनएसयूआई के कमल बोरा को परास्त किया। अभिषेक को 1738 और कमल बोरा को 1593 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर यशवर्धन चिलवाल ने जीत दर्ज की। चिलवाल को 1449 जबकि प्रिया दानू को 1279 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर मनीष चन्द्र 2078 वोट से विजयी रहे। मनीष को 2486 जबकि वंश को 408 मत मिले।

सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ जबकि उसके बाद मतगणना शुरू हुई। 16 में से पहले राउंड में कमल ने 24 वोट से बढ़त ली। कमल को 135, अभिषेक को 111 जबकि निर्दलीय अरशद को 6 वोट मिले। दूसरे राउंड में भी कमल 40 वोट से आगे रहे। यहां कमल को 121 तो अभिषेक को 107 वोट मिले। चौथे राउंड से अभिषेक ने 28 वोटों से बढ़त ली और फिर आगे रहे। पांचवें राउंड में अभिषेक 54, सातवें में 138, 15वें राउंड में अभिषेक 1625 लेकर आगे रहे जबकि कमल बोरा को 1465 वोट मिले।

वहीं, नैनीताल में कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी करन सती ने एबीवीपी के तनिष्क मेहरा को 249 वोटों से हराया। यहां 5301 में से 2704 वोटरों ने मतों का प्रयोग किया। करन को 1466, तनिष्क को 1217 वोट मिले जबकि 7 छात्रों ने नोटा अपनाया। 14 मत अवैध पाए गए। उपसचिव भावेश विश्वकर्मा, छात्र उपाध्यक्ष पर दिनेश चंद्र, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर तनीषा जोशी, उप सचिव पद पर जयवर्धन, कला संकाय पद पर करन कुमार जीते।

सचिव पद पर आयुष आर्य, कोषाध्यक्ष पर शिवेश कुमार, विवि प्रतिनिधि आशीष कबड्डवाल, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि वेदांत पांडे, विधि संकाय प्रतिनिधि यशिका कारगेटी, जैव विज्ञान संकाय प्रतिनिधि अतुल रावत निर्विरोध चुने गए। चुनाव संपन्न कराने में चुनाव अधिकारी प्रो अमित जोशी, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, प्रो. हरीश चंद्र बिष्ट, डॉ. ललित तिवारी आदि का योगदान रहा। महिला डिग्री कॉलेज, हल्द्वानी में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी भावना थापा ने 329 वोट हासिल कर बाजी मारी जबकि एबीवीपी से जुड़ीं विरोधी प्रत्याशी मीनाक्षी पंत को 169 वोट मिले और उन्हें हार का सामना पड़ा। सचिव बनीं प्रियंका डालाकोटी को 240 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद पर खुशी बोरा 143 वोट के साथ विजेता रहीं। विवि प्रतिनिधि पद पर निष्ठा आर्या विजेता रहीं जबकि एकल नामांकन के चलते उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक सचिव, कला संकाय प्रतिनिधि, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि और वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद पर प्रत्याशी पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे।



समर्थकों के साथ जश्न मनाते नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी। ● अमृत विचार

**रामनगर** में छात्र संघ अध्यक्ष चुनाव में निर्दलीय कृष्ण कुमार ने प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी के नितेश शर्मा को 105 वोटों से हराकर बाजी मारी जबकि एनएसयूआई उम्मीदवार की तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। सचिव पद पर भी निर्दलीय मनीष जोशी ने 1040 वोट पाकर जीत दर्ज की। संयुक्त सचिव पद पर निर्दलीय अभिनव लटवाल जीते। उपाध्यक्ष छात्र, उपाध्यक्ष छात्रा समेत अन्य पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए हैं। यहां 1429 छात्र व 2799 छात्राओं ने मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर पंचकोणीय मुकाबले में निर्दलीय कृष्ण कुमार को 980 वोट मिले। नतीजों के बाद विजेता और निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। वहीं, उपाध्यक्ष छात्र पद पर मनोज पांडे, उपाध्यक्ष छात्रा पर खुशी कश्यप, कोषाध्यक्ष सक्रांत सिंह, सांस्कृतिक सचिव कृतिका मैंदोलिया व विवि प्रतिनिधि पद पर रोहित नेगी निर्विरोध चुने गए।

### कोटाबाग में एबीवीपी का परचम लहराया

कालाढूंगी में डिग्री कॉलेज कोटाबाग में एबीवीपी ने परचम लहराया। अध्यक्ष सहित पांच पदों पर एबीवीपी के प्रत्याशियों का निर्विरोध चयन हुआ है। 2006 से कॉलेज में एक बार एनएसआईयू व तीन बार निर्दलीय के बाद एबीवीपी का छात्र संघ पर दबदबा रहा। एबीवीपी अध्यक्ष पद पर दीपक जोशी, उपाध्यक्ष पद पर सचिन बधानी, कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर सुनीता बिष्ट, विवि प्रतिनिधि पद पर विकास जोशी निर्विरोध चुने गए। एबीवीपी प्रत्याशियों ने 8 नामांकन पत्र खरीदे थे। संकाय प्रतिनिधि का नामांकन पत्र जमा नहीं हुआ। सचिव पद के लिए ललित जखवाल का शैक्षणिक अवशेष होने व संयुक्त सचिव के लिए सौरव बुढलाकोटी की आयु अधिक होने पर नामांकन रद्द हो गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. सत्यनंद भगत ने पांच पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। प्राचार्या प्रो. नवीन भगत, डॉ. अंजिल पुनेरा, डॉ. सुनीता बिष्ट, डॉ. आलोक पांडे, डॉ. प्रखर बिष्ट, डॉ. निशा नारंग, डॉ. अर्जुन कुमार मौजूद रहे।



हल्द्वानी महिला डिग्री कॉलेज की विजेता प्रत्याशी। ● अमृत विचार



रामनगर डिग्री कॉलेज में शपथ लेते छात्र संघ पदाधिकारी। ● अमृत विचार



करन सती।



दिनेश चंद्र।



तनीषा जोशी।



आयुष आर्य।



भावेश।

**परिणाम** | एमबीपीजी कॉलेज में पिछले चुनाव की अपेक्षा 11.52 फीसद कम हुआ मतदान

# छात्र संघ चुनाव में गिरा जोश, मात्र 25.75 प्रतिशत मतदान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, जो दोपहर 2 बजे तक चली। इसके 1 घंटे बाद ठीक 3 बजे से मतगणना शुरू की गई। हालांकि कॉलेज प्रशासन और छात्र संगठनों की तैयारियों के बावजूद इस बार चुनाव में मतदान प्रतिशत निराशाजनक रहा। कुल 13,978 छात्र-छात्राओं में से सिर्फ 25.75 प्रतिशत ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कि पिछले चुनाव के मुकाबले 11.52 प्रतिशत कम है। पिछले चुनाव 2023 में 37.27 प्रतिशत मतदान हुआ था। कॉलेज में 5889 छात्रों में से केवल 1773 छात्रों (30.11 प्रतिशत) ने मतदान किया, जबकि 8089 छात्राओं में से 1826 छात्राओं (22.57 प्रतिशत) ने ही वोट डाला। यानी लड़कों की भागीदारी लड़कियों से ज्यादा रही। इस दौरान मतदान व्यवस्था सख्त और पारदर्शी रही। कॉलेज में कुल 16 मतदान बूथ बनाए गए थे। हर बूथ पर दो शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान की निगरानी के लिए सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। मतगणना के लिए सात काउंटर बनाए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो गेटों से छात्रों और छात्राओं को प्रवेश दिया गया। जिसमें बीच वाले गेट से छात्रों और पीछे वाले गेट से छात्राओं को प्रवेश मिला, जबकि मुख्य गेट बंद रखा गया था। मतदान की शुरुआत धीमी रही जबकि अंत में मतदाताओं की बड़ी संख्या देखने को मिली। पूर्वाह्न 11 बजे तक कॉलेज में केवल 15 प्रतिशत मतदान ही हो पाया था।

इधर, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में कुल 1866 छात्राओं में से सिर्फ 506 (27.17 प्रतिशत) ने मतदान किया। दोपहर 1 बजे के बाद कोई भी छात्रा वोट डालने नहीं पहुंची। सुबह 11 बजे तक ही 12 प्रतिशत मतदान हो चुका था।



कालेज में वोट डालने के लिए अपने साईन करती छात्रा। ● अमृत विचार

### स्ट्रीम वाइज मतदान के आंकड़े

- आर्ट्स स्ट्रीम में 8186 में से 2197 विद्यार्थियों ने मतदान किया।
- साइंस स्ट्रीम में 3040 में से केवल 699 ने वोट डाला।
- कॉमर्स स्ट्रीम में 2359 में से 627 छात्रों ने मतदान किया।



### कहां से कौन जीता

- **महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी**
  भावना थापा अध्यक्ष, प्रियंका डालाकोटी सचिव।
- **डीएसबी परिसर नैनीताल**
  करन सती अध्यक्ष, आयुष सचिव।
- **रामनगर महाविद्यालय**
  कृष्ण कुमार अध्यक्ष, मनीष जोशी सचिव।
- **डिग्री कॉलेज कोटाबाग**
  दीपक जोशी अध्यक्ष, सचिन बधानी उपाध्यक्ष।

# नवाबी रोड से युवती का हुआ अपहरण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नवाबी रोड से भोर में कुछ कार सवारों ने एक युवती का अपहरण कर लिया। अपहरण की खबर कुछ ही देर में पूरे इलाके में पहुंच गई। खबर पुलिस तक पहुंची तो एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले, जिसमें कॉलेज के कुछ छात्र सड़क पर पोस्टर फाड़ते नजर आए। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। हालांकि कोई अभी इस मामले की तहरीर लेकर पुलिस तक नहीं पहुंचा।

यह घटना सुबह करीब 4 बजे की है। बताया जाता है कि कुछ लोग सुबह तड़के सैर के लिए निकले थे। इन्हीं में से किसी ने पहले एक कार देखी और फिर इस कार में युवती को ले जाते कुछ युवकों को देखा। इसी के बाद क्षेत्र में खबर फैल गई कि कार सवारों ने एक युवती का अपहरण कर लिया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जब आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो कुछ युवक सड़क पर कॉलेज राजनीति से जुड़े पोस्टर फाड़ते नजर आए। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा का कहना है कि अपहरण की सूचना मिली थी। मौके पर सीसीटीवी भी खंगाले गए हैं।

अमृत विचार

हल्द्वानी, रविवार, 28 सितंबर 2025

नैनीताल

## सिटी ब्रीफ

### स्वच्छता कार्यक्रम शुरू

**रामनगर :** एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर में नगरपालिका के कर्मचारियों, विद्यालय के छात्रों एवं अध्यापकों ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम दो अक्टूबर तक नियमित रूप से जारी रहेगा। विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि एनसीसी प्रभारी चंद्रशेखर मिश्र ने प्रार्थना स्थल से सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, एनसीसी प्रभारी जफर अली, एनएसएस प्रभारी रजनीश आर्या एवं रेडक्रोस प्रभारी लाल चंद मांझी ने किया।

### बदलते कॉर्बेट पुस्तक का हुआ विमोचन

**रामनगर :** कॉर्बेट नेशनल पार्क पर लिखी गई पुस्तक बदलते कॉर्बेट का विमोचन शिमभा प्रोडक्शन के मालिक और फिल्म मेकर सोहम पी शाह ने किया। दर्जनों फिल्मों में डायरेक्टर रहे सोहम शाह ने कहा कि बतौर निर्देशक, लेखक और अभिनेता उन्होंने फिल्म में कॉर्बेट की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ ही उसकी रहस्यमयी और डरावनी छवि को भी पर्दे पर उतारने की कोशिश की। पुस्तक के लेखक आकाश भारद्वाज, डॉ. हरेंद्र बरगली, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने, चंचल गोला मौजूद रहे।

### जीएसटी छूट से जनता को मिलेगा सीधा लाभ

**लालकुआं :** भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, मरीजों की सेवा समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हल्दूचौड़ में आगामी 2 अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि त्योहारों के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा की गई जीएसटी में छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। बताया कि स्टॉक पर भी सकारात्मक असर देखने को मिलेगा।

# रहस्य बनी नैनी झील की सतह में छाई गहरी हरी काई, हैरत में लोग

## करीब एक माह से फैली हुई है यह काई, सुपरवाइजर ने उच्चाधिकारियों को कराया अवगत

- डेढ़ दशक पहले तक इस तरह की काई आती थी नजर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनी झील में इन दिनों गहरे हरे रंग की छाई काई रहस्य बनी हुई है। करीब एक माह से यह काई झील किनारों में फैली हुई है। झील में पहली बार अलग तरह की काई देख स्थानीय लोग आश्चर्यचकित हैं।

नैनी झील में काई का पनपना सामान्य बात है, जो आपस में चिपकी हुई जाल सी फैलती है। उसका रंग भी हरा व काला रहता था। डेढ़ दशक पहले तक इस तरह की काई झील में बड़ी मात्रा में नजर आती थी। झील में एयरेशन से ऑक्सीजन डाले जाने के बाद काई का बनना बंद हो गया और झील का पानी भी साफ और स्वच्छ हो गया। वर्तमान में नैनी झील में करीब 30 स्थानों में पाइप लाइनों के जरिए ऑक्सीजन डाली जाती है। मगर इस बार बन रही काई का रंग और पूर्व की तुलना में बिल्कुल जुदा है, जो गहरे रंग की है और उथली हुई है, जो झील के ऊपरी सतह में फैली हुई हैं। पिछले दिनों झील से जलनिकासी के दौरान बह जाती थी। मगर अब झील से पानी की निकासी बंद कर दी गई है तो झील किनारों में भारी मात्रा में नजर आ रही है।



नैनी झील में वर्तमान में नजर आ रही काई। ● अमृत विचार

शनिवार को जिसने भी काई देखी तो आश्चर्यचकित रह गया। झील की ऊपरी सतह की सफाई की देखरेख करने वाले नगर पालिका परिषद के सुपरवाइजर अनिल कटियार का कहना है कि वह कई दिनों से अजीब तरह की काई देख रहे हैं क्योंकि उनका जिम्मा झील में आए कूड़ा कचरा निकाले जाने का है पर झील की भीतरी सफाई की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। उन्होंने झील में छाई काई के बारे ने पालिका के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

### काई के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

**नैनीताल :** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के झील की स्वच्छता की देख रेख करने वाले आनंद सिंह कोरंगा का कहना है कि संभवत: झील से लगे नालों में जमी काई बहकर झील में आई है मगर यह निरंतर नजर आ रही है जिसे लेकर विभाग गंभीर है। काई के नमूने लेकर जांच के लिए लैब में भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद काई की उत्पत्ति के संदर्भ में सही जानकारी मिल पाएगी। बहरहाल झील की स्वच्छता को लेकर निरंतर एयरेशन (ऑक्सीजन) जारी है।

# एनसीसी कैडेट्स और युवाओं ने ब्रह्मस्थली मंदिर तक की ट्रैकिंग





विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी कैडेट्स व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

- विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिला पर्यटन विभाग नैनीताल की ओर से टूरिज्म एंड सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारतीय शहीद सैनिक राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल के एनसीसी कैडेट्स और युवाओं को टांकी बैंड से पंगोट स्थित ब्रह्मस्थली मंदिर तक ट्रैकिंग कराई गई। कार्यक्रम में 80 से अधिक कैडेट्स और युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान नेचर गाइड नरेश रावत ने प्रतिभागियों को प्रकृति संरक्षण और ट्रैकिंग की महत्ता से अवगत कराया। वहीं, बर्ड वॉचर पुरन जोशी ने नैना देवी बर्ड सेंचुरी में पाए जाने वाले विभिन्न पक्षियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

प्रतिभागियों को ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए नरेश रावत ने बताया कि ब्रह्मस्थली मंदिर की स्थापना 12वीं शताब्दी में हुई थी। यह मंदिर नागर शैली की अनूठी स्थापत्य कला का उदाहरण है। मंदिर में मौजूद स्थानीय जानकारों ने बताया कि ब्रह्मस्थली को बाधान बू बू के नाम से भी जाना जाता है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन विभाग की ओर से ट्रैकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष टांकी बैंड से ब्रह्मस्थली मंदिर तक ट्रैकिंग कराई गई। इस अवसर पर अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी कमल सिंह मेहरा, दीपक मर्तोलिया, शैलू साह, एडीपीआरओ असलम, नरेश रावत, पूरन जोशी मा

### धूमधाम के साथ मनाई जाएगी गांधी जयंती

**नैनीताल :** डीएम कार्यालय सभागार नैनीताल में शनिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में आगामी 2 अक्तूबर गांधी जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। एडीएम ने बताया कि गांधी जयंती पर जिले के सभी विद्यालयों, राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से प्रभात फेरी का आयोजन सुबह 6:30 से 7:30 बजे तक किया जाएगा।

# दुग्ध उत्पादन में क्षेत्रीय लोगों की अब बढ़ रही रुचि: बिष्ट

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के पंचायत भवन में दुग्ध बोनस वितरण का कार्यक्रम किया गया। एक वर्ष भर 6 समितियों में मूल्य का दूध 89.28 लाख खरीदा गया। जिसमें 6 समितियों के दुग्ध उत्पादकों के खातों में बोनस की 5.11 लाख धनराशि वितरित की गई। कार्यक्रम में सभी समितियों के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालकों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ.हरीश सिंह बिष्ट के द्वारा कहा कि एक तरफ जहां ग्रामीण पशुपालन से दूरी बना रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र के लोगों में दुग्ध उत्पादन में रुचि बढ़ रही है। हमारे लोग जो पलायन कर रहे हैं, उनको सरकार द्वारा सहायता देकर पलायन से रोका जा सकता हैं।



जंगलिया गांव के पंचायत भवन में दुग्ध उत्पादक को चेक देते अतिथि व अन्य।

महिलाएं भी अपने परिवार की आर्थिकी मजबूत करने के साथ जैविक खाद्य से जैविक कृषि का भी कार्य कर रही हैं। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि क्षेत्र में दुग्ध समिति बनाने का प्रस्ताव है, इसमें डेरी भवन का निर्माण किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल ने क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन के प्रयासों की सराहना की। दुग्ध संघ द्वारा पशुपालक दयानंद को 15 हजार की आर्थिक सहायता का चेक दिया। अध्यक्षता संचालक हेमा पडियार ने की। इससे पूर्व ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन सुभाष बाबू व प्रेम सिंह कुल्याल द्वारा संयुक्त किया।

### मोटर फुंकने से पेयजल संकट गहराया

**भीमताल :** भीमताल के मल्लीताल क्षेत्र में जल संस्थान की ब्लॉक परिसर की मोटर फुंकने से ब्लॉक रोड व गोरखपुर क्षेत्र बाजार क्षेत्र में पानी का संकट उत्पन्न हो गया। प्रभावित उपभोक्ताओं ने बताया कि दो दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। जल संस्थान के पंप लगातार खराब हो रहे हैं। बताया कि वर्तमान में जल स्रोत भी लगभग सूखे हुए हैं। जिस कारण लोगों को पानी के लिए भटकना होता है। जिला मंत्री भाजपा मनोज भट्ट ने बताया कि लोगों की समस्या को देखते हुए विभागीय अधिकारियों से अतिरिक्त मोटर की व्यवस्था की मांग की जाएगी। इस संबंध में जल संस्थान के अवर अभियंता हर्षित कुमार ने बताया कि मोटर को हल्द्वानी से मंगा लिया गया है। पुरानी मोटर जो पंप में लगी है, उसको निकाल कर मोटर को लगाने का कार्य किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



विद्यालय बड़ौन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षकाएं।

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ब्लॉक ओखलकांडा के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन में विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए स्वच्छता अभियान में विद्यालय प्रांगण की सफाई, आसपास के उगी घास की सफाई की गई। वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष कुंवर सिंह चुलगांई, उमा जोशी, मिथिलेश सिंह, कमल कुमार, प्रियंका सिंह, रघुवर सिंह चुलगांई, पुष्कर सिंह मेहता, ज्योत, भावना मौजूद रहे।

त्रिस्कंन्ध ज्योतिष परिषद गंगोत्री व सेमनागराजा के ज्योतिर्विद सिद्धि साधक ज्योतिष

ज्योतिर्विज्ञान के प्रत्यक्ष चमत्कार का लाभ उठायें। सर्व प्रथम अपनी शुद्ध जन्मपत्रिका बनवा कर जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों शारीरिक सुख, शिक्षा, राजयोग, व्यवसाय, अन्य योग, विवाह, दाम्पत्य सुख, सन्तान सुख, यश प्राप्ति, राजनीतीक सफलता, अर्थिक स्थिति एवं शरीर को लगने वाले असाध्य रोगों की जानकारी प्राप्त जा सकती है। हस्तरेखा, मस्तिस्क रेखा, जन्मपात्रिक चिन्ह देखकर जीवन का पूरा हाल बताया जा सकता है। नज़र दोष, वास्तुदोष, कालसर्प दोष, राजयोग में विलम्बता, मन विचलन एवं विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान वैदिक मंत्र, रक्षोग्रहा अनुष्ठान से किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य विनोद कुमार भट्ट

कुंवर कॉलोनी, पीलीकोठी रोड, हलद्वानी (नैनीताल) | सम्पर्क नं. 9870776344

रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली

कैंसर की संपूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

200 BED का Cancer अस्पताल अब आपके शहर में

रेडियोथेरेपी के लिए वेरियन ट्रूबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर)

High Definition MLC, SRS, SBRT, IMRT, IGRT, Rapid ARC, RGSC, VMAT, 3D CRT, 6D Couch, 3 Energy Phototherapy, 5 Energy Electron Therapy

- बरेली का एकमात्र PET CT
- पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, • रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, • डे केयर कीमो थेरेपी, • इम्यूनोथेरेपी • कैंसर आईसीयू, • फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री • मैमोग्राफी, • कैंसर के रोकथाम की ओपीडी, • टर्मिनल कैंसर मरीजों की देखभाल • इण्टरवेशनल रेडियोलॉजी

- प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
- मुख्यमंत्री राहत कोष योजना द्वारा फ्री में इलाज की सुविधा

Academic Programmes
M.D. Radiation Oncology (4 Seats)
Diploma in Radiotherapy Technician (30 Seats)

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस, नजदीक सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली उ.प्र. 243006
हैल्पलाइनः 7891235003, पैट सीटी बुकिंग के लिए +91 9811187117, आपातकालीन 9258116087

www.rohilkhandcancerinstitute.com Follow us on : /rohilkhand cancer institute

# अधिवेशन में समिति का पूर्ण ब्यौरा रखा



बैठक में मौजूद पालिका अध्यक्ष, समिति सचिव व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति भवाली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत एक दिवसीय सामान्य वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया।

इसमें अपर समिती प्रशासक सुरेश लोहनी ने समिति का पूण ब्यौरा रखा। इससे पूर्व 2016 में यह अधिवेशन आयोजित किया गया था। अधिवेशन का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष पंकज आर्य ने किया। भूमियाधार की ग्राम प्रधान मीनाक्षी टमटा भी मौजूद रहीं। इस अवसर पूर्व समिति अध्यक्ष नारायण सिंह मेहता, नवीन क्वीरा, समिति सचिव दीप्ती भगवाल, लवेन्द क्वीरा, मनोज तिवारी, मनोज पांडे व रमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### जिला जज हरीश कुमार गोयल के पिता का निधन

**नैनीताल :** जिला जज हरीश कुमार गोयल के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता फतेह चंद गोयल का शनिवार सुबह गाजियाबाद में 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। फतेह चंद गोयल लंबे समय तक गाजियाबाद में अधिवक्ता रहे और लगभग 54 वर्षों तक सक्रिय रूप से वकालत करते रहे। शनिवार सुबह गाजियाबाद में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रुवाली, उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, बहादुर पाल आदि ने शोक जताया है।



फतेह चंद गोयल।

# कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर जमकर झूमे महिलाएं व बच्चे

- पुष्कर सोसायटी व कॉर्बेट वुमन क्लब की ओर से डांडिया नाइट आयोजित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पुष्कर सोसायटी और कॉर्बेट वुमन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डांडिया नाइट में महिलाओं, बच्चों युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संयोजन अनुभा शर्मा ने किया, जोकि शाम 5 बजे से रात्रि बजे तक चला और पूरे शहर को उत्सव के रंग में रंग गया। लोग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर जमकर थिरके और माहौल को खुशनुमा बना दिया।

देर रात तक महिलाएं डांडिया नृत्य में मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. रीना सिंगल, मंजू नेगी और लवजीत कौर संधू रहीं, जबकि निर्णायक मंडल में मोनिका सिंह (बरेली) और राकेश "रॉक्सी" (खटीमा) शामिल रहे। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट और आरती ने किया। सोसायटी की संयोजक पूनम गुप्ता ने बताया कि उद्देश्य महिलाओं व बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलिल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, नेहा सिंघल, हेमा जोशी, भावना कांडपाल सहित कई लोगों का योगदान रहा। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब रामनगर, भारत विकास परिषद आदि का सहयोग रहा।



डांडिया नाइट कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**बयान** | दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट ने कुछ लोगों पर लगाया युवाओं को भटकाने का आरोप

# युवाओं के सपनों से नहीं होगा खिलवाड़ : भट्ट

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्नातक स्तरीय परीक्षा नकल प्रकरण की जांच स्पेशल टास्क फोर्स बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से कर रही है।



सुरेश भट्ट।

अब तक सेक्टर मजिस्ट्रेट, असिस्टेंट प्रोफेसर और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को निलंबित किया जा चुका है। इस घटनाक्रम को अंजाम देने वाले नकल जिहादी खालिद और साबिया की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट के रिटायर न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आगे बढ़ रही है। भट्ट ने कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर नकल माफियाओं को बख्शेगी नहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने न केवल सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है, बल्कि अब तक के कार्यकाल में सबसे अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। पिछले 9 मुख्यमंत्रियों के शासनकाल में जहां 11,528 युवाओं को नौकरी मिली, वहीं केवल 4 साल में धामी सरकार ने 26,025 बेरोजगार युवाओं को सरकारी पदों पर नियुक्ति दी है। इसके अलावा इस साल 10,000 से अधिक पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी होने वाली है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व आंदोलन की आड़ में देवभूमि की फिजा बिगाड़ने और युवाओं को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे किसी के हाथों का मोहरा बनने से खुद को बचाएं।

### विपक्ष को नहीं पच रही सीएम की लोकप्रियता

**भवाली :** स्थानीय विधायक सरिता आर्या भवाली पहुंची। उन्होंने पत्रकार वार्ता में पेपर लीक व नकल प्रकरण पर पर कहा कि युवा व छात्र किसी प्रकार के बहकावे में ना आएं। पेपर लीक नहीं हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कड़े से कड़े कदम उठाए हैं। एसआईटी का गठन किया गया है कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। सरकार को युवाओं के भविष्य की ज्यादा चिंता है। उनके हित में ही निर्णय लिए जाएंगे। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करना चाहते हैं। उनकी लोकप्रियता विपक्ष को पच नहीं रही है। महिला मोर्चे की उपाध्यक्षा प्रगति जैन ने कहा कि पूर्व की सरकारो में तो स्कूल के पेपर लीक हो जाते थे। वर्तमान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त नकल विरोधी कानून से रोक तो लगी है।



पत्रकारों से वार्ता करतीं विधायक सरिता आर्या।



शहीद भगत सिंह को याद करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### शहीद भगत सिंह के विचारों को आगे बढ़ाएं

**रामनगर, अमृत विचार :** शहीद ए आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती की पूर्व संध्या के मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों की माध्यम से याद किया गया। ममता बोरा, मानसी कारगेतु, सुमन आर्या, आदित्य बोरा की टीम ने द्वारा मेरा रंग दे बसंती चोला और सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है गीत प्रस्तुत किया। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा कि भगत सिंह मात्र 18 वर्ष की उम्र में 1925 में लाहौर में गठित नौजवान भारत सभा की महासचिव बने और 23 मार्च 1931 को करीब 2 साल जेल में गुजारने के बाद अपने साथियों के साथ फांसी के फंदे पर चढ़ गए। आज वक्त की जरूरत है कि हम भगत सिंह की विचारों को आगे बढ़ाएं। विज्ञान प्रवक्ता सीपी खाती के दिशा निर्देशन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में जूनियर कक्षा के बच्चों ने भगत सिंह का चित्र बनाया, जबकि सीनियर कक्षा के बच्चों ने उनके विचारों से संबंधित पोस्टर का निर्माण किया। राज फुलारा, प्रियांशु, पलक, खुशी शर्मा, खुशी बोरा, निशा, दिव्यांशी रावत, तमन्ना, दीक्षा बिष्ट ने भगत सिंह के पत्रों, लेख अछूत समस्या, विद्यार्थी और राजनीति आदि का वाचन किया। इस मौके पर मनोज जोशी, हरीश कुमार, संत सिंह, शैलेन्द्र भट्ट, दिनेश निखुरपा, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सिटी ब्रीफ**

### तहसील में कल होगा धरना-प्रदर्शन

**लालकुआं :** काररोड बिंदुखत्ता में संपन्न अखिल भारतीय किसान महासभा बिंदुखत्ता इकाई की बैठक में 29 सितंबर को बागजाला में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के समर्थन में तहसील लालकुआं में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। किसान नेता किशन बघरी ने कहा कि बागजाला से लेकर बिंदुखत्ता तक जनता मालिकाना अधिकार और राजस्व गांव की मांग उठा रही है, लेकिन राज्य सरकार लोगों को आश्वासन के नाम पर टरकाने में लगी है। बैठक में डॉ. कैलाश पांडेय, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, नैन सिंह कोरंगा, चंदन राम, गोविंद जीना, विमला रौथाण, निर्मला शाही, कमल जोशी, हरीश भंडारी, किशन जग्गी, राजन सिंह बोरा, श्याम सिंह बिष्ट, बिशन दत्त जोशी, वीर भद्र भंडारी, त्रिलोक राम, आनंद दानू आदि शामिल रहे।

### योजनाओं का लाभ उठाने को किया प्रेरित

**नैनीताल :** नगर पालिका परिषद नैनीताल में रेहड़ी, पटरी एवं हॉकर्स के लिए पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने वेंडर्स व बैंक प्रतिनिधियों के बीच संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने वेंडर्स को सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर चंदन भंडारी ने भारत सरकार की आठ अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और वेंडर्स से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सीएमओएम सीमा पांडेय, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सुडा कार्यालय से सोनू तिवारी एवं सीमा कुंवर उपस्थित रहीं।

### 21 को दीपावली मनाने का लिया निर्णय

**हल्द्वानी :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच 21 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने का निर्णय लिया है। शनिवार को हीरा नगर स्थित मंच कार्यालय में कार्यकारिणी ने विद्वानों के साथ बैठक की। इसमें दीपावली के पर्व की तिथि के लिए रामदत्त जोशी का पंचांग, श्री गणेश मार्कण्ड पंचांग, दिव्य पंचांग को देखने के बाद तिथि तय की गई। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व 21 अक्टूबर को मनाएंगे। इस दौरान डॉ. कैलाश भट्ट, उमेश पांडेय, ललित कांडपाल, मंच संरक्षक हुकम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, सचिव देवेंद्र तोलिया, त्रिलोक बनौली, संदीप भैंसोड़ा, धरम सिंह बिष्ट, ऋतिक आर्या, कमल किशोर मौजूद थे।

# फर्जी बिलों पर मंगाया तंबाकू उत्पाद पकड़ा

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग ने सिगरेट, तंबाकू उत्पाद बेचने वाले कारोबारियों के छापेमारी की। टीम ने लाखों रुपये का स्टॉक बिना बिल और फर्जी बिलों के आधार पर पकड़ा गया माल पकड़ा। टीम ने जुर्माना के सात लाख रुपये जमा कराया है।

एसआईबी टीम की उपायुक्त हेमलता शुक्ला ने बताया कि मंगल पड़ाव स्थित एक फर्म लंबे समय से ढंग से जीएसटी का भुगतान नहीं कर रही थी। साथ ही टेस्ट परचेज और जीएसटी पोर्टल पर अपडेट बिलों से सत्यापन किया तो गड़बड़ी मिली। जांच में पता चला कि ऐसा स्टॉक भी मिला जिसका बिल नहीं था। टीम ने शनिवार को मंगल पड़ाव लाइन नंबर-1 स्थित फर्म पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि फर्म ने बिना बिल और बिना जीएसटी के तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट इत्यादि की मात्रा में मोटी बिक्री की जा रही थी। टीम को मौके पर 9 लाख से अधिक का स्टॉक प्राप्त हुआ। इस पर फर्म से 7 लाख का टैक्स मौके पर जमा कराया। फर्म से प्राप्त स्टॉक और प्रपत्रों से मिलान कर अभी भी जांच जारी है। बताया कि उक्त फर्म जो कि कर अपवंचन में लिप्त है, इसके विरुद्ध जांच जारी रहेगी। साथ ही बिना बिल और फर्जी बिलों के आधार पर मंगाया जा रहा तंबाकू उत्पाद की सूचनाएं भी एकत्रित की जा रही हैं। इस दौरान सहायक आयुक्त दीपक कुमार एवं सूरज सिंह, एसटीओ राम टम्टा, आशीष अग्रवाल शामिल रहे।

## मुस्लिम भी निभा रहे किरदार, अनवर निभा रहे केवट का अभिनय, गुरु वरिष्ठ की भूमिका में नासिर

# वर्षों से रामलीला के मंच से बह रही सौहार्द की बयार

**संवाददाता, नैनीताल**


नैनीताल में रामलीला मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार


केवट का किरदार निभाने वाले अनवर।

**अमृत विचार:** नैनीताल में अनवर कई वर्षों से केवट बनकर श्रीराम की नैया पार लगा रहे हैं तो नासिर बीस वर्ष से गुरु विशिष्ठ बनकर श्रीराम और लखन को शस्त्र विद्या का ज्ञान दे रहे हैं। जावेद के बिना ताड़का वध और नारद मोह का मंचन अधूरा सा ही लगता है। दरअसल, नैनीताल में होने वाली राम लीलाओं में मुस्लिम समाज के लोग वर्षों से इसी तरह अपना योगदान दे रहे हैं। पात्रों के मेकअप से लेकर रामलीला में अभिनय तक में इनकी बड़ी भूमिका रहती हैं।

शास्त्रों के अनुसार रामराज्य में जात पात का भेदभव नहीं था, इसलिए नैनीताल की रामलीलाओं में भी जाति धर्म को किनारे रख हर वर्ग से लोग अपना योगदान वर्षों से देते आ रहे हैं। नैनीताल में कई मुस्लिम समुदाय के लोग राजगुरु, पुरोहित, मारीच, केवट से लेकर कई दूसरे किरदारों को मंच पर उतारते रहे हैं। सूखाताल की रामलीला में नासिर अली बीते 20 वर्षों से मारीच, गुरु वशिष्ठ के पात्रों का अभिनय करते हैं। नासिर का कहना है कि रामलीला में जाति धर्म का कोई स्थान नहीं है। अनवर रजा और जावेद राम कार्य में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। अनवर रजा तो हर साल केवट और मुनि का अभिनय करते हैं। पिछले 40 वर्ष से मुस्लिम समुदाय के सईब अहमद रामलीला में राम, सीता, रावण और अन्य सभी पात्रों का मेकअप कर रहे हैं। उनके परिवार के कई लोग रामलीला में अभियन और मेकअप भी करते हैं। सईब का मानना है कि इस तरह के त्योहार धर्म और समुदाय से जोड़ते हैं। हर साल खुद रामलीला कमेटी उन्हें प्रेम से आमंत्रित करती है।

### पं. गोविंद बल्लभ पंत रहे समिति के अध्यक्ष

नैनीताल की रामलीला को भी 129 साल पूरे हो चुके हैं। 129 साल पहले नैनीताल के तल्लीताल में रामलीला की शुरुआत पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने की थी। पंडित गोविंद बल्लभ पंत इस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भी रहे थे। तब से लेकर आज तक तल्लीताल में रामलीला का दौर जारी है। नैनीताल में शेर का डांडा, मल्लीताल, सूखाताल में भी रामलीला का मंचन किया जाता है।

# राम वनवास का देख दर्शकों की आंखें नम

## काठगोदाम में दशरथ दरबार, मंथरा-कैकेयी संवाद आदि लीलाओं का हुआ मंचन

**संवाददाता, हल्द्वानी**


काठगोदाम में रामलीला मंचन करते कलाकार।


प्रेस वार्ता करते रामलीला कमेटी शीशमहल के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम में चल रही रामलीला मंचन के चौथे दिन दशरथ दरबार, मंथरा-कैकेयी संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद और राम वनवास का हृदय विदारक मंचन किया गया।

मंचन की शुरुआत में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि व्यवसायी रोबिन जैन, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन बिष्ट, पूर्व पार्षद नवीन पांडे, और दिवेश तिवारी ने भगवान राम का पूजन व आरती कर दीप प्रज्वलित किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संदीप राणा ने बताया कि आज की लीला में सबसे पहले दशरथ दरबार में राम के राज्याभिषेक की चर्चा सुनकर उनकी सौतेली मां कैकेयी की दासी मंथरा परेशान हो जाती है। मंथरा रानी कैकेयी के पास जाकर उसे उकसाती है और राजा दशरथ से दो वर मांगने पर राजी करती है, जिनमें राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को राज्याभिषेक शामिल था। कैकेयी और मंथरा के संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रानी कैकेयी कोप भवन में चली जाती हैं और राजा दशरथ से अपने दो वर मांगती हैं। पिता राजा दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए, राम, लक्ष्मण और सीता वनवास के लिए निकल पड़ते हैं। यह दृश्य देखकर राजा दशरथ का विलाप इतना मार्मिक था कि दर्शक भी अपनी आंखों से आंसू रोक नहीं पाए। इस मंचन के साथ चौथे दिन की लीला संपन्न हुई। इस अवसर पर संदीप राणा, संतोष राणा, प्रमोद जोशी, मोहन बिष्ट, महेश राणा, बहादुर सिंह बिष्ट और विवेक बिष्ट सहित आदि मौजूद रहे।

### पंचायत घर की रामलीला में हुआ सीता हरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आदर्श ग्रामीण श्री रामलीला समिति पंचायतघर देवलचौड़ की ओर से श्री रामलीला मंचन के पंचम दिन राम लक्ष्मण- शूर्पणखा संवाद, नासिका छेदन, खर-दूषण वध, रावण के द्वारा सीताजी का हरण आदि दृश्यों का मंचन हुआ। शूर्पणखा नवीन जोशी, राम -सिद्धार्थ सुयाल, लक्ष्मण के पात्र में निखिल ने शानदार अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दीवान सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, सचिव आनंद सिंह पड़ियार, कोषाध्यक्ष सोमदत्त जोशी, उपसचिव गोपाल सिंह बिष्ट, उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुल्याल, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह नेगी एवं संस्थापक एवं संरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह रहे।


पंचायत घर रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### जीवंत हुआ सीता हरण और राम विवाह

**हल्द्वानी :** प्राचीन श्री रामलीला मैदान में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण लीलाओं का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को भक्ति और उत्साह से भर दिया। दिन में सीता हरण और जटायु उद्धार की मार्मिक लीला का मंचन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। रात्रि लीला में राधारानी रामलीला मंडल बरसाना के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। मंडल ने पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और अंत में श्री राम विवाह की लीला का सुंदर मंचन किया। कलाकारों के अभिनय और मनमोहक दृश्यों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रामलीला के मंचन में कई प्रमुख व्यक्तियों व सामाजिक संगठनों ने सहयोग दिया।

### आज से शीशमहल की रामलीला शुरू

**हल्द्वानी :** युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति (रामलीला कमेटी शीशमहल) की ओर से शनिवार को रामलीला मंचन को लेकर प्रेस वार्ता हुई। इसमें मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चन्द्र तिवारी ने बताया 55 वर्षों से रामलीला हो रही है। इस बार मंचन 28 सितंबर से शुरू होगी। इस वर्ष 50 फिट के रावण वंश के पुतले दहन आकर्षण का केंद्र होंगे।

# बसानी गांव में डिजिटल क्रांति का हुआ आगाज


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत और साथ में मौजूद बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक संजय प्रसाद। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा से देशभर में 14,180 स्थलों पर भारत की पहली स्वदेशी 4जी सेवाओं का शुभारंभ किया। हरिद्वार और नैनीताल के गांव बसानी ने भी इस डिजिटल क्रांति में भागीदारी दर्ज की।

गांव बसानी में आयोजित उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी और शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं तक पहुंच को और आसान बनाएगी। बसानी जैसे गांवों में इस सेवा के शुरू होने से स्थानीय समुदाय में उत्साह का माहौल है, और यह परियोजना भारत को आत्मनिर्भर और डिजिटल रूप से विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बीएसएनएल बिजनेस एरिया, नैनीताल के प्रधान महाप्रबंधक संजय प्रसाद (आईटीएस) ने बताया कि पूरे उत्तराखंड में 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत लगभग 467 टावरों की स्वीकृति दी गई थी। इनमें से कुमाऊं क्षेत्र में 245 टावरों की स्वीकृति थी। इन 245 टावरों में से 231 टावर चालू होकर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं तथा शेष 6 टावरों पर कार्य तेजी से चल रहा है, जो शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा। इस अवसर पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बोरा, जिपं. सदस्य छवि कांडपाल बोरा, ग्राम प्रधान दीपा आर्या, डीजीएम बीएसएनएल श्रीराम गौड, एजीएम राजेश मुरारी, एलएम तिवारी रामपाल गंगवार, डीई जीएस कार्की धीरेन्द्र गर्ब्याल, पार्षद धीरज पांडे, प्रताप नगरकोटी, सुरेश उप्रेती, बंटी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. तितियाल ने संभाला प्राचार्य का कार्यभार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को डॉ. गोविंद सिंह तितियाल ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया है। वह हल्द्वानी के साथ-साथ रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य का कार्यभार भी संभालेंगे।

पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. तितियाल ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की चिकित्सकीय, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बताया।

शासन के आदेशानुसार डॉ. अरुण जोशी ने जनरल मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर के रूप में पदभार ग्रहण किया। संकाय सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. जोशी के मार्गदर्शन और लंबे चिकित्सकीय अनुभव से कॉलेज और रोगियों दोनों को लाभ मिलेगा। यह जानकारी सहायक जनसंपर्क अधिकरी आलोक उप्रेती ने दी है।

### फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शनिवार को ईदगाह के समीप सिंधी चौराहे तक फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को हटाया।

फुटपाथ पर अवैध ढंग से रखे गए सामानों को जब्त भी किया गया। इसके अलावा बाजार में जिन ठेले वालों के पास नगर निगम का वेंडिंग कार्ड नहीं था, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण एवं अवैध रूप से लगाए जाने वाले ठेलों पर कार्रवाई गतिमान रहेगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा लगातार बाजार क्षेत्र में अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है।

### जिला स्तरीय खो-खो खिलाड़ियों का चयन हुआ

**भीमताल, अमृत विचार :** ब्लॉक लेवल भीमताल की खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम भीमताल एलपी जीआईसी भीमताल के तत्वाचधान में आयोजित हुई। इसमें अंडर 19 बालक, बालिका, अंडर 17 बालक, बालिका, अंडर 14 बालक बालिका के मैच खेले गए। मुख्य अतिथि प्राचार्य एलपी जीआईसी भीमताल रहे। इस दौरान जिला स्तरीय खो-खो खिलाड़ियों का चयन किया गया। समन्वयक अजय कुमार ने बताया कि अंडर-19 बालक वर्ग में ज्योलिकोट के भवेश कुमार, शिवम कुमार, भीमताल के दीपक, तनु, प्रदीप, विपुल जीना, मृदुल किशोर, राहुल पांडे, जसवंत बरगली और आयु वर्ग 17 में पीयूष शर्मा, गौरव राठौर, श्रीनिवास कुमार, हिमांशु रौतेला, अमन सिजवाली, भीमताल के विपिन धनु, पुष्कर नाथ, भास्कर सिंह, योगेश शर्मा का चयन हुआ।

### आयुक्त रावत ने खिलाड़ियों को दिए फुटबॉल शूज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को स्पोर्ट्स छात्रावास में फुटबॉल खिलाड़ियों को शूज वितरित किए। यह शूज मंगला ट्यूब कंपनी के सहयोग से दिए गए हैं। आयुक्त रावत ने कहा कि खिलाड़ियों को समाज और संस्थाओं से निरंतर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने से उनके प्रदर्शन में सुधार होता है, उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रोत्साहन, प्रेरणा और समर्थन ऐसे शक्तिशाली स्रोत हैं, जो खिलाड़ियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान कंपनी ऑनर सचिन मंगला, एसडीएम मनीष बिष्ट रहे।

# विभागीय कार्यवाही राजनीतिक शिकायत पर नहीं होनी चाहिए

**विधि संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक वन अधिकारी के स्थानांतरण और रुद्रप्रयाग जिले से सम्बद्धीकरण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सरकार को सलाह देते हुए कहा है कि ऐसी कार्रवाइयां राजनेताओं की शिकायतों से प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने बुधवार को नंदप्रयाग (चमोली) के रेंज अधिकारी हेमंत बिष्ट द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह गंभीर टिप्पणी की। आदेश की प्रति शनिवार को मिली है। याचिकाकर्ता ने 12 सितंबर को रुद्रप्रयाग में अपने स्थानांतरण और संबद्धीकरण आदेश को कलंकपूर्ण और मनमाना बताते हुए चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान वन सचिव सी. रविशंकर अदालत में वर्चुअल पेश हुए।

उन्होंने कहा कि हेमंत बिष्ट के खिलाफ कार्रवाई आगामी नंदा देवी यात्रा से संबंधित कार्यों में खामियों के कारण की गयी जबकि पूर्व ग्राम प्रधान की शिकायत महज आकस्मिक थी। अदालत ने आदेश में चेतावनी दी कि अगर विभागीय कार्रवाई राजनीतिक शिकायतों के कारण हुई तो कार्यालय खाली रहेंगे व अधिकारी समय राजनीतिक वर्ग के दरवाज़े पर बितायेंगे।

वन सचिव ने स्वीकार किया कि ऐसी स्थिति वांछनीय या स्वागत योग्य नहीं है और अदालत को आश्वासन दिया कि मामले की समीक्षा की जाएगी और एक रिपोर्ट पेश की जाएगी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिजय नेगी और स्निग्धा तिवारी ने तर्क दिया कि अधिकारी को अपना पक्ष रखने का मौका दिए बिना ही दंडित किया गया तथा निहित स्वार्थ वाले लोग अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं।

याचिका में कहा गया है कि इस वर्ष 27 अगस्त को जारी जांच आदेश और उसके बाद जारी किया गया संबद्धीकरण का आदेश उनके पेशेवर रिकॉर्ड पर कलंक है। जांच समिति ने इस तरह से संबद्धीकरण की सिफारिश करने से पहले किसी भी स्तर पर याचिकाकर्ता के पक्ष को जानने की जहमत नहीं उठाई।




# सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी : डीएम

## पोर्टल को अधिकारी प्रतिदिन देखें और शिकायतों को समय पर निस्तारित किया जाए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए समय पर निस्तारण करें। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल को अधिकारी प्रतिदिन देखें व प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित करें। ताकि वह एल-2 पर न जाए।

शनिवार को समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के निस्तारण के बाद अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता भी करें। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उरेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 28 सितंबर अवकाश के दिन भी कार्यालय खोलकर सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करें। सभी उप जिलाधिकारियों व निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारण करें।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### डीएम ने किया सर्वे कानूनगो अशरफ अली को निलंबित

रुद्रपुर, अमृत विचार : डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने कथित रूप से कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोपी सर्वे कानूनगो अशरफ अली को शनिवार को निलंबित कर दिया है। उन्हें जिला मुख्यालय में सहायक अभिलेख अधिकारी के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। आरोप है कि बीती 23 सितंबर को आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने तहसील हल्द्वानी के निरीक्षण में पाया कि सर्वे कानूनगो (सम्बद्ध राजस्व निरीक्षक तहसील हल्द्वानी) द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। अपने शासकीय कार्यों का सम्पादन अपने निजी आवास से किया जा रहा है। पत्रावलियों को अनावश्यक रुप से घर पर रखा गया है। धारा 143 के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का भी समय पर निस्तारण नहीं किया जा रहा है। बिना सर्वे के ही पत्रावलियों को तैयार किया जा रहा है। इसके बाद आरोपी को अपने मूल तैनाती जिले ऊधमसिंह नगर भेजकर जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने डीएम ऊधमसिंह नगर से सर्वे कानूनगो को सस्पेंड करने की सिफारिश की थी।

# वार्ड-38 आवास विकास में नाला निर्माण कार्य शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

- महापौर शर्मा ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

**अमृत विचार :** वार्ड नंबर 38 आवास विकास दशमेशनगर रोड के दोनों ओर नैनीताल हाईवे से होली चौक तक नाला निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने महापौर शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना ही नगर निगम की प्राथमिकता है। साथ ही रुद्रपुर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में भी लगातार काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि दशमेश नगर मार्ग पर नाला निर्माण न होने से वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। अब नाले का निर्माण होने से लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। नैनीताल हाईवे चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। जल्द ही काशीपुर बाईपास मार्ग समेत शहर की अन्य प्रमुख सड़कों का भी चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसके सर्वे की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस मौके पर पार्षद राजेश जग्गा, राजेश कामरा, मानस जायसवाल, मोर सिंह, विजय तोमर, राधेश शर्मा, मानवेंद्र सिंह, नरेश उप्रेती, अगम अग्रवाल, विश्वनाथ शर्मा, आशा मुंजाल, प्रेमलता सिंह, मोहित चड्ढा, हरजीत राठी, जेके शर्मा, राजेश अरोरा आदि शामिल रहे।



आवास विकास में नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ करते महापौर विकास शर्मा।

# कप्तान की फोटो लगाकर निकाली वैकेंसी

संवाददाता, रुद्रपुर

- फेसबुक आईडी पर लिखा था विशाल
- नौकरी दिलाने की आड़ में धोखाधड़ी की कोशिश

**अमृत विचार:** साइबर ठग साइबर क्राइम को अंजाम देने के लिए नये-नये फंडे अपना रहे हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि फ्रॉड करने के लिए किसकी फोटो लगानी चाहिए। ऐसा ही एक वाक्या शनिवार को देखने को मिला। जहां एक ठग ने जिले के कप्तान की फोटो फेसबुक पर लगाई और फिर नौकरी की वैकेंसी खोल डाली। जब इसकी भनक एक जिम्मेदार व्यक्ति ने देखी तो उसने अपनी फेसबुक आईडी पर पोस्ट कर सावधान रहने की अपील कर डाली और कप्तान का मामला सामने आते ही पुलिस भी सक्रिय हो गई और अभियुक्त की तलाश तेज कर दी है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो गई। फेसबुक आईडी डीपी पर जिले के एसएसपी मणिकांत मिश्रा की फोटो लगी थी और नीचे नाम विशाल कोली और मोबाइल नंबर अंकित था। साथ ही लिखा था कि नौकरी पाने का सुनहरा मौका। इच्छुक युवक दिए गए व्हाट्सअप नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जब किसी युवक ने पोस्ट डाली तो चर्चा है कि अज्ञात ठग ने पैसों की भी डिमांड की, लेकिन जब यही पोस्ट एक जागरूक युवक ने पढ़ी तो फर्जीवाड़े को समझ गया। मामला सार्वजनिक हुआ तो प्रकरण का संज्ञान खुद एसएसपी ने ले लिया और कप्तान के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। उधर, एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि प्रकरण की जांच को सर्विलांस टीम के अलावा साइबर टीम का सहयोग लिया जा रहा है। जल्द ही जांच के बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी भी की जाएगी। साथ ही आह्वान किया कि किसी भी बड़े अधिकारी की फोटोयुक्त आईडी के आधार पर ठगी हो रही है। सावधानी व सजगता ही ठगी को रोक सकती है।

# गर्भवती की मौत के बाद अस्पताल का चालान

संवाददाता, सितारगंज

- जांच में उजागर हुईं अस्पताल में अव्यवस्थाएं, पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति

**अमृत विचार:** नगर की स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही और नियमों की अनदेखी का बड़ा मामला सामने आया है। 24 वर्षीय गर्भवती काजल कौर पत्नी मंजीत सिंह को 21 जुलाई 2025 की रात प्रसव पीड़ा के कारण उप-जिला चिकित्सालय सितारगंज में भर्ती कराया गया था। डॉ. नेहा सिद्दीकी द्वारा मरीज का परीक्षण किया गया। लेकिन अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की भारी कमी थी।

मरीज को रात साढ़े आठ बजे भर्ती करने के बाद लगभग पांच घंटे तक अस्पताल में रोके रखा गया और अंततः देर रात 1:40 बजे आस्था मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल सितारगंज रेफर कर दिया गया। गंभीर आरोप है कि सरकारी सेवा में रहते हुए भी डॉ. नेहा सिद्दीकी स्वयं निजी अस्पताल पहुंचीं और वहीं मरीज का ऑपरेशन किया। जबकि जांच में सामने आया कि निजी अस्पताल में न तो गायनोकोलॉजिस्ट व बाल रोग विशेषज्ञ थे और न ही आवश्यक सुविधाएं, बल्कि पंजीकरणहीन पैरामेडिकल स्टाफ मरीजों का इलाज कर रहा था। हालत बिगड़ने पर अगले ही दिन मरीज को फिर से रेफर कर दिया गया और 12 दिन तक संघर्ष करने के बाद देहरादून के जॉलीग्रांट अस्पताल में काजल की मौत हो गई। मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें गुमराह कर पहले नार्मल डिलीवरी की बात कही गई और बाद में अचानक निजी अस्पताल भेज दिया गया। वहीं, जांच समिति की रिपोर्ट ने भी अस्पताल की अव्यवस्था, नियमों की अनदेखी और सरकारी डॉक्टर द्वारा निजी अस्पताल में ऑपरेशन करने की पुष्टि की है। समिति ने आस्था अस्पताल का नैदानिक पंजीकरण निरस्त करने और 75 हजार रुपये का चालान करने की संस्तुति की है। साथ ही सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव को तत्काल ओटी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।


**कार्यालय नगर निगम, अल्मोड़ा**

पत्रांक : 1139/30-1/नि०नि०/2025-2026/ **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 27 सितम्बर, 2025

इच्छुक निविदादाताओं/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अल्मोड़ा क्षेत्रान्तर्गत बंदरों को पकड़कर निगम क्षेत्र से बाहर सुदूर घने जंगलो में छोड़े जाने हेतु टू-बिड प्रणाली (तकनीकी व वित्तीय) के माध्यम से संचालन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 29-09-2025 से उपलब्ध होगी।

| | |
|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा जारी होने की तिथि | दिनांक 29-09-2025 अपराह्न 01:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | 1180.00 (एक हजार एक सौ अस्सी रू०) |
| वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 13-10-2025 अपराह्न 01:00 बजे |
| निविदा दस्तावेजों की मूल प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13-10-2025 अपराह्न 02:00 बजे |
| वेबसाईट पर निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 13-10-2025 अपराह्न 03:00 बजे |
| निविदा को खोले जाने का स्थान व पत्राचार का पता | नगर निगम, अल्मोड़ा कार्यालय |

नगर आयुक्त, नगर निगम, अल्मोड़ा — महापौर, नगर निगम, अल्मोड़ा




सुल्तानपुर पट्टी में नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी गठित

सुल्तानपुर पट्टी : नगर पंचायत कार्यालय में देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ की जिला एवं नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष अजय सौदा (बन्नु) और नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी का बाल्मीकि समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। नई कार्यकारिणी में अशोक बाल्मीकि को जिलाध्यक्ष और पियूष अग्रवाल को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह नगर स्तर की कार्यकारिणी भी गठित की गई। इसमें शानू को नगर अध्यक्ष, मोहित को उपाध्यक्ष, अरुण बाल्मीकि को महामंत्री, मनोज बाल्मीकि को उपसचिव, सुनील बाल्मीकि को संगठन मंत्री और हिमांशु को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। घोषणा के बाद मौजूद समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया।



स्वास्थ्य परीक्षण कराते चेयरमैन राजीव कुमार सैनी। ● अमृत विचार

### 25 नगर पंचायत कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

सुल्तानपुर पट्टी : सेवा पखवाड़े के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पंचायत कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों की शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन और अन्य सामान्य जांच की गई। 25 कर्मचारियों ने इस स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। चिकित्सकों ने कर्मचारियों को संतुलित आहार, व्यायाम और नियमित जांच की महत्ता के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने कहा कि नगर की स्वच्छता में सबसे बड़ी भूमिका हमारे कर्मचारी निभाते हैं। उनका स्वस्थ रहना जरूरी है। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी गीता चौधरी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. खालिद यूनुस लोन, डॉ. सत्यपाल सिंह, डॉ. राधेश्याम प्रजापति आदि मौजूद रहा।


WORLD RABIES DAY SEPTEMBER 28 | ACT NOW: YOU, ME COMMUNITY

रेबीज, जानलेवा हो सकता है, बचाव में ही समझदारी है।

सतर्क एवं सावधान रहें

- रेबीज एक वायरल रोग है, जो आमतौर पर जानवरों के काटने से फैलता है।
- रेबीज का वायरस व्यक्ति के शरीर में कुत्ता, बिल्ली, बंदर, नेवला आदि जानवरों के काटने से प्रवेश करता है।
- रैबीज के लक्षण देरी से दिखने शुरू होते है, परन्तु समय से उपचार मिलने से पूर्णतः बचाव संभव है।

क्या करें, क्या न करें

1. किसी भी पशु के काटने या नोचने पर जख्म को भली-भांति साबुन व पानी से धोएं एवं तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें।
2. चिकित्सक की सलाह के अनुसार रैबीज रोग का पूर्ण टीकाकारण करवाएं।
3. यदि घर में कुत्ता या बिल्ली या अन्य पालतू जानवर हैं तो उसे नियमित रूप से रैबीज के टीके लगवाते रहें।
4. किसी भी घायल पशु का स्वयं उपचार न करें, तुरंत स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी को इसकी सूचना दें।
5. बच्चों को आवारा पशुओं से उचित दूरी बनायें रखने हेतु प्रेरित करें।

जनपद के सभी राजकीय चिकित्सालयों में रेबीज का टीका व उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।

स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी / शिकायत हेतु हेल्पलाईन नं० 104 पर या अधिक जानकारी हेतु निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल कार्यक्रम-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उधम सिंह नगर द्वारा जनहित में जानकारी

जिला कार्यक्रम अधिकारी एन०आर०सी०पी० उधम सिंह नगर | मुख्य चिकित्सा अधिकारी उधम सिंह नगर | जिलाधिकारी महोदय उधम सिंह नगर

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर**

संख्या :- एन०एच०एम०/एन०आर०सी०पी०/2025-26/3253 दिनांक : 23-09-2025


# शिविरों में 21466 लोगों ने लिया स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** स्वस्थ नारी सशक्त भारत स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के तहत जनपद में 197 बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें 21466 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लिया।

शनिवार को जनपद में आयोजित शिविरों में हाइपरटेंशन के 9032, मधुमेह के 9077, सर्वाइकल कैंसर के 71, ब्रेस्ट कैंसर के 2531 और ओरल कैंसर के 5887 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई। ई-रक्तकोष के लिए 347 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही 34 रक्त दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कैंपों में 1895 गर्भवती महिलाओं ने एएनसी चेकअप कराया। 2153 किशोरियों की माहवारी स्वच्छता संबंधी काउंसिलिंग की गई। 199 बच्चों की पोषण संबंधी काउंसिलिंग की गई। 267 लाभार्थियों को एमसीपी कार्ड वितरित किए गए। 3323 लोगों की टीबी की जांच की गई और 135 निक्षय मित्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया। 198 लाभार्थियों के आभा आई-डी कार्ड बनाए गए। शिविरों में कुल 11226 लोगों को जनस्वास्थ्य की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल ने सीएचसी गदरपुर में आयोजित पखवाड़े का निरीक्षण करते हुए सभी को निर्देशित किया।



गदरपुर में शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक अरविंद पांडे।

### गदरपुर में 1123 लोगों को किया लाभांवित

रुद्रपुर : सेवा पखवाड़े के तहत बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में किया गया। इसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.हरेंद्र मलिक ने संयुक्त रूप से किया। इसमें सभी विभाग के ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम से संबंधित स्टालों को लगाया गया। साथ ही जनता को अपनी योजनाओं से लाभांवित किया। शिविर मे 1123 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। शिविर में 16 लोगों को विकलांग सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। 88 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच एवं 178 लाभार्थियों का टीवी परीक्षण किया गया। साथ ही 135 लोगों की आंखों की जांच भी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई।


भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



रुद्रपुर में मतदान के लिए लाइन में खड़े छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



डिग्री कॉलेज नामांकन केंद्र का निरीक्षण करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

# काशीपुर के राधेहरि में निर्दलीय जतिन विजयी

संवाददाता, काशीपुर

● छुटपुट झड़पों के बाद राधेहरि में 33.86 प्रतिशत हुआ मतदान

**अमृत विचार:** राधेहरि डिग्री कॉलेज का छात्रसंघ चुनाव छुटपुट घटनाओं के बाद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। पूरे चुनाव में करीब 33.86 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी जतिन ने भारी मतों से एबीवीपी के प्रत्याशी रिंकू बिष्ट को हरा दिया। प्राचार्य डॉ. सुमिता श्रीवास्तव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई।

महाविद्यालय में शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। इस दौरान 2230 छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देर शाम करीब आठ बजे विजेताओं की घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी जतिन शर्मा विजयी रहे। वहीं उपाध्यक्ष पर अक्षय रस्तोगी, सचिव पद पर सतनाम सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर गरिमा सिंह, विज्ञान संकाय पद पर अनिकेत, विवि प्रतिनिधि पद पर पायल थापा विजयी रही। वहीं छात्रा उपाध्यक्ष में अनीषा, जबकि संयुक्त सचिव में मुकुल मौर्य निर्विरोध निर्वाचित हुए।

उधर, दोपहर दो बजे तक 3774 मतदाताओं के सापेक्ष 2230 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद मतगणना शुरू की गई। हालांकि इस दौरान कुछ छिटपुट झड़प भी हुई। लेकिन पुलिस ने तत्परता रहते उसे सुलझा लिया। मतदान से कुछ देर पहले पहुंची कुछ छात्राओं ने आरोप लगाया कि उनके पास कॉलेज से जारी हुए आई कार्ड थे। लेकिन उनमें हस्ताक्षर नहीं थे। जब वह वोट डालने पहुंचे तो उन्हें यह कहकर रोक दिया कि वह फीस स्लीप लेकर आएं।

### बाहर निकलो फिर बताता हूं..

**काशीपुर :** छात्रसंघ चुनाव में वोट डालने आया एक वोटर मुख्य गेट के पास मौजूद प्रोफेसरों के पास आया। उसका कहना था कि उसके पास फीस रसीद है, लेकिन आई कार्ड में हस्ताक्षर नहीं हैं, प्रोफेसर तुरंत उसमें हस्ताक्षर करें। इसपर प्रोफेसर ने मना कर दिया। जिससे गुस्साए छात्र ने प्रोफेसर को कॉलेज गेट के बाहर मिलने की धमकी दी। कुछ देर बाद वही छात्र फिर वोट डालने के लिये अंदर आया और प्रोफेसर से हस्ताक्षर करने की जिद करने लगा। जब प्रोफेसर ने आई कार्ड में हस्ताक्षर करने से मना कर दिया तो उसने सभी प्रोफेसरों से गाली गलौज की और गेट के बाहर चला गया।

### वोट डालने के लिए लाए कार से, वोट के बाद बेगाना छोड़ा

**काशीपुर :** राजनीति चाहे बड़े स्तर पर हो या छोटे स्तर पर लेकिन पिसना वोटरों को ही पड़ता है। छात्रसंघ चुनाव में इसका नजारा साफ देखने को मिला। जिन छात्राओं को कारों में भरकर वोट डालने के लिये लाया गया। बाद में उन्हीं को घर जाने के लिये ई-रिक्शाओं का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान एक छात्रा ने कहा कि वोट डालने के लिए घर से ले गए, वोट डालते ही भूल गए।

### समाजसेवी की गाड़ी में की तोड़फोड़

**काशीपुर :** छात्रसंघ चुनाव के दौरान देर शाम किसी ने एक समाजसेवी की गाड़ी पर हमला कर दिया। जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया। लोगों ने कॉलेज गेट के बाहर प्रदर्शन शुरु कर दिया। हंगामा होते देख पुलिस ने तत्परता दिखाई।



काशीपुर में वोटरों की एंट्री को लेकर भिड़ते प्रत्याशी के समर्थक। ● अमृत विचार

# छात्रसंघ चुनाव: एसबीएस में रजत बिष्ट बने अध्यक्ष

## रुद्रपुर कॉलेज में 8389 के सापेक्ष मात्र 3100 छात्र-छात्राओं ने किया मतदान, छात्र संख्या को देखते हुए 14 बूथ बनाए गए थे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसबीएस महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में करीब 41 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव अध्यक्ष पद समेत 11 पदों के लिए वोटिंग हुई। अध्यक्ष पद पर निर्दलीय रजत बिष्ट ने जीत दर्ज की। 10 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। सुबह 12 बजे तक करीब 33 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान 3100 छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

एसबीएस महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या 8389 हैं। इसमें छात्रों की संख्या 2933 है, जबकि छात्राओं की संख्या 5416 है। कॉलेज में छात्र संख्या को देखते हुए 14 बूथ बनाए गये थे। इसमें कक्षा संख्या एक को बूथ बनाया गया है। कक्षा संख्या दो, तीन, पांच, आठ, 11, 12, फिजिक्स लैब, कक्ष संख्या 13, 14, बीएड का कमरा नंबर दो, कमरा नंबर पांच और कमरा नंबर छह को बूथ बनाया गया था। मतदान के लिए सुबह से महाविद्यालय में छात्रों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हो गया था जो दोपहर 2 बजे तक चला।

सुबह 12 बजे तक 33 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि 2 बजे तक 41 प्रतिशत ही मतदान हुआ। हालांकि छात्र संख्या के हिसाब से मतदान 3100 छात्र-छात्राओं ने ही किया। इसका मुख्य कारण छात्र-छात्राओं का प्रवेश लेने के बाद परिचय पत्र नहीं बनाना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.एएन सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में मतदान 50 फीसदी से कम हुआ है। इसका कारण यह रहा कि 50 फीसदी छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में प्रवेश तो ले लिया, लेकिन परिचय पत्र नहीं बनाया।

**परिचय पत्र नहीं लाने पर कई छात्र-छात्राओं को लौटाया:** महाविद्यालय में मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं की मुख्य गेट पर परिचय पत्र चेक किये गये। इसके बाद ही छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए महाविद्यालय परिसर में भेजा गया। जिन छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय पत्र नहीं दिखाया उन्हें वापस लौटा दिया गया।

**प्रत्याशी बोले-रिझाने के लिए कुछ भी करेंगे:** महाविद्यालय में मतदान के दौरान अध्यक्ष, सचिव सहित 11 पदों पर चुनाव लड़ रहे हर प्रत्याशी ने वोटरों को रिझाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कई प्रत्याशी ऐसे थे कि चिलचिलाती धूप में जमीन पर बैठ हाथ जोड़कर वोट देने की गुहार लगा रहे थे। पूछने पर प्रत्याशियों का कहना था कि मतदाताओं को रिझाने के लिए कुछ भी करना पड़े वह हर प्रयास करेंगे।



गश खाकर गिरी छात्रा को उठाकर ले जाती छात्राएं। ● अमृत विचार

### भीड़ में जब गश खाकर गिरने लगीं छात्राएं

**रुद्रपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में जब मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो विद्यार्थियों को आई कार्ड की आवश्यकता पड़ने लगी। हैरानी की बात यह है कि डिग्री कॉलेज प्रशासन ने मुख्य द्वार पर महज एक ही आईडी कार्ड वितरण काउंटर बना रखा था। लेकिन मतदाताओं की भीड़ इतनी थी कि स्थिति बेकाबू हो गई और धक्का-मुक्की के अलावा चिलचिलाती धूप परेशानी का सबब बनी। जिसका परिणाम यह हुआ कि दो छात्राएं गश खाकर नीचे गिर गई। जिसे देखकर महाविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में छात्राओं को उठाकर प्राथमिकी उपचार दिया गया। शनिवार की सुबह जब मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो छात्र-छात्राओं का हुजूम आई कार्ड वितरण काउंटर पर उमड़ पड़ा। दोपहर 12 बजते ही चिलचिलाती धूप व भीड़ की धक्का मुक्की शुरू होने लगी। इस बीच बीएससी द्वितीय की छात्रा कहकशां के अलावा बीए की छात्रा गुंजन भी गश खाकर नीचे गिर गई। इसके अलावा कई छात्र-छात्राओं की हालत बिगड़ी। जिसे देख वहां तैनात कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में छात्राओं को ठंडे स्थान पर ले जाया गया और प्राथमिकी उपचार के बाद छात्राओं को होश आया। इस दौरान कई छात्र नेताओं ने अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उधर, प्राचार्य डॉ. एएन सिंह ने बताया कि आई कार्ड वितरण काउंटर दो दिन पहले से ही संचालित है, लेकिन विद्यार्थी नहीं आए। अचानक मतदान प्रक्रिया के दौरान छात्रों की भीड़ उमड पड़ी और छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यवस्था को तत्काल सुधार दिया गया है।

### छावनी में तब्दील हुआ एसबीएस महाविद्यालय

**रुद्रपुर :** छात्रसंघ चुनाव को लेकर 24 सितंबर को नैनीताल रामपुर हाईवे पर हुई गोलीबारी की वारदात के बाद मतदान प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन बेहद ही सख्त दिखा और डिग्री कॉलेज को छावनी में तब्दील कर दिया। यही नहीं एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी भी स्थिति का जायजा लेते रहे। यही कारण है कि जिस छात्र संघ चुनाव के नामांकन में गोलियां तड़तड़ा रही थीं। वहीं मतदान बेहद शांतिपूर्वक ढंग से हुआ। शनिवार की सुबह होते ही सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया। गेट के बाहर दंगा नियंत्रण वाहन फोर्स के अलावा परिसर के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात हो गया। सुबह 10 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई। वहीं पुलिस ने 200 मीटर का दायरा बनाते हुए समर्थक हो या फिर छात्र सभी को दायरे से बाहर रहने का आदेश दिया। शुरुआती दौर में पुलिस ने लाठियां फटकार समर्थकों की भीड़ को तितर बितर किया। सुबह 11 बजे एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सीओ सदर प्रशांत कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ डिग्री कॉलेज का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसएसपी ने आदेशित किया कि प्रवेश द्वार में मेटल डिटेक्टर के माध्यम से प्रत्येक मतदाता की जांच की जाए और संदिग्ध होने पर तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ हो। कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन बेहद अलर्ट रहा। यही कारण है कि गोलीबारी की सरेराह घटना के बाद पुलिस प्रशासन का सख्त रवैया रहा।

### फर्जी-फालतू मतदाताओं को पुलिस ने भगाया

**रुद्रपुर :** छात्रसंघ चुनाव में जैसे ही नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। वैसे ही पुलिस और कॉलेज प्रशासन का उड़न दस्ता भी सक्रिय हो गया। जिसके चलते कई ऐसे युवकों को फटकार कर भगा दिया गया। जो कॉलेज का मतदाता नहीं होने के बाद भी चुनाव में अपनी सक्रियता दिखाने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान चेकिंग के दौरान कई युवकों को फर्जी मतदान की कोशिश करने पर भी पकड़ लिया गया। वहीं हुड़दंग काट रहे एक युवक की घेराबंदी कर पुलिस ने हिरासत में लिया और कोतवाली ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी।

### खटीमा के छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी का लहराया परचम



रोहित जोशी, अध्यक्ष



घनश्याम सिंह राणा

**खटीमा :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के रोहित जोशी ने जीत हासिल की है। महाविद्यालय में 3944 मतदाताओं में 1850 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर रोहित जोशी (969) ने अपने प्रतिद्वंद्वी हिमांशु भट्ट (820) को 149 मतों से हराकर जीत हासिल की। वहीं उपाध्यक्ष पद पर घनश्याम सिंह राणा (898) ने दानिश सिद्दीकी (766) को 132 मतों से हराकर जीत हासिल की। वहीं छात्रा उपाध्यक्षा पद पर सिमरन राणा (917) ने निशिका (720) को 197 मतों से, सचिव पद पर हिमांशु पासवान (884) ने पवन कुमार (778) को 106 मतों से और संयुक्त सचिव पद पर खुशी नेगी (1045) ने अथर्व कुमार कश्यप (636) को 409 हराकर जीत हासिल की। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के करन सिंह बिष्ट और विश्व विद्यालय प्रतिनिधि के पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सचिन सिंह सामंत पहले ही निर्विरोध जीत हासिल कर चुके हैं। प्राचार्य पंकज कुमार पांडे और मुख्य चुनाव अधिकारी आशुतोष कुमार ने परिणामों की घोषणा की।

# चंद्रावती में रिया बनीं निर्विरोध अध्यक्ष, आकांक्षा चुनीं सचिव



रिया, अध्यक्ष।



रीना कौर, उपाध्यक्ष।



आकांक्षा चतुर्वेदी, सचिव।



कृतिका बाली, संयुक्त सचिव।



महिमा रानी, कोषाध्यक्ष।

संवाददाता, काशीपुर

● चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निर्विरोध चुने गए छात्रसंघ पदाधिकारी

**अमृत विचार:** चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-2026 के लिए छात्र संघ चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया है। सभी पदों पर केवल एक-एक उम्मीदवार होने के कारण समस्त पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने बताया कि शनिवार को चुनाव में एमए तृतीय सेमेस्टर, अर्थशास्त्र की रिया अध्यक्ष, बीए पंचम सेमेस्टर की रीना कौर उपाध्यक्ष, बीए पंचम सेमेस्टर की आकांक्षा चतुर्वेदी सचिव, बीए प्रथम सेमेस्टर की कृतिका बाली संयुक्त सचिव, बीए प्रथम सेमेस्टर की महिमा रानी कोषाध्यक्ष, बीकॉम पंचम सेमेस्टर की उन्नति जादौन वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि व एमए प्रथम सेमेस्टर, चित्रकला की साक्षी तिवारी विश्वविद्यालय प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। चुनाव के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने नवनिर्वाचित छात्र संघ को शपथ ग्रहण कराई और उनका अभिनंदन किया।

# गदरपुर कॉलेज में सौम्या हुईं अध्यक्ष निर्वाचित

संवाददाता, गदरपुर

● संयुक्त सचिव पद पर मोहित, सचिव पद पर सजना चुने गये

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय के छात्र संघ के हुए चुनाव में सौम्या अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित की गयीं उसने अपनी प्रतिद्वंद्वी साजिया को 24 मतों से पराजित किया। जबकि संयुक्त सचिव पद से मोहित व सचिव पद से सजना विजयी हुईं।



सौम्या, अध्यक्ष।

छात्रसंघ चुनाव में 325 में से 261 छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद मतगणना प्रारम्भ हुई जिसमें अध्यक्ष पद में सौम्या विजयी घोषित की गयी। सौम्या को 145 मत तथा साजिया को 121 मत प्राप्त हुए। सौम्या 21 मतों से विजयी हुई। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए मोहित को 144 मत मिले जबकि सोएव को 112 मत मिले। मोहित 32 मतों से विजय घोषित किये गये। सचिव पद के लिए सजना को 143 मत मिले जबकि फिजा को 110 मत मिले 33 मतों से सजना विजयी घोषित हुई। जबकि उपाध्यक्ष पद पर कुमारी पूजा, कोषाध्यक्ष पद पर मो. फहद व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि कु. काजल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी हैं।

# किच्छा में एनएसयूआई के तारिफ जीते

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई से जुड़े तारिफ ने मात्र 11 वोटो से अपने प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी के अंकित को हराकर जीत दर्ज कर ली।



अध्यक्ष तारिफ।

नगर के किच्छा बाईपास स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्रथम बार छात्र संघ का चुनाव संपन्न हुआ। महाविद्यालय के मुख्य गेट पर अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशी अंकित और तारिफ हाथ जोड़कर छात्र मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते दिखाई दिए। महाविद्यालय के कुल 332 संस्थागत छात्र-छात्राओं में से 281 छात्रों ने अपने मत का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। मतदान के बाद करीब 3 बजे छात्र संघ चुनाव अधिकारी डॉ नरेश कुमार के दिशा निर्देशन में मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। चुनाव अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अंकित कुमार को 134 वोट तथा तारिफ को 145 वोट प्राप्त हुए हैं और 11 वोटो से तारिफ ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। चुनाव का नतीजा घोषित होते ही नवनिर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष तारिफ के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। चुनाव में एक मात्र प्रत्याशी होने के चलते उपाध्यक्ष पद पर अम्मान रजा, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर स्नेहा, सचिव अमन, संयुक्त सचिव नेहा, कोषाध्यक्ष तान्या, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रीति, संकाय प्रतिनिधि अंजलि का निर्विरोध निर्वाचित हो गया। प्राचार्य डॉ. राजीव रतन एवं चुनाव प्रभारी डॉ. नरेश कुमार ने संयुक्त रूप से निर्वाचित 8 पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



किच्छा में निर्वाचित छात्रों को शपथ ग्रहण कराते प्राचार्य एवं चुनाव अधिकारी।

**चुनाव**

**आमने-सामने के मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी की निकिता को 454 मतों से पराजित किया, वोट प्रतिशत 54 .51 प्रतिशत रहा**

# बाजपुर में एनएसयूआई के महेंद्र सिंह बोरा के सिर सजा अध्यक्ष का ताज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई के महेंद्र सिंह बोरा के सिर अध्यक्ष का ताज सजा। आमने-सामने के मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी की निकिता को 454 मतों से पराजित किया। कुल 1486 मतदाताओं में से 810 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट प्रतिशत 54.51 प्रतिशत रहा। विजयी प्रत्याशियों को महाविद्यालय की प्राचार्य डा.वीके सिंह द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शनिवार को महाविद्यालय में 10 में से तीन पदों के लिए शनिवार की सुबह 10 बजे से कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई प्रत्याशी महेंद्र सिंह बोरा (620) ने अपने प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी की निकिता (166) को 454 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया, जबकि इस पद पर दो वोटरों ने नोटा का प्रयोग किया और 22 मत अवैध पाए गए। उपाध्यक्ष (छात्र) पद पर प्रियांशु (489) ने लोकेश चौहान (276) को 213 मतों के अंतर से हराया। दो वोटरों ने नोटा का इस्तेमाल किया, जबकि 43 मत अवैध पाए गए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर बलविंदर सिंह (462) ने निकटतम प्रतिद्वंछी गुनगुन (261) को 201 मतों से पराजित किया। एक वोटर ने नोटा के सामने मोहर लगाई, जबकि 53 मत निरस्त निकले। वहीं एक-एक प्रत्याशी होने के चलते राहुल को सचिव, उपासना चौबे को उपाध्यक्ष (छात्रा), सोमन कश्यप को संयुक्त सचिव, पीयूष को विश्विविद्यालय, प्रत्यक्ष शर्मा को वाणिज्य संकाय, खुशी दिवाकर को विज्ञान संकाय एवं दिशा को कला संकाय प्रतिनिधि के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी डा.अनिल कुमार सैनी द्वारा परिणामों की घोषणा करते हुए विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।



बाजपुर महाविद्यालय में विजयी प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र देते प्राचार्य डॉ .वीके सिंह।

### विजयी प्रत्याशियों को पुलिस ने घर तक छोड़ा

**बाजपुर :** मतगणना के उपरांत शपथ ग्रहण करके विजयी प्रत्याशी जैसे ही चुनाव कंट्रोल रूम से बाहर निकले पुलिस प्रशासन ने उन्हें सुरक्षा घेरे में ले लिया और सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रत्याशियों को अपने वाहनों से उनके घर छोड़ा गया। वहीं उत्साहित समर्थकों ने महाविद्यालय गेट से बाइकों से चेस्टकार्ड हवा में उड़ाए ।



अध्यक्ष-महेंद्र सिंह बोरा।



उपाध्यक्ष-प्रियांशु प्राप्त मत।



कोषाध्यक्ष-बलविंदर सिंह।



उपाध्यक्ष-उपासना चौबे।



सचिव-राहुल (निर्विरोध)।



संयुक्त सचिव-सोनम।



विवि प्रतिनिधि-पीयूष।



विज्ञान संकाय-खुशी दिवाकर।



कला संकाय-दिशा।



वाणिज्य संकाय-प्रत्यक्ष शर्मा।



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिसौना में विजयी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सितारगंज में गौरव सिंह फर्त्याल बने निर्विरोध अध्यक्ष

**सितारगंज :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिसौना सितारगंज में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर गौरव सिंह फर्त्याल निर्विरोध चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर कुसुम आर्या ने बाजी मारी, जबकि उपाध्यक्ष (छात्रा) पद पर मनीषा कुमारी विजयी रहीं। सचिव पद की जिम्मेदारी मनोज को मिली, वहीं संयुक्त सचिव पद पर चरनजीत सिंह निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर हुए कड़े मुकाबले में अजीत कुमार यादव ने जीत दर्ज कर अपनी जगह पक्की की। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर मुकेश कुमार विजयी हुए, जबकि संकाय प्रतिनिधि (विज्ञान) का पद नेहा राणा ने अपने नाम किया। इसके अलावा कार्यकारिणी में मनोनीत पदों पर स्नातक कला संकाय से नंदिनी हालदार, विज्ञान से शीला कुमारी, वाणिज्य से ज्योति वर्मा, स्नातकोत्तर से साबिया, क्रीड़ा चैम्पियन अजय कुमार और सांस्कृतिक सचिव के रूप में सौरभ भट्ट को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा के बाद छात्रों ने ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ अपने नेताओं का जोरदार स्वागत किया।

**सिटी ब्रीफ**

### तोड़े गए अतिक्रमण का मलबा उठाने के लिए पुलिस तैनात

**नानकमता :** नगर में अतिक्रमण कर किए गए निर्माण को जिला पंचायत अधिकारियों ने तोड़ दिया था। टेंडर होने के बाद ठेकेदार जब मलबा उठाने पहुंचा तो विरोध के चलते पुलिस को तैनात करना पड़ा। नगर के मुख्य चौराहे पर नगर निवासी बलवीर सक्सेना द्वारा जिला पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर दस दुकानों का निर्माण कर लिया था। लेकिन विगत माह जिला पंचायत ने सभी दुकानों पर बुलडोजर चलाकर धराशायी कर दिया था। मलबा उठाने के लिए टेंडर प्रक्रिया में खलील अहमद को बोली में 31 हजार रुपये में ठेका दे दिया। आज जब ठेकेदार मलबा उठाने आया तो विरोध के चलते स्थानीय पुलिस को मौके पर तैनात होना पड़ा। इस मौके पर जिला पंचायत अभियंता मोहन सिंह, राजस्व निरीक्षक मंगल सिंह, एसआई हरीश कुमार आदि शामिल रहे।

### बच्चे के घायल होने के मामले में बाइक चालक पर केस

**काशीपुर :** बाइक चालक द्वारा 10 वर्षीय बच्चे को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में मां की तहरीर पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। हेमपुर इस्माइल हिम्मतपुर निवासी रेनू ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 20 सितंबर 2025 की शाम लगभग 6 बजे उसका 10 वर्षीय पुत्र दुर्गेश कुमार को हेमपुर इस्माइल निवासी एक युवक ने अपनी बाइक को लापरवाही व तेज गति से चलाते हुए उसके पुत्र को टक्कर मार दी। घटना में उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

# दिनेशपुर में दुर्गा पूजा महोत्सव से पहले शोभायात्रा निकाली

## आज षष्ठी पूजा के साथ होगा विधिवत दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू, शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया, मां के जयकारे गूंजे

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार:** शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव से पहले महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में बाजे गाजे और से मां दुर्गा की सुंदर झांकी के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

शनिवार को दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत दुर्गा पूजा स्थायी कमेटी के तत्वावधान में महिलाएं व पुरुष श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में एकत्र हुईं। जहां से शोभायात्रा में सबसे आगे रथ पर सवार मां दुर्गा की झांकी, उसके पीछे श्री एस्कान मंदिर व श्री हरि मंदिर की झांकी एवं बंगाल की कीर्तन मंडली के साथ श्रद्धालु मां के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में विधायक अरविंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, स्थाई कमेटी अध्यक्ष सरोज मंडल, महासचिव काजल राय, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, कमेटी पूर्व अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, आप नेता सुभाष व्यापारी, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अशोक कालड़ा, भोला शर्मा, अनादिरंजन मंडल, विकास सरकार, उपाध्यक्ष श्रीति राय, सुनिता मिस्त्री, डॉ सुधीर राय, पारुल मंडल, दीपांकर राय, डॉ. सिमरन पांडे आदि शामिल रहे।



दिनेशपुर में भव्य शोभायात्रा में शामिल मां दुर्गा की झांकी के साथ श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शक्तिफार्म के टैगोरनगर में शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

### 30 सितंबर को निकलेगी मां मनसा देवी की शोभायात्रा

**काशीपुर :** शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर में मां मनसा देवी की ऐतिहासिक शोभायात्रा इस वर्ष 53वें वार्षिकोत्सव के रूप में मंगलवार 30 सितंबर को अष्टमी के दिन धूमधाम से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा दोपहर एक बजे मोहल्ला लाहौरियान स्थित मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। आयोजन समिति के अनुसार इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में हवन, पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। अपराह्न ज्योति प्रज्ज्वलन के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा में स्थानीय कलाकारों के साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों की स्वचालित व हस्तनिर्मित झांकियां, नृत्य झांकियां और अखाड़े श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। इसके अलावा बाहर से आने वाले बैंड-बाजे भी शोभायात्रा को खास बनाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि शोभायात्रा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मां मनसा देवी मंदिर से लेकर मुंशीराम चौराहा और गंगे बाबा मंदिर चौक तक आकर्षक रोशनी की सजावट की गई है, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। समिति ने नगर वासियों व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से 30 सितंबर को होने वाली इस भव्य शोभायात्रा में भारी संख्या में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### शक्तिफार्म में भव्य कलश यात्रा के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शक्तिफार्म :** टैगोरनगर एवं निर्मल नगर में दुर्गा पूजा महोत्सव का कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा टैगोर नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से तारकेश्वर धाम सुरेंद्रनगर पहुंची। जिसमें सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित होकर सम्मिलित हुईं। तारकेश्वर धाम पहुंच गंगा पूजन के पश्चात कलश यात्रा पुनः टैगोर नगर दुर्गा मंदिर परिसर पहुंची। कलश स्थापना के पश्चात पुरोहित ने षष्टि पूजन संपन्न कराया। कलश यात्रा में आयोजन समिति अध्यक्ष विश्वजीत हालदार, अशोक मंडल, चंद्रकांत दास, किशोर राय, आनंद सरकार, संजीव बढ़ई, परितोष विश्वास, रवि मजूमदार, सब्यसाची हालदार, नारायण विश्वास, बाबूराम हालदार, हरेंद्र मंडल, मीनाक्षी विश्वास, नमिता हालदार, रंजीता मंडल, दीपा विश्वास, शिखा विश्वास, शेफाली मंडल, सुशीला सरकार, शांति लता विश्वास, पार्वती मंडल, चपला विश्वास समेत सैकड़ों बंगाली समुदाय के महिला व पुरुष सम्मिलित हुए।

### नवपत्रिका "कोलाबोऊ" पूजा के बगैर अधूरा दुर्गोत्सव

**शक्तिफार्म :** दुर्गा पूजा बंगाली समुदाय का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। दुर्गा पूजा के प्रारंभ में नवपत्रिका पूजा का विशेष महत्व है, जिसे बांग्ला में "कोलाबोऊ" पूजा कहा जाता है। "कोलाबोऊ" पूजा के बिना मां दुर्गा पूजा अधूरी मानी जाती है। सप्तमी की सुबह नवपत्रिका, यानी कि नौ तरह की पत्तियों से मिलकर बनाए गए गुच्छे की पूजा कर दुर्गा का आह्वान किया जाता है। इन नौ पत्तियों को दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक माना जाता है। नवपत्रिका को सूर्योदय से पहले गंगा या किसी अन्य पवित्र नदी के पानी से स्नान कराया जाता है। "कोलाबोऊ" को भगवान गणेश की पत्नी माना जाता है।

# आज धूमधाम से निकाली जाएगी महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** कुमायूं वैश्य महासभा के सौजन्य से रविवार को दोपहर चार बजे मोहल्ला किला से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा रामलीला मैदान पहुंचकर समाप्त होगी, जहां प्रसाद वितरण किया जाएगा।

शनिवार को रामलीला सभागार में उद्यमी योगेश जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शोभा यात्रा की तैयारियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस बार शोभा यात्रा में आठ भव्य झांकियां शामिल होंगी, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर की झांकी और काली मां अखाड़ा विशेष आकर्षण रहेंगे।

शोभा यात्रा के संयोजक प्रियांशु बंसल ने बताया कि यात्रा का स्वागत नगर में 35 स्थानों पर पुष्प वर्षा, आरती और मिष्ठान वितरण के साथ किया जाएगा। यात्रा में आगे झांकियां और पीछे महाराज अग्रसेन का रथ चलेगा। जिंदल ने कहा कि वैश्य समाज के 364 गोत्र देशभर में हैं, जिनमें से 15-20 गोत्र काशीपुर में रहते हैं। अब प्रयास है कि सभी वर्णों के लोग वैश्य समाज के गोत्रों को जोड़े और अखंड भारत की धारणा को सशक्त बनाएं। बैठक में प्रियांशु बंसल, महेंद्र प्रताप गुप्ता, शेष कुमार सितारा, महेंद्र लोहिया आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में शोभायात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### धोखाधड़ी में चार प्रापर्टी डीलरों पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर:** चार प्रापर्टी डीलरों ने प्लॉट बेचने के नाम पर लोगों से लाखों की धोखाधड़ी कर डाली और रुपये वापस मांगने पर गाली गलौज की। चारों डीलरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोहल्ला आकांक्षा गार्डन निवासी पुष्पा शर्मा ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा के जनता दरबार में दी तहरीर में बताया कि ग्राम सरवरखेडा में चार प्रॉपर्टी डीलर्स कमल अरोरा, सौरभ अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व विनोद यादव ने नव्या कन्स्ट्रक्शन के नाम से कॉलोनी काटी थी। जिसमें उन्होंने व बहुत से लोगों ने प्लॉट खरीदे गए। बताया कि आरोपियों ने उन लोगों से आधे व पूरे पैसे लेकर रजिस्ट्री और दाखिल खारिज भी करा दी। बाद में जब सब अपने प्लाटों पर कब्जा व मकान बनाने गये, तो देखा प्लाटिंग काटकर जमीन जोत दी गई।

# उद्योगपतियों ने बिजली की समस्याओं को उठाया

- केजीसीसीआई की बैठक में उद्यमियों ने की पावर सब-कमेटी के चेयरमैन से चर्चा

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** कुमायूं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) की बैठक में उद्योगों के समक्ष आ रही बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

शनिवार को आयोजित बैठक में उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि जब से उद्योगों में यूपीसीएल द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तब से उन्हें बहुत अधिक धनराशि के बिल प्राप्त हो रहे हैं। एक तो यूपीसीएल द्वारा प्रतिवर्ष विद्युत मूल्यों में निरंतर वृद्धि की जा रही है दूसरी तरफ उद्योगों के न चाहते हुए भी उनके परिसरों में स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए। स्मार्ट मीटरों की स्थापना के बाद आ रहे अधिक बिलों के कारण उद्योगों को वास्तविक विद्युत खपत से कहीं ज्यादा धनराशि का भुगतान करना पड़ रहा है। कहा कि स्मार्ट मीटरों के लगने से न केवल उद्योगों को अपितु आम जनमानस को भी बिजली बिलों के मद में प्रतिमाह अत्यधिक धनराशि जमा करनी पड़ रही है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योगों द्वारा व्यक्तिगत रूप से शिकायतें दर्ज कराने के बाद भी विभाग द्वारा इस दिशा में कोई सार्थक कार्यवाही नहीं की जा रही है। बैठक में केजीसीसीआई की पावर सब-कमेटी के चेयरमैन शकील अहमद सिद्दीकी ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को 9 श्रेणियां में विभाजित किया गया है। श्रेणियों के अनुसार ही विद्युत की दरों का निर्धारण किया जाता है। इनमें से उद्योग आरटीएस-5 श्रेणी के तहत आते हैं जिन पर सबसे ज्यादा विद्युत दरों का निर्धारण किया जाता है। बताया कि विद्युत विभाग द्वारा दिन-रात के 24 घण्टों के समय को भी तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें नॉर्मल आवर्स, पीक ऑवर्स एवं ऑफ पीक ऑवर्स हैं। इन आवर्स में भी विद्युत का अलग-अलग मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी सदस्यों को सुझाव दिया कि आप स्वयं भी अपने तरीके से विद्युत की खपत का ब्योरा रखें जिससे पता लग जाएगा कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग और उद्योगों की वास्तविक विद्युत खपत में कितना अन्तर है। बैठक में पुनीत सिंघल, संजय अग्रवाल, बीवी श्रीधर, अरविन्द मोहन सिंह, सचिन कुमार टिबरेवाल, अपूर्व जिंदल, अरुण अरोरा, शलभ अग्रवाल, अनिल कुमार, मनोज अग्निहोत्री, मनोज जोशी, केशव सिंह मौजूद रहे।



काशीपुर में बैठक के दौरान चर्चा करते उद्यमी। ● अमृत विचार



खटीमा में निकली कलश यात्रा में शिरकत करते विधायक कापड़ी। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**खटीमा :** बाइस पुल खेलड़िया स्थित श्री सिद्ध महाकालेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी सहित क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। संयोजक दिलीप कुमार उर्फ पप्पू भाई के नेतृत्व में शिव मंदिर से मेलाघाट जगबूड़ा नदी घाट पर पहुंची महिलाओं ने कलश में जल भर पुन: मंदिर पर पहुंचकर जलाभिषेक किया। इस दौरान अमरजीत सिंह कुशवाहा, लालाबाबू, रामजन्म, कुन्दन चड्ढा, कमान सिंह अन्ना, सचिन कुशवाहा, धानमती, सीमा, पूनम, सरोज देवी कुशवाहा, रामवती, शीला मौजूद रहे।

### राकेश के परिजनों से मिले पूर्व विधायक पाल

**शक्तिफार्म :** पढ़ाई करने स्टडी वीजा पर रूस गए राकेश को वहां की फौज द्वारा जबरन यूक्रेन युद्ध में धकेलने की खबर के बाद से ही परिजन चिंतित हैं। परिजन उसे वापस लाने की हर मुमकिन कोशिश में जुटे हैं। वहीं सकुशल वापसी के लिए राकेश के परिजनों से मिलकर पूर्व विधायक नारायण पाल ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक नारायण पाल शक्तिफार्म क्षेत्र के गांव कुशमौठ स्थित राकेश के घर पहुंचे। जहां राकेश के नाना-नानी एवं माता-पिता से मुलाकात की एवं राकेश के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक नारायण पाल ने एनएसए अजीत डोभाल के सेक्रेटरी को फोन कर राकेश मौर्य के मामले से अवगत कराया।



किच्छा में मेधावी बच्चों के साथ उपस्थित शिक्षक। ● अमृत विचार

### कबड्डी में सेंट मैरी के छात्रों ने पाया दूसरा स्थान

**किच्छा :** जिला मुख्यालय पर संपन्न हुई ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेंट मैरी स्कूल के छात्रों द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के बाद विद्यालय में हर्ष है। इस दौरान छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। उत्तराखंड सरकार एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में फौजी मटकोटा, रुद्रपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। ग्राम छिनकी स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक एम रहमान अंसारी ने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास के लिए खेलकूद भी जरूरी है। मौके पर कशिश मलिक, शबीना मलिक, इलम मलिक, अर्शिफा आदि मौजूद रहे।

# वेंडरों को मानकों का प्रशिक्षण दिया

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत नगर निगम सभागार में काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, गदरपुर, महुआखेड़ागंज और महुआडाबरा के स्ट्रीट वेंडरों को आत्मनिर्भर बनने के लिये खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में करीब 240 स्ट्रीट वेंडरों ने भाग लिया।

शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट ने किया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ. प्रकाश चंद्र फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा शाह, रुद्रपुर की खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य, सहायक नगर आयुक्त कमल मेहता ने सभी स्ट्रीट वेंडरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सभी फूड वेंडरों को भारत सरकार के खाद्य सुरक्षा एक्ट के बारे में जानकारी दी गई और वेंडर आत्मनिर्भर योजना में कैसे जुड़ा जाए, इसके बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि समाज में बाहर का खाना खाने का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए फूड वेंडर्स की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह किस तरह से ग्राहकों को साफ स्वच्छ एवं शुद्ध भोजन परोसें। प्रशिक्षण में काशीपुर से 209, जसपुर से 5, महुआडाबरा से 12 गदरपुर व बाजपुर से 6-6 वेंडर्स ने प्रशिक्षण लिया और अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस मौके पर सिटी मिशन मैनेजर मोहम्मद जफर, वसीम अहमद मौजूद रहे।



काशीपुर में वेंडरों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार



राजा दशरथ व माता कौशल्या से वन जाने की अनुमति लेते श्रीराम, सीता व लक्ष्मण।

### मंथरा ने कैकेयी के कान भरे, राम को हुआ वनवास

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** आदिवासी रामलीला कमेटी चक्कीमोड़ में आयोजित लीला मंचन शाहाबाद (यूपी) से आए कलाकारों द्वारा कैकेयी-मंथरा व राजा दशरथ-केकेयी संवाद की प्रस्तुति दी। माता-पिता की आज्ञा लेकर प्रभु श्रीराम, सीता व लक्ष्मण वन को जाते हुए, अयोध्यावासियों द्वारा विलाप का दृश्य को देखकर दर्शक भावुक हो गए। कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह पानू ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी महासचिव लाल सिंह नयाल व राजेंद्र उपाध्याय ने किया। इस मौके पर अतिथि पूर्व राज्य ऊर्जा मंत्री प्रेम सिंह, कुंवर सिंह सकतपुरिया, भगत सिंह धर्मशक्तू, श्याम सिंह देऊपा, गोपाल सिंह ढठोला, कैलाश शर्मा, प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह मेहरा, गोविंद सिंह चौहान, दिनेश नयाल, प्रकाश कोश्यारी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, ललित खोलिया, चंद्रमणि देवराड़ी, चंचल सिंह देऊपा, अमर सिंह, डिगर सिंह नयाल, जीवन त्रिपाठी, योगेश पानू, राजेंद्र सिंह पानू, वीरेंद्र सिंह पवार, मक्खन राजपूत आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

**विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आकर्षक नाट्य की प्रस्तुति दी**

# जीनियस ग्लोबल अकादमी में दशहरा मनाया



बाजपुर के जीनियस ग्लोबल स्कूल में श्रीराम-लक्ष्मण, सीता व हनुमान के रूप में बच्चे।

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** जीनियस ग्लोबल अकादमी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरे का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आकर्षक नाट्य की प्रस्तुति दी, जिनमें भगवान श्रीराम का वनवास, माता सीता हरण तथा रावण वध के दृश्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। इस अवसर पर निर्देशिका रेखा पासी, प्रधानाचार्य योगेश सक्सेना, लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह, थर्ड ऑफिसर अभिषेक राणा, रणजीत राणा, त्रिलोक सिंह, मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।



खटीमा की रामलीला में प्रभु श्रीराम के स्वागत को खड़े केवटराज व अन्य।

### भरत मिलाप के दृश्य पर लोगों की आंखें हुईं नम

**खटीमा :** सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को केवट सम्मेलन, श्री राम के वियोग में दशरथ मरण, भरत कैकई संवाद और भरत मिलाप का मंचन किया गया। भरत अपने भाई श्रीराम को देखकर जब प्रणाम करते हैं तो उनके प्रणाम को स्वीकार करते हुए श्रीराम उठाते हैं और उन्हें अपने गले से लगा लेते है। दोनों भाइयों के मिलन का दृश्य देखकर पंडाल में मौजूद दर्शकों की आंखों नम हो गईं। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के डायरेक्टर वीरेंद्र रावत, अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष भगवान दास गुप्ता, महामंत्री मनोज श्रीवास्तव, विशेष आमंत्रित सदस्य मनोज वाधवा, संरक्षक दिनेश अग्रवाल, ईश्वर चंद्र अग्रवाल मौजूद रहे।



किच्छा में दुर्गा पूजा कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

### भाजपा नेता ने किया मां दुर्गा पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ

**किच्छा :** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने लालबाग कॉलोनी में आयोजित श्री दुर्गा पूजा कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया और मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक समिति ने अतिथि संजीव सिंह को अंगवस्त्र ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट देकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि भक्ति भाव से एकजुट होकर मां दुर्गा की निस्वार्थ भाव से आराधना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम में कमेटी सदस्य राजेंद्र कुमार, जीवन सिंह, अमित कुमार, बबलू सिंह, अंशु सिंह, नवीन सिंह, धनंजय सिंह, किशन लाल, रमेश कुमार, रवि कुमार, करण सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## राजेंद्र कोहली बने छात्र संघ अध्यक्ष



**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय में एनएसयूआई ने जमाया कब्जा कुल 1010 में से 743 मत पड़े जिसमें 446 छात्राएं और 297 में छात्र है। अध्यक्ष पद में एनएसयूआई के राजेंद्र प्रसाद कोहली ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मनीष सिंह बिष्ट को 24 मतों से हराया। राजेंद्र को 365 और मनीष को 341मत पड़े। उपाध्यक्ष पद में पवन सिंह ने दीपांशु कुंवर को 77 मतों से हराया।दीपांशु कुंवर 314 पवन सिंह को391 मत पड़े। छात्रा उपाध्यक्ष में मानसी ने मनीषा जोशी को 69 मतों से हराया।मनीषा जोशी को 362 और मानसी को 293 मत पड़े। संयुक्त सचिव में दीप्ति पंत ने पायल बिष्ट को 66 मतों से हराया। दीप्ति पंत को 365 और पायल बिष्ट को 299 मत पड़े। कोषाध्यक्ष पद में उमंग जोशी ने पूर्णिमा को 68 मतों से हराया। उमंग को 327 करन सिंह खाती को 132 और पूर्णिमा को 259 मत पड़े। सचिव पद में एनएसयूआई के निवेश तिवारी पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। बाद में चुनाव अधिकारी डॉ पंकज उप्रेती ने विजई प्रत्याशियों की घोषणा की। इस दौरान प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी ने विजई प्रत्याशियों को शपथ दिलाई।

## एनएसयूआई के सागर जोशी बने अध्यक्ष

**बागेश्वर :** पं बद्रीदत्त पांडे परिसर में छात्र संघ चुनावों में एनएसयूआई विजयी रही। एनएसयूआई के प्रत्याशी सागर जोशी ने निर्दलीय प्रत्याशी पंकज कुमार को पराजित किया। अभाविप के प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। वहीं गरुड़ महाविदयालय में विरेंद्र सिंह रावत विजयी रहे। बागेश्वर परिसर में आयोजित छात्र संघ चुनाव के परिणाम घोषित हो गए। एनएसयूआई के सागर जोशी को 423 मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी पंकज कुमार को 343 मत मिले। अभाविप के प्रत्याशी हरेंद्र दानू को मात्र 317 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन पांडे ने एकमात्र प्रतिद्वंदी संस्कार भारती को पराजित किया। संस्कार भारती को 283 मत मिले। सचिव पद पर ललित कुमार, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर दिव्या दानू व कोषाध्यक्ष पद पर मनीष चौबे व विभिन्न परिषदों में पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। गरुड़ महाविद्यालय में आयोजित अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र सिंह रावत, विवि प्रतिनिधि पद पर शिवानी भाकुनी, उपाध्यक्ष पद पर कविता, छात्रा उपाध्यक्षा पद पर ज्योति जीना, सांस्कृतिक सचिव पद पर शीतल पंत व कोषाध्यक्ष पद पर नितिन सिंह भयेडा व संयुक्त सचिव पद पर ममता गोस्वामी विजयी रहीं।

# लोकेश के सिर सजा छात्रसंघ अध्यक्ष पद का ताज

## एबीवीपी के दीपक को 245 मतों से किया पराजित, एसएसजे परिसर में 1454 विद्यार्थियों ने मताधिकार का किया प्रयोग

- सचिव पद पर विशाल सिंह बिष्ट ने प्रदीप सिंह को हराया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में छात्रसंघ चुनावों में एनएसयूआई के लोकेश सुप्याल ने जीत दर्ज कर अध्यक्ष पर का ताज हासिल किया। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी के दीपक लोहनी को 245 मतों से पराजित किया।

एसएसजे में इस बार छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी और एनएसयूआई में सीधी टक्कर थी। एबीवीपी ने दीपक लोहनी तो एनएसयूआई ने लोकेश सुप्याल को चुनावी मैदान में उतारा था। शनिवार को हुए मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के लोकेश सुप्याल ने शानदार जीत दर्ज की। लोकेश को 883 और एबीवीपी के दीपक लोहनी को 542 मत प्राप्त हुए। वहीं, छात्रा उपाध्यक्षा में निर्दलीय निकिता रौतेला ने जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी एबीवीपी प्रत्याशी रश्मि सत्यवली का पराजित किया। निकिता को 769 और रश्मि सत्वली को 598 वोट मिले। सचिव पद पर विशाल सिंह बिष्ट ने अपने विपक्षी प्रदीप सिंह को 143 मतों से पराजित किया। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर विनय कनवाल ने विपक्षी कृष्णा कनवाल को 709 मतों से शिकस्त दी। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर एबीवीपी के निखिल कपकोटी ने अपने विपक्षी एनएसयूआई प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह धामी को 189 मतो से हराकर जीत हासिल की। देर शाम एसएसजे परिसर प्रागंण में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शेखर जोशी ने पद और गोपनीयिता की शपथ दिलाई।



अल्मोड़ा परिसर में छात्रसंघ चुनाव में जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशी।

### 60.58 फीसदी हुआ मतदान

सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में छात्रसंघ चुनाव के तहत शनिवार को एसएसजे परिसर में भारी सुरक्षा के बीच सुबह 10 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। अपराह्न ढाई बजे बाद मतगणना शुरू हुई। जिसमें कुल 1454 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 60 .58 फीसदी मतदान हुआ।

### उपाध्यक्ष और सांस्कृतिक सचिव निर्विरोध निर्वाचित

एसएसजे में पांच पदों पर एक ही नामांकन होने से प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष में भूपेश सिंह गैड़ा, सांस्कृतिक सचिव में दर्शन कुमार, संकाय प्रतिनिधि कला में अभिषेक कुमार, संकाय प्रतिनिधि दृश्य कला में गौरव पांडे, संकाय प्रतिनिधि वाणिज्य में गोविंद प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।



रानीखेत में शपथ लेते छात्र संघ चुनाव में विजेता प्रत्याशी। ● अमृत विचार

### द्वाराहाट में निर्दलीय प्रत्याशियों का कब्जा

**द्वाराहाट :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में शनिवार को हुए छात्र संघ चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कब्जा जमाया। अध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार नीरज किरौला ने एबीवीपी की दिया उपाध्याय बंपर बोटों से हराकर जीत दर्ज की। कुल 809 वोट में से 487 का मतदान हुआ। अध्यक्ष पद में नीरज किरौला को 356 वोट एवं दिया को मात्र 125 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद में अमित सिंह भंडारी 183 मतों से विजयी हुए। अमित को 324 एवं भुवन राम को 141 मत मिले। सचिव पद में सूरज सिंह ने तनुजा जोशी को 192 वोटों से हराया। सूरज को 330 एवं तनुजा को 130 वोट ही मिले। कोषाध्यक्ष पद में भरत भंडारी विजयी हुए। उन्होंने सूरज आर्या को 113 वोटों से पराजित किया। जबकि छात्रा उपाध्यक्ष तन्नू जोशी एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि नेहा रावत एबीवीपी से पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।

### हर्षित रौतेला का अध्यक्ष पद पर कब्जा

**रानीखेत :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रसंघ के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने परिणामों की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर हर्षित रौतेला विजयी रहे। उन्होंने 759 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गीतिका बिष्ट को पराजित किया। गीतिका बिष्ट ने 123 मत प्राप्त किए। उपाध्यक्ष (छात्रा) पद पर हुए मुकाबले में संध्या रावत ने 460 मत प्राप्त कर विजयश्री प्राप्त की। गीताञ्जली को 398 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर गौरव तिवारी ने 599 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी उदिता किरौला को 318 मतों से पराजित किया। उदिता किरौला को 281 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर पारस खत्री, संयुक्त सचिव पद पर प्रियांशु चन्द्र, सांस्कृतिक सचिव पद पर कमल कुमार एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर हीना आर्या निर्विरोध निर्वाचित हुए। इन पदाधिकारियों को समारोह में शपथ दिलाई गई। छात्र संघ प्रभारी डॉ. बीबी भट्ट, तहसीलदार दीपिका आर्या, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा हसबंस सिंह मौजूद रहे।



घायलों को खाई से निकालते लोग।

## खाई में गिरी कार, एक की मौत, तीन घायल

**रानीखेत :** शनिवार की सुबह करीब दस बजे रानीखेत से ताड़ीखेत की ओर जा रही एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में सवार चार लोग घायल हो गए। 87 वर्षीय एक व्यक्ति की चिकित्सालय पहुंचने पर मृत्यु हो गई। रानीखेत से ताड़ीखेत की ओर जा रही ऑटो कार ताड़ीखेत से पहले हाइडिल गेट के पास अनियंत्रित होकर लगभग 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इसमें सवार कुशल सिंह 87 वर्ष खराड़ी ऐराडी निवासी, अनुराधा बिष्ट 45 वर्ष गनियादयोली निवासी सहित चालक लाखन सिंह व करन राजोरिया घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ताड़ीखेत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल 87 वर्षी कुशाल सिंह की मृत्यु हो गई। दो गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

# पेपर लीक प्रकरण की हो सीबीआई जांच



प्रेस वार्ता करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** पेपर लीक मामले में भाजपा सरकार मुख्य दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। नौकरियों के विषय में गलत आंकड़े पेश कर जहां एक ओर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, वहीं अभिभावको को भी गुमराह करने का काम कर रही है। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

कहा कि सीएम ने दो दिन पहले कहा था कि 24 हजार युवाओं को नौकरी दी गई हैं। सरकार से आग्रह करता हूं कि इन भर्तियों के आंकड़े सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि भाजपा गलत कामों में सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता चार अक्टूबर से

**लोहाघाट :** राजकीय इंटर कालेज लोहाघाट खेल मैदान में चार से छह अक्टूबर तक जिला स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) मान सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न कार्य समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रतियोगिता में ब्लाक स्तर से चयनित लगभग 200 छात्र-छात्राएं दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक आदि स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। बैठक में उप शिक्षा अधिकारी पाटी संजय भट्ट, बाराकोट उप शिक्षा अधिकारी कमल भट्ट, प्राथमिक शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष गोविंद बोहरा, जूनियर संघ के रमेश देव, जीवन मेहता, कैलाश फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

# बैंक को 68.13 करोड़ का सकल लाभ

- अल्मोडा अर्बन कोआपरेटिव बैंक का व्यवसाय बढ़कर 5736.58 करोड़ हुआ
- अंश धारकों को 10 फीसदी की दर से लाभांश देने का भी निर्णय

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा अर्बन को आपरेटिव बैंक लिमिटेड की शनिवार को 34 वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बैंक द्वारा 2024-25 में बैंक की ओर से किये गये कार्यों की जानकारी दी गई।

इस दौरान बैंक का सकल लाभ 68.13 करोड़ रुपये रहा। बैंक का व्यवसाय कार्य 5147.43 था, जो वर्तमान में बढ़कर 5736.58 करोड़ हो गया है। 2028 तक बैंक का कार्य व्यवसाय आठ हजार करोड़ पहुंचाने के लक्ष्य के साथ ही नई शाखाएं खोलने का लक्ष्य रखा गया है। शनिवार को नगर के शिखर होटल सभागार में आयोजित वार्षिक निकाय की बैठक में बैंक के सचिव व महाप्रबंधक पीसी तिवारी ने बताया कि बैंक निक्षेपों में पिछले वर्ष की तुलना में 261.65 करोड़ की वृद्धि हुइ हैं, जो कि वित्तीय वर्ष में 3672.89 करोड़ हो गई है। ऋण वितरित करने के बावजूद अच्छी वसूली हुई है। जिसमें 327.39 करोड़ की वृद्धि हुई। बैंक की निजी पूंजी अब 697.34 करोड़ हो गई है। बैंक का नेट एनपीए शून्य है। उन्होंने कहा कि बैंक उपभोक्ताओं को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं दे रहा है। ग्राहकों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए बैंक कृत संकल्प है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 13.10 करोड़ अग्रिम आयकर भी जमा किया है। बैंक ने अपने अंश धारकों को 10 फीसदी की दर से लाभांश देने का भी निर्णय लिया है। इस मौके पर अध्यक्ष सीए महेश चंद्र जोशी, उपाध्यक्षा डॉ. वसुधा पंत, सुरेंद्र प्रसाद, सुजाता गुलाटी, विनय कुमार टंडन, दिनेश चंद्र, गगनदीप सिंह सहदेव, हरीश चंद्र पाठक, चंद्रशेखर कांडपाल, डॉ. दीपक गोड़, जीतेंद्र सिंह, गिरीश धवन, प्रकाश पांडे, सदी राम आर्या, प्रभा साह, आनंद सिंह बगड़वाल, किशन चंद्र गुरुरानी, गोविंद लाल वर्मा, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, विनीत दुर्गापाल, मुमताज हुसैन शाह, दीवान सिंह बिष्ट समेत अन्य मौजूद रहे।



बैंक की एजीएम के दौरान आयोजित बैठक में मौजूद सदस्य व अन्य।

# 16 अंतर्राष्ट्रीय दर्रे पार कर सीडीओ डॉ. दीपक सैनी ने बनाया कीर्तिमान

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी पिथौरागढ़ डॉ. दीपक सैनी ने प्रोजेक्ट-21 के दूसरे चरण के तहत अब तक सीमांत जनपद पिथौरागढ़ और तिब्बत (चीन) की सीमा से जुड़े छह अंतर्राष्ट्रीय दर्रों की साहसिक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अब तक दो चरणों में वे कुल 16 अंतरराष्ट्रीय दर्रों एवं पांच आंतरिक दर्रों की चढ़ाई कर चुके हैं।

डॉ. सैनी ने प्रथम चरण (2023) के तहत गढ़वाल क्षेत्र के 10 अंतर्राष्ट्रीय दर्रे और 3 आंतरिक दर्रों की चढ़ाई की थी और द्वितीय चरण (24 अगस्त-18 सितम्बर 2025) के तहत जौहार घाटी (24 अगस्त-1 सितम्बर) में उंटा धूरा, जयंती धुरा, किंगरी बिगरी दर्रों की चढ़ाई के साथ साथ लास्पा, रिलकोट, बुर्फू, मार्तोली, बिलज्यू, मिलम आदि गांवों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया और स्थानीय समस्याओं को जाना।



डॉ. दीपक सैनी। ● अमृत विचार

इस दौरान नंदाष्टमी मेले में भी सहभागिता की। व्यास घाटी (4 सितम्बर से) में लिपुलेख, ओल्ड लिपुलेख, गुंजी होते हुए ज्योलिंगकोंग और विल्शा अंतिम पोस्ट तक यात्रा करते हुए लंपिया धुरा, मंगशा धुरा की चढ़ाई की। तत्पश्चात आदि कैलाश पर स्थित सिन्ला पास चढ़ कर दारमा घाटी स्थित विदांग पोस्ट में प्रवेश किया तथा वहां से दावे अंतिम पोस्ट पहुंच कर नुवे धुरा व लुवे धुरा की चढ़ाई की।

उन्होंने करीब 250 किलोमीटर पदयात्रा की और औसतन 5500–5700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित दर्रों को पार किया। इस चरण के दौरान एक दिन में उन्होंने अधिकतक 26 किलोमीटर की पदयात्रा की।

डॉ. सैनी ने बताया कि उत्तराखंड सरकार एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से चल रहा प्रोजेक्ट-21 सीमांत क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मुट्ठी भर स्वार्थी तत्व युवाओं को भड़का रहे

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता तथा श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि, धामी सरकार का पूरा फोकस प्रदेश के विकास पर है। युवा प्रदेश की रीढ़ हैं लेकिन बड़ी विडम्बना यह है कि निजी स्वार्थ के लिए मुट्ठी भर स्वार्थी तत्व हमारे युवाओं को सरकार के खिलाफ भड़का रहे हैं। कथित पेपर लीक मसले को गलत दिशा में धकेल रहे हैं। इस तरह के कुकृत्य को किसी भी हाल में सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

अध्यक्ष द्विवेदी ने कहा कि, सरकार के पास जो भी सकारात्मक सुझाव आएंगे, उस पर निश्चित रूप से अमल किया जाएगा। युवाओं,



हेमंत द्विवेदी।

खासकर अभ्यर्थियों का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। राज्य गठन से लेकर अब तक 371553 युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इनमें अकेले धामी सरकार ने बीते 4 वर्षों में 26,025 नियुक्तियां की हैं। कम समय में 69 फीसद नियुक्तियां अपने आप में रिकॉर्ड है। कहा कि 20 साल की तुलना में ढाई से तीन गुना नौकरियां धामी सरकार की ही देन है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील भी की कि वे किसी के बहकावे में नहीं आएं क्योंकि कुछ लोग प्रदेश में अशांति का वातावरण पैदा करना चाहते हैं।

# लंबित शिकायतों पर विशेष गंभीरता बरती जाए: डीएम

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यालय सभागार में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल 1905 पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्यालय से दूर कार्यरत अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी ने 36 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं से फोन पर संपर्क कर संतुष्टि प्राप्त करने के उपरांत ही शिकायतों को बंद किया जाए। वहीं, जिन शिकायतों में निर्माण कार्य अथवा शासन स्तर की अनुमति अपेक्षित है, उनके संबंध में शिकायतकर्ता को भी इस हेतु अवगत कराएं और पत्रावली निदेशालय को प्रेषित कर स्पष्ट रूप से कारण बताने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में ऐसी सड़कों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं, जो किसी भी निर्माण विभाग के अंतर्गत नहीं आतीं। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र निर्गत करना, पेयजल, स्वास्थ्य एवं सड़क से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से निस्तारित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



सीएम हेल्पलाइन पोर्टल 1905 की समीक्षा बैठक करते डीएम विनोद गोस्वामी।

आस्था

नगर के रैमजे इंटर कॉलेज में आयोजित की गई माता की चौकी

# माता की चौकी में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मां नंदा सुनंदा महिला संस्थान की ओर से शुक्रवार रात माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। माता की चौकी में श्रद्धालुओं का जबरदस्त उत्साह दिखा। हर कोई माता के भजनों महिलाएं झूमते नजर आया।

नगर के रैमजे इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित माता की चौकी का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने दीप जलाकर किया। इसके बाद लोक गायिका खुशी जोशी ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। रात भर भजनों में भक्त थिरकने को विवश हो गए। वहीं, महिलाओं की मंडली ने भी चौकी में माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को झूमने में मजबूर कर दिया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष किरन पंत, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कुंदन लटवाल, रवि रौतेला, हरीश कनवाल, तारा चंद्र जोशी, धमेंद्र बिष्ट, मनोहर सिंह नेगी, डॉ. लक्ष्मण लाल सुथार, राधा बिष्ट, हीरा कनवाल, रेखा आर्या, शोभा जोशी, चंद्रा जोशी समेत अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



अल्मोड़ा के रैमजे इंटर कॉलेज परिसर में माता की चौकी में भजनों पर झूमतीं महिलाएं।

### विधि-विधान से हुई स्कंदमाता की पूजा

**अल्मोड़ा :** शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस स्कंदमाता की पूजा विधि-विधान पूर्वक की गई। मां की आराधना में भक्त लीन रहे। नगर में स्थापित दुर्गा पंडालों और मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से शहर हो या गांव गुंजायमान होता रहा। वहीं, घरों में दुर्गा सप्तसती का पाठ का सिलसिला भी जारी रहा। चौघानपाटा, लक्ष्मेश्वर, नंदादेवी, ढुंगाधारा, गंगोला मोहल्ला, न्यू इंद्रा कॉलोनी, ऑफिसर कॉलोनी, राजपुरा, धारौनाला के दुर्गा पंडालों में देर शाम तक महिलाएं भजन-कीर्तन करती रही।

## टनकपुर रामलीला मंचन के पांचवें दिन हुआ राम बनवास

**टनकपुर :** नवयुवक रामलीला कमेटी टनकपुर द्वारा गांधी मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के पांचवें दिन भगवान श्रीराम के जीवन का अत्यंत मार्मिक प्रसंग राम बनवास का मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत महाराज दशरथ द्वारा श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियों से हुई। पूरा अयोध्या नगर उत्साह और उमंग में डूबा दिखाई गया। किंतु इसी बीच महारानी कैकेयी ने अपनी दो वरदानों की मांग कर ली। एक वरदान भरत को राज्य और दूसरा राम को 14 वर्षों के लिए बनवास का। रामलीला के इस दृश्य में दर्शाया गया कि किस प्रकार महाराज दशरथ पुत्र मोह और वचनबद्धता के बीच असमंजस में पड़कर व्याकुल हो उठते हैं।

# लापता 67 लोगों के जारी होंगे मृत्यु प्रमाण पत्र

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले के धराली और हर्षिल क्षेत्र में विगत पांच अगस्त को आयी भीषण प्राकृतिक आपदा में लापता कुल 67 व्यक्तियों का शनिवार को 53 दिन बीत जाने के बाद भी कोई पता नहीं चला है। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इनके मृत्यु पंजीकरण कर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए स्वीकृति दे दी है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चमोली जिले के रैणी में वर्ष 2021 में आई आपदा में सैकड़ों श्रमिक लापता हो गए थे। उस समय भी केंद्र सरकार ने जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में छूट दी थी। अब गृह मंत्रालय की वर्ष 2021 की तरह ही धराली आपदा में लापता लोगों का मृत्यु पंजीकरण करने की अनुमति दी है। आपदा में लापता लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सबसे पहले परिजनों को मूल निवास वाले स्थान पर लापता व्यक्ति की शिकायत दर्ज करनी होगी। इसके बाद शिकायत को घटना वाले क्षेत्र के परगना मजिस्ट्रेट या उपजिलाधिकारी के पास भेजा जाएगा। लापता व्यक्ति के बारे में 30 दिन का नोटिस जारी होगा। इसके बाद कोई आपत्ति न मिलने पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## टीचर ने बच्चों से कार धुलवाई, सस्पेंड

**देहरादून :** चमोली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार में छात्रों से अपनी कार धुलवाने वाले सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण की जांच उप शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा थराली को सौंपी गई है, जो एक सप्ताह में पूरी होगी। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे छात्रों से कार धुलवाने वाले वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुये आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए थे। कहा कि, छात्रों को पढ़ने की जगह निजी कार्य करवाना कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। ऐसी हरकतों को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

अमृत विचार
रविवार, 28 सितंबर 2025



प्रेम प्रेम सब कोउ कहत,
प्रेम न जानत कोइ।
जो जन जानै प्रेम तौ,
परै जगत क्यौं रोइ॥

रसखान जी कहते हैं, सभी प्रेम-प्रेम कहते तो हैं, पर प्रेम के अर्थ को कोई नहीं समझता। अगर कोई व्यक्ति प्रेम का सच्चा अर्थ जान ले, तो उसे यह दुनिया और इसके सारे दुख क्यों ही परेशान करेंगे।



# जातिविहीन समाज ही भारत का आदर्श स्वप्न है

भारतीय समाज में जाति है। जाति आधारित मान, अपमान और विशेष अवसर भी हैं। हमारे पूर्वज जातिगत भेदभाव को समाप्त करना चाहते थे। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद, दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। एक सुंदर जातिविहीन समाज भारत का स्वप्न आदर्श था। डॉक्टर लोहिया ने जाति तोड़ो का नारा दिया था। अन्य दल संगठन भी जातियों के विरोध में मैदान में रहे। अनेक संगठन जाति के खात्मे पर संघर्षरत रहे हैं, लेकिन कोई मुहिम सफल नहीं हुई। जाति कितनी खत्म हुई, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जातिवाद से लड़ते जाति तत्वों का स्वरूप जातिवादी बनता गया। जाति के विरोधी ईमानदार तत्व भी जानते हैं कि जाति की चर्चा से जातिवाद बढ़ता है। तो क्या जाति अजर और अमर है!

उत्तर प्रदेश सरकार ने नाम के साथ जाति लिखने का नियम बदल दिया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार जारी किया गया है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि पुलिस रिकार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के नाम के साथ जाति के उल्लेख पर रोक लगाई जाए। देश के सभी राज्यों में जातिवाद चल रहा है। जाति जन्मना है। धर्म, मत, मजहब छोड़े जा सकते हैं, लेकिन जाति नहीं। राजनीति में जाति ही मुख्य कारक है। दल संगठन अपने उम्मीदवार उतारते समय जाति के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं। संगठन के पदाधिकारियों की सूची बनाते समय भी जाति का प्रभाव रहता है। गांव, कस्बों के बाजारों में, चाय आदि की दुकानों में भी जाति तत्व दिखता है। लोग अपनी जाति के दुकानदार से उपभोक्ता सामान लेने में सुविधा अनुभव करते हैं। समाज की नस-नस में जातिवाद है।

भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लंबे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय (1916) में 'जातियों की उत्पत्ति और संरचना' पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, "प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। ऋग्वेद में वर्ण नहीं हैं। उत्तरवैदिक काल में वर्ण शब्द का प्रयोग वर्ग के अर्थ में हुआ है। एक वर्ग का दूसरे वर्ग में जाना संभव था। वर्ग भी जन्मना नहीं होते।"

> जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनीं, लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम तप भी किए। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब-तब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में 2001 में 'नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता' पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था, लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

डॉ. अम्बेडकर ने कहा, "किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।" वे कहते हैं, "जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन सा था, जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिंदू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?"

प्रश्न उचित है। ऋग्वेद के रचनाकाल में जाति वर्ण के विभाजन नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे, इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्म तिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। जाति का कोई व्यक्ति या संगठन जाति का जन्मदाता नहीं हो सकता। ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अंबेडकर ने इसी शोध में कहा था, "जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।" सही बात है। कोई शक्तिशाली राज व्यवस्था या तानाशाह भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने को विवश नहीं कर सकते।

जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनीं। हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम तप भी किए। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब-तब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में 2001 में 'नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता' पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया, लेकिन डॉ. अंबेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था, "जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।" सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है।राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरूद्ध जन अभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है, बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है, तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

भारत को जाति व्यवस्था का मलबा नहीं ढोना चाहिए। मैं अनुसूचित जाति के एक परिवार में मेहमान था। बात 1984 की है। 41 वर्ष पुरानी। मेरा परिचय अनुसूचित जाति के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से कराया गया, "ये दीक्षित जी हैं, लेकिन ब्राह्मण होने के बावजूद अच्छे आदमी हैं।" जातिवादी दिमाग में ऐसी ही खुराफाती बातें चलती हैं। जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेदविहीन समाज बनाना होगा। 'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय' भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनीतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गों के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है, तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है।

दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं, लेकिन जन-जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जाति मुक्त चिंता के साथ आर्थिक आधार पर समूहों का व्यथा चिंतन होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्म गुरुओं को भी करना चाहिए।

# रक्तपात के पक्षधर नहीं थे शहीदे आजम भगत सिंह

युवाओं के क्रांतिनायक भगत सिंह के जीवन की अनेक ऐसी बातें हैं, जो देश के युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से भर देती है। 23 वर्ष की उम्र में ही शहीदे आजम भगत सिंह ने अपने लेखन और राष्ट्रभक्ति के बरअक्स एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर दिया, जिससे दशकों तक भारत की युवा पीढ़ी प्रेरणा लेती रहेगी। यह त्रासदी है कि आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए और देश की युवा पीढ़ी उनके आंदोलित और राष्ट्रवादी विचारों से अपरिचित रही। भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए जेल के दिनों में उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उन खतों और लेखों के माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे।



अरविंद जयतिलक
लेखक

वे और उनके साथियों ने पुलिस सुपरिटेंडेंट स्कॉट को निशाना तब बनाया, जब 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए भयानक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों पर ब्रिटिश हुकुमत ने लाठियां बरसाईं, जिसमें लाला लाजपत राय बुरी तरह घायल हुए और अंततः मृत्यु को प्राप्त हुए। भगत सिंह कतई नहीं चाहते थे कि ब्रिटिश संसद से मजदूर विरोधी नीतियां पारित हों। उनकी सोच थी कि अंग्रेजों को पता चलना चाहिए कि हिंदुस्तानी जाग चुके हैं और वे अधिक दिनों तक गुलामी में नहीं रह सकते।

> आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए। भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उनके माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के पक्षधर नहीं थे।

उन्होंने अपने विचारों से अंग्रेजों को यह बात समझानी चाही, लेकिन अंग्रेज समझने को तैयार नहीं थे। तब उन्होंने अपनी बात उन तक पहुंचाने के लिए आठ अप्रैल, 1929 को अपने साथी क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त से मिलकर ब्रिटिश सरकार की केंद्रीय असेंबली में बम फेंका। उन्होंने यह बम खाली स्थान पर फेंका, ताकि किसी को नुकसान न पहुंचे। बम फेंकने के बाद उन्होंने इंकलाब-जिंदाबाद के नारे लगाए और पर्चे फेंके। बम फेंकने का मकसद खून-खराबा करना नहीं था।

उन्होंने कहा भी, "यदि बहरों को सुनना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगा, जब हमने बम गिराया तो हमारा ध्येय किसी को मारना नहीं था, हमने अंग्रेजी हुकुमत पर बम गिराया था, अंग्रेजों को भारत छोड़ना चाहिए और उसे आजाद करना चाहिए।" उल्लेखनीय तथ्य यह कि बम गिराने के बाद वे चाहते तो भाग सकते थे, लेकिन उन्होंने भागना स्वीकार नहीं किया, बल्कि बहादुरी से गिरफ्तारी दी। सच कहें तो भगत सिंह ने यह साहस दिखाकर अंग्रेजों को समझा दिया कि एक हिंदुस्तानी क्या-क्या कर सकता है। उनका यह साहस दर्शाता है कि वे शांति के पैरोकार थे और हिंसा में उनका विश्वास रंचमात्र भी नहीं था। उन्होंने अपनी क्रांतिकारिता को रेखांकित करते हुए कहा भी है, "जरूरी नहीं था कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो, यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं था।"

# राजस्थान का गांव बदल रहा तस्वीर

राजस्थान का बीकानेर जिला अपने शुष्क और रेगिस्तानी भूभाग के लिए जाना जाता है। यहां की कठिन जलवायु, कम बारिश और घटते भूजल स्तर के बीच जीवन को संभालना आसान नहीं है। लूणकरणसर ब्लॉक का नाथवाना गांव इन सब चुनौतियों के बीच एक अनोखी पहचान बना रहा है। यह गांव पर्यावरण संरक्षण और पेड़-पौधों को संवारने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। यहां के लोग मानते हैं कि उनका जीवन और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य पेड़ों से ही जुड़ा है। यही कारण है कि वे अपने आस-पास पौधे लगाते हैं और उन्हें बच्चों की तरह संवारते हैं।

नाथवाना गांव की गलियों और खेतों में खेजड़ी, नीम, शीशम और बबूल जैसे पेड़ नजर आते हैं। खेतों की मेड़ों पर लगाए गए ये पेड़ न केवल मिट्टी को बांधकर रखते हैं, बल्कि खेतों में नमी बनाए रखने का काम भी करते हैं। गांव के लोग जानते हैं कि पेड़-पौधों का होना सिर्फ हरियाली का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन का आधार है। गर्मी के मौसम में जब तापमान 45 डिग्री से ऊपर चला जाता है, तब पेड़ों की छांव ही उन्हें राहत देती है। महिलाएं अक्सर अपने घरों के आंगन में तुलसी और नीम के पौधे लगाती हैं और उनकी देखभाल आस्था और परंपरा से जोड़कर करती हैं।



माया
एक्टिविस्ट

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले रेगिस्तान में पौधे लगाना आसान नहीं माना जाता था। पानी की कमी और तेज हवाओं के कारण पौधे लंबे समय तक टिक नहीं पाते थे, लेकिन अब नाथवाना के लोग सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। वे बारिश के मौसम में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान चलाते हैं। गांव की महिलाएं मिट्टी और पानी का प्रबंध करती हैं। बच्चे पौधे लगाते हैं और बुजुर्ग उनकी देखरेख का जिम्मा उठाते हैं। यह सामूहिकता इस बात का प्रमाण है कि जब समाज एकजुट होकर काम करता है, तो कठिनाइयों के बावजूद सफलता मिल सकती है।

बीकानेर जिले में वन क्षेत्र कुल क्षेत्रफल का मात्र 1.7 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत लगभग 21 प्रतिशत है। ऐसे में नाथवाना गांव का वृक्षारोपण अभियान बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले पांच वर्षों में यहां के ग्रामीणों ने पंचायत और व्यक्तिगत स्तर पर मिलकर लगभग तीन हजार पौधे लगाए हैं, जिनमें से 65 प्रतिशत पौधे आज भी जीवित हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बहुत मायने रखता है क्योंकि मरुस्थलीय क्षेत्रों में पौधों का जीवित रहना बड़ी चुनौती होती है।

नाथवाना गांव के लोग केवल पेड़ लगाते ही नहीं, बल्कि उनकी रक्षा भी करते हैं। अक्सर देखने को मिलता है कि गांव के बच्चे स्कूल जाते समय रास्ते में लगे पौधों को पानी देते हैं। खेतों से लौटती महिलाएं, पौधों में अपने मटके से दो-चार लोटा पानी जरूर डालती हैं। यहां तक कि शादी-ब्याह और धार्मिक आयोजनों में भी पौधे लगाने की परंपरा बन चुकी है। यह मानवीय पहलू इस गांव की सबसे बड़ी ताकत है, जिसने वृक्षों और इंसानों के बीच एक आत्मीय रिश्ता बना दिया है।

# आतंरिक कलह में फंसी भाजपा-राजद

बिहार विधानसभा चुनाव में उतरी भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आतंरिक कलह से जूझ रही है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। पार्टी के मुखिया लालू प्रसाद यादव के परिवार में ही फूट पड़ गई है। इस फूट की वजह बने हैं तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार सांसद संजय यादव। सत्ता बचाने के लिए राजग के नेता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, तो महागठबंधन भी नीतीश कुमार को गद्दी से हटाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहा है, हालांकि इन दलों में आतंरिक कलह की वजह से कार्यकर्ता परेशान नजर आ रहे हैं।

> बिहार विधानसभा चुनाव में उतरी भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आतंरिक कलह से जूझ रही है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। लालू यादव के परिवार में तो फूट ही पड़ गई है।

243 सदस्यीय विधानसभा में तेजस्वी यादव की पार्टी राजद ने 144 सीटों पर लड़कर 75 पर जीत दर्ज की थी, जबकि 70 सीटों पर लड़कर कांग्रेस सिर्फ 19 सीटें ही जीत पाई थी। सीपीआई-एमएल ने 12 सीटें जीतीं थीं। कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण राजद सत्ता से दूर रह गया था। कांग्रेस फिर से 70 सीटें चाह रही है, लेकिन तेजस्वी यादव उसे मनाने में लगे हुए हैं। समझा रहे हैं कि सीटों की हिस्सेदारी भले ही कम हो सकती है, लेकिन सरकार बनती है तो मंत्रिमंडल में हिस्सा सम्मानजनक होगा। तेजस्वी यादव अपने कुनबे की रार से कुछ ज्यादा जूझ रहे हैं।



दिग्विजय सिंह
कानपुर

पहले कथित प्रेमिका का नाम सामने आने के बाद न चाहते हुए भी लालू यादव ने तेज प्रताप यादव को घर और पार्टी से बाहर किया। तेज प्रताप ने अब राजद के खिलाफ ही मोर्चा खोल रखा है। दोबारा कभी राजद में न लौटने की कसम खाकर वे अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने का एलान कर चुके हैं। इसका नुकसान राजद को हो सकता है। तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव की वजह से उनकी बहन रोहिणी आचार्य नाराज हो गईं हैं। पहले रोहिणी ने बाद में उनके समर्थकों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से राजद नेताओं को अनफालो किया। इस रार से भाजपा और उसके सहयोगी जदयू, लोजपा रामविलास के नेता खुश थे, लेकिन अब तो भाजपा व जदयू में ही कलह सबके सामने आ गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह नाराज हैं। राजपूत समाज से आने वाले आरके सिंह दो बार के सांसद रहे हैं। पार्टी में लगातार उपेक्षा के कारण अब उन्हें नए विकल्प की तलाश है। आरा में क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में सीधे कह दिया कि भाजपा नेतृत्व राजपूतों की उपेक्षा कर रहा है। अगर वे पार्टी छोड़ते हैं, तो क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान हो सकता है। राजपूत समाज से आने वाले सांसद राजीव प्रताप रूडी भी खफा नजर आ रहे हैं, हालांकि उन्होंने नेतृत्व के खिलाफ तो कुछ नहीं बोला है, लेकिन उनकी नाराजगी का संकेत पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज में झलक रहा है। स्थानीय भाजपा नेतृत्व को विश्वास है कि समय रहते पार्टी की अंतरकलह शीर्ष नेतृत्व खत्म कर लेगा। हाल ही में असितनाथ तिवारी ने भी भाजपा छोड़ दी थी। इसे पार्टी के लिए बड़ा झटका माना गया है। असित कांग्रेस से भाजपा में आए थे।

आपसी रार की शिकार जदयू भी है। पार्टी के दो बार के विधायक मुजाहिद आलम, पूर्व विधायक कौशल यादव, पूर्व एमएलसी सलमान रागीव मुन्ना ने भी राजद की सदस्यता ले ली है। अभी कई और बड़े नेता जदयू छोड़ सकते हैं। चुनाव से पहले आपसी कलह से जूझ रहे इन दलों के प्रमुख नेता हर हाल में चुनाव की रणभेरी बजने से पहले सब कुछ शांत कर लेना चाहते हैं, हालांकि यह उनके लिए इतना आसान भी नहीं है। गठबंधन में शामिल छोटे दलों की ओर से भारी-भरकम सीटों की मांग से भी भाजपा, जदयू, राजद जैसे दलों के मुखिया परेशान हैं।

महागठबंधन में कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें झटकने को हर हथकंडे अपना रही है, तो विकासशील इंसान पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी भी पूरा जोर लगा रहे हैं। पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले लोजपा भी एक दर्जन सीटें चाह रही है। अधिक सीटें झटकने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से ही मुकेश सहनी कई बार बिना नाम लिए बिहार की राजनीति में परिवारवाद की मुखालफत कर चुके हैं। उनके बयानों से तेजस्वी यादव ही असहज होते हैं। 'बिहार में बहार है नीतीशे कुमार हैं' का नारा पिछले चुनावों में भाजपा और जदयू ने मिलकर लगाया था, लेकिन इस बार भाजपा का नारा बदल गया है। भाजपा के पोस्टरों में अब की बार एनडीए सरकार का नारा अंकित है, जबकि जदयू 'क्यूं करें विचार ठीक तो हैं नीतीश कुमार' का नारा लगा रही है। अलग- अलग नारों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# पश्चाताप यज्ञ से वाल्मीकि बन गए वंदनीय महापुरुष

सनातन संस्कृति में यज्ञ का बहुत महत्व है, इसीलिए अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के अंत में विधिवत यज्ञ किए जाते है। इसमें मंत्र आदि से अग्नि देवता का आह्वान किया जाता है और विविध सामग्रियों से आहुति दी जाती है। आहुति देते समय अंत में 'स्वाहा' शब्द बोला जाता है। 'स्वाहा' अग्नि देवता की पत्नी का नाम है। इसके अलावा 'स्वाहा' में 'स्व और आहा' शब्द का अर्थ है कि खुद को प्रकाश मिले। 'आहा' अह्नि को कहते हैं। अह्नि का अर्थ दिन से है। यानी दिन अपना हो। यज्ञ के देवता साक्षात विष्णु जी हैं। जब कभी कोई यज्ञ करता है, उसकी लौ दक्षिण दिशा की ओर जाती है तो मान्यता है कि यज्ञनारायण प्रसन्न हैं।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार

एक दूसरा यज्ञ पश्चाताप का यज्ञ होता है। इस यज्ञ में इंसान यदि जीवन में कोई गलती कर चुका है, तो उसे पश्चाताप यज्ञ करना चाहिए। पश्चाताप-यज्ञ में सबसे पहले जिसके साथ गलतियां हुई हैं, झूठ, फरेब, धोखा दिया गया हो, उससे जाकर की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगनी चाहिए। झूठ-फरेब से कोई संपत्ति हासिल कर ली गई हो, तो उसे वापस कर देना चाहिए। सार्वजनिक रूप से गलतियों को बताना चाहिए। भविष्य में उन गलतियों को दोहराना नहीं चाहिए।

मनुष्य जीवन में लोभ-लालच में गलत काम हो जाते हैं, जिस वक्त गलतियों का आभास हो, तत्काल वहीं रुक कर सदाचार के काम में लग जाना चाहिए। कई ऐसे उदाहरण हैं, जिसमें अत्यंत गलत काम में लिप्त महान विभूति बन गए। आदि कवि वाल्मीकि का उदाहरण लें। जब वे डाकू रत्नाकर थे, तो लोगों को मारना-पीटना तथा संपत्ति आदि लूट लिया करते थे, लेकिन नारद ने उनसे पश्चाताप यज्ञ करा दिया और वे वंदनीय महापुरुष बन गए तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को लेकर संस्कृत में रामायण की रचना कर डाली।

अंगुलिमाल भी दुर्दांत स्वभाव का था, लेकिन जब गौतम बुद्ध के संपर्क में आया तो उसके जीवन में अद्भुत बदलाव आ गया। यह सब तो पौराणिक कथाएं है। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता महात्मा गांधी का भी उदाहरण है। जीवन में जो गलतियां कीं, उसे अपने पिता को बता दीं तथा भविष्य में उन गलतियों को न दोहराने का कठोर संकल्प लिया।

# अध्यात्म से भटककर भीड़ और आक्रोश का औजार बनता धर्म

धर्म जिस पल भावना की गिरफ्त में आ जाता है, वह अपने आध्यात्मिक और नैतिक उद्देश्य से भटककर पहचान, भीड़ और आक्रोश का औजार बन जाता है। इस्लाम की बुनियादी शिक्षा, जहां व्यक्तिगत ईमान, न्याय, करुणा और आत्म निरीक्षण पर टिकी है, वहीं मुस्लिम समाज का बड़ा हिस्सा पैगंबर साहब की मूल शिक्षाओं से अधिक उन व्याख्याओं में कैद है, जिन्हें खलीफाओं, फुकहा और मध्यकालीन धार्मिक सत्ता संरचनाओं ने गढ़ा है। इसमें विचार से अधिक भावना है, प्रश्न से अधिक श्रद्धा है और आत्मावलोकन से अधिक प्रतिक्रिया।




यही भावनात्मक फंदा बार-बार "I Love Muhammad" या "Labbaik Ya Rasool Allah" जैसे अभियानों में दिखाई देता है। सतह पर यह प्रेम और आस्था की अभिव्यक्ति प्रतीत होते हैं, लेकिन इनके पीछे दो खतरनाक प्रवृत्तियां काम करती हैं– सामूहिक भावनात्मक उन्माद और तर्क-विरोधी पहचान की राजनीति।

पैगंबर मोहम्मद साहब ने स्वयं को 'बशर' यानी मनुष्य कहा और कुरान को 'तदब्बुर' यानी विचार करने लायक किताब बताया, लेकिन सदियों से मुस्लिम समाज में कुरान या पैगंबर की जगह, उनकी व्याख्या करने वाले सत्ता-प्रतिष्ठानों को महत्व मिलता रहा। परिणाम यह हुआ कि मुसलमानों का बड़ा हिस्सा इस्लाम के मूल नैतिक-संदेश से नहीं, बल्कि उसकी भावनात्मक रक्षा की मुद्रा में पला-बढ़ा। 'पैगंबर का अपमान', 'कुफ़्र', 'तौहीन-ए-रिसालत' जैसे शब्द कानूनी नहीं, सामुदायिक हथियार बना दिए गए।



उपेंद्र चौधरी
वरिष्ठ पत्रकार

आई लव मोहम्मद जैसे अभियान क्यों समस्या हैं? ऐसे अभियानों की संरचना तीन स्तरीय होती है- पहचान आधारित भावनात्मक लामबंदी, जहां प्रेम की अभिव्यक्ति व्यक्तिगत होनी चाहिए थी, वहां उसे भीड़ की कसौटी पर खड़ा किया जाता रहा है, जो इन नारों में शामिल नहीं होता, वह अपने समुदाय के भीतर ही संदेह का पात्र बन जाता है। तर्क, आलोचना और संवाद को अपराध घोषित करना, मोहम्मद साहब को जानना, पढ़ना या समझना एक बौद्धिक प्रक्रिया होनी चाहिए, लेकिन ऐसे अभियानों में मोहब्बत का अर्थ अंध-समर्थन और आलोचना का अर्थ युद्ध घोषित कर दिया गया है। यह भावना धीरे-धीरे इस धारणा में बदलती है कि 'दुनिया पैगंबर के खिलाफ है, इसलिए हम सबको एकजुट होना है।'

जब कोई समुदाय खुद को धार्मिक अपमान के खिलाफ स्थायी युद्ध की मुद्रा में रखता है, तो वह वैज्ञानिक चेतना, आधुनिक कानून, लोकतांत्रिक असहमति और सहअस्तित्व के सिद्धांतों के विपरीत खड़ा हो जाता है। भावना के सहारे खड़ी की गई धार्मिक प्रतिष्ठा समाज को नागरिकता से भीड़ की ओर धकेल देती है। परेशानी यह है कि भावनात्मक संस्कृति ने आलोचना की जगह प्रतिशोध को स्थापित कर दिया है।

पैगंबर से प्रेम उनके नाम पर नारे लगाने से नहीं, उनका अनुसरण करने से सिद्ध होता है। मोहम्मद साहब ने इल्म, इज्तेहाद (स्वतंत्र व्याख्या) और शूरा (संवाद) पर जोर दिया, मगर मौजूदा धार्मिक आग्रह इन्हीं तीनों के विरुद्ध है। "I Love Muhammad" जैसी अपील दरअसल इस बात की स्वीकृति बन जाती है कि आप सोचें नहीं, बस नारे में शामिल हो जाएं।

यदि मोहम्मद साहब से प्रेम विचार, न्याय, बराबरी, ज्ञान, आत्मालोचना और मानवता की रोशनी में नहीं है, तो क्या वह प्रेम है या सांस्कृतिक भय? क्या मोहम्मद साहब को प्रेम करने का अर्थ यह होना चाहिए कि उन्हें पढ़ा न जाए, बस पूजा जाए? 'I Love Muhammad' जैसी मुहिमें यदि भावनात्मक सुरक्षा से अधिक वैचारिक स्वतंत्रता को कुचलती हैं, तो वे मोहम्मद साहब की नहीं, उन्हीं धार्मिक सत्ता संरचनाओं की सेवा करती हैं, जिन्होंने इस्लाम को विचार के बजाय खतरनाक भावना में कैद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# छोटे से गांव से निकली 'अनंत' प्रतिभा

## 'अजेय-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ अ योगी' में अनंत विजय जोशी ने शानदार किरदार निभाया

उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी अनंत विजय जोशी इन दिनों सुर्खियों में हैं। वजह है उनकी नई फ़िल्म ''अजेय-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ अ योगी'' है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। यह फ़िल्म 19 सितम्बर को देशभर में रिलीज़ हो चुकी है और दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया पा रही है।



### अल्मोड़ा से मुंबई तक का सफर

- मूल रूप से अल्मोड़ा ज़िले के हवालबाग विकासखंड के स्यूरा गांव से ताल्लुक रखने वाले अनंत का बचपन साधारण रहा लेकिन सपने हमेशा बड़े रहे। उनके पिता गोपाल दत्त जोशी, जो हजरतपुर (फ़िरोज़ाबाद) की ऑर्डिनेंस फ़ैक्ट्री में नौकरी करते थे और उनकी माता मधु जोशी, बेटे की इस सफलता पर गर्व से भर जाते हैं। पिता जोशी बताते हैं कि अनंत का जन्म आगरा में हुआ। अनंत बचपन से ही अपने स्कूल के कार्यक्रमों में छा जाते थे। मंच पर आते ही जैसे कोई और ही किरदार बन जाता था। इंटर तक की पढ़ाई फ़िरोज़ाबाद में पूरी करने के बाद अनंत ने आम्रपाली यूनिवर्सिटी, हल्द्वानी से स्नातक किया। पढ़ाई के दौरान ही उन्हें अभिनय का अवसर मिला और लाइफ़ ओके चैनल के शो 'ज़िंदगी अभी बाक़ी है मेरे घोस्ट' से उनकी पहचान शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने कभी मुड़कर नहीं देखा।

### टीवी और ओटीटी की दुनिया में पहचान

- अनंत ने स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'क्या कसूर है अमला का', सोनी टीवी का चर्चित सीरियल 'पवित्र रिश्ता' और 'तारा फ्रॉम सतारा' जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। वहीं, ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म्स पर उन्होंने 'गंदी बात', 'वर्जिन भास्कर', 'पौरुषपुर' जैसी वेब सीरीज़ में अपनी अलग छाप छोड़ी। नेटफ़्लिक्स की फ़िल्म 'कटहल' और सीरीज़ 'कोबाल्ट ब्लू', 'ये काली काली आंखें', 'मामला लीगल है' ने उनके करियर को और मज़बूती दी।



- **लगातार नई ऊंचाइयों की ओर :** अनंत ने बहुचर्चित फिल्म '12वीं फेल' में दमदार रोल निभाया था। उनका किरदार इस फिल्म के मुख्य अभिनेता के दोस्त प्रीतम पांडे के रूप में रहा था। अब 'अजेय' फिल्म के बाद दर्शक अनंत को और नई फ़िल्मों में देखने वाले हैं। 31 अक्टूबर को उनकी अगली फ़िल्म 'वन टू चा चा चा' रिलीज़ होने जा रही है। इसके अलावा वह मशहूर अदाकारा नीना गुप्ता के साथ फ़िल्म 'अमीरी' में नज़र आएंगे। उनकी एक और हिंदी फ़िल्म 'द बर्ड' की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है। इस समय अनंत एक नई फ़िल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, लेकिन उनकी नज़रें हमेशा आगे की मंज़िल पर टिकी रहती हैं।
- **परिवार और पहाड़ का गर्व :** हल्द्वानी की हर्ष कॉलोनी, फतेहपुर में रह रहे अनंत का परिवार आज गर्व से भर उठा है। पिता कहते हैं– ''यह हमारे लिए ही नहीं, पूरे पहाड़ के लिए गर्व की बात है कि हमारे बेटे ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है।'' अनंत की यात्रा इस बात का सबूत है कि छोटे गांव की पगडंडियों से भी बड़े सपनों की उड़ान भरी जा सकती है। आज वह केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

# सिनेमैटोग्राफी में कॅरियर संवार मालामाल हो सकता यंगिस्तान

यूं तो पहाड़ के लोगों ने हर फील्ड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अच्छा नाम कमाया, लेकिन एक ऐसी भी दुनिया रही, जिसमें तकनीकी तौर पर उनकी भूमिका शून्य थी। चकाचौंध भरी इस फिल्मी दुनिया में रंगमंच और अभिनय के क्षेत्र में कई नामी चेहरे उभरे, लेकिन संभवतः पहाड़ से पहली बार सिनेमैटोग्राफी को अपना कॅरियर बनाने की ठानने वाले नैनीताल के राजेश साह का नाम आज की तारीख में माया नगरी में स्थापित हो चुका है। राजेश साह बताते हैं कि आज अभिभावक अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर या फिर अफसर बनाना चाहते हैं, लेकिन इस फील्ड की ओर किसी का ज्यादा ध्यान नहीं है।

वे युवाओं से कहते हैं कि अगर आपके भीतर टैलेंट के साथ क्रिएटिविटी है तो इस ओर भी कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस फील्ड में पैसा इतना है कि संभालना मुश्किल हो जाए। घंटों के हिसाब से पेमेंट होता है। बताते हैं कि सिनेमैटोग्राफी एक कला और तकनीक का संगम है, जो किसी फिल्म, धारावाहिक या वीडियो के दृश्यात्मक प्रस्तुतिकरण को दर्शाता है। यह कैमरे के माध्यम से कहानी कहने की प्रक्रिया है, जिसमें प्रकाश, फ्रेमिंग, मूवमेंट, एंगल, रंग और कैमरा सेटिंग्स का समुचित उपयोग किया जाता है। सिनेमैटोग्राफर, जिसे डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी (डीओपी) भी कहा जाता है, निर्देशक के साथ मिलकर यह तय करता है कि हर दृश्य को कैसे शूट किया जाएगा ताकि दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़े। सिनेमैटोग्राफी का उद्देश्य केवल सुंदर चित्र बनाना नहीं, बल्कि भावनाओं और कथानक को प्रभावी रूप से व्यक्त करना भी होता है।

राजेश बताते हैं कि आधुनिक सिनेमैटोग्राफी में ड्रोन, स्टेडीकैम, क्रेन और डिजिटल कैमरों का प्रयोग बढ़ गया है, जिससे दृश्य और भी जीवंत और गतिशील हो गए हैं। उनके हिसाब से सिनेमैटोग्राफी फिल्म निर्माण की आत्मा है, जो दृश्य माध्यम को कला का रूप देती है और दर्शकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करती है। वे युवाओं के लिए कहते हैं कि अगर आपके अंदर कुछ अलग करने का जज्बा और लगन है तो इस फील्ड में भविष्य उज्ज्वल है।



शूटिंग के दौरान सिनेमैटोग्राफर राजेश साह।



फिल्म थ्री इडियट की टीम के साथ राजेश साह (कैमरे के बगल में)।

### संघर्ष के बाद मिली सफलता

- राजेश ने नैनीताल के सेंट जोजफ कॉलेज से पढ़ाई कर लखनऊ यूनिवर्सिटी से एमबीए किया। एफटीआई पुणे से तीन वर्ष का कोर्स कर फिल्म इंडस्ट्री मुंबई पहुंचे तो शुरुआत में काफी संघर्ष करना पड़ा। आखिरकार उन्हें साल 1993 में संजय दत्त की खलनायक फिल्म में अशोक मेहता के साथ काम करने का मौका मिला। यह उनकी पहली फिल्म थी। इसके बाद उन्होंने थ्री इडियट, बरसात, लगे रहो मुन्ना भाई, एक हसीना थी, जानी गद्दार, 1942 ए लव स्टोरी, छू लेंगे आकाश, कभी पास कभी फेल, राजू बन गया जेंटलमैन, इस रात की सुबह नहीं जैसी तमाम सुपरहिट फिल्मों में काम किया।

### यहां से कर सकते हैं कोर्स

- सिनेमैटोग्राफर राजेश साह के अनुसार आप भारत में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई), व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल (डब्ल्यूडब्ल्यूआई), सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (एसआरएफटीआई) जैसे संस्थानों से सिनेमैटोग्राफी के कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा आफ्ट, एनआईडी जैसे अन्य शीर्ष संस्थान भी हैं।

**लेखक : हरीश उप्रेती करन**

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी

सोनी सब के शो 'उफ्फये लव है मुश्किल' में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोजमर्रा की जिंदगी की मासूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, 'मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे, लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया। जब मैं मुंबई आई, तो मैंने गरबा सीखने की खूब कोशिश की। आज भी सीख रही हूं, क्योंकि ये साल में सिर्फ नौ दिन आता है, इसलिए आसान नहीं है। मुंबई का नवरात्रि वाला माहौल गजब होता है, जब आप देखते हो कि सब लोग वही रंग पहने होते हैं, जो आप पहने हो, नौ दिनों के लिए नौ रंगों का पालन करते हैं। मुझे ये कॉन्सेप्ट बहुत अच्छा लगता है। आज भी मैं वो पूजा और व्रत करती हूं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं। शाम को मैं अपने परिवार के साथ, कभी-कभी दोस्तों के साथ, गरबा ग्राउंड्स जाती हूं - कभी गरबा खेलने, तो कभी सिर्फ दूसरों को आनंद लेते देखने। वहां का माहौल सचमुच बेहद खुशहाल और रंगीन होता है।'



## फिल्म समीक्षा

### जीवन जीने का सबक देती 'ह्रदयपूर्वम'

हाल ही में मोहनलाल सर की ह्रदयपूर्वम फिल्म हिंदी डब में जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। मोहनलाल के साथ, मालविका मोहनन और संगीत प्रताप मुख्य भूमिकाओं में हैं। सत्यन अंतिकाड ने फिल्म का निर्देशन किया है। यह एक हल्की–फुल्की कॉमेडी फिल्म है और फिल्म में अच्छे भावनात्मक दृश्य हैं। ये हमें भावुक कर देते हैं। अकेलेपन की समस्याओं को भी बखूबी दर्शाया गया है। हर किसी को जीवन में दूसरों को प्यार और स्नेह देने का काम करना चाहिए, क्योंकि जीवन एक बार ही मिलता है। फिल्म में कथा इस प्रकार है कि संदीप (मोहनलाल) एक सफल व्यवसायी हैं। वह कोच्चि में एक क्लाउड किचन चलाते हैं। हाल ही में उनकी ह्रदय शल्य चिकित्सा हुई है और पुणे के एक कर्नल का ह्रदय उनमें प्रत्यारोपित किया गया है। जेरी (संगीत प्रताप) नाम का एक पुरुष नर्स संदीप की देखभाल के लिए अस्पताल से आता है। एक दिन कर्नल की बेटी हरिता (मालविका) उनसे मिलने पुणे से कोच्चि आती है और उन्हें अपनी सगाई में आमंत्रित करती है। हरिता के सगाई के लिए संदीप पुणे जाते है, तो उनके जीवन में जो कुछ बदलाव आते हैं, वही कहानी का बाकी हिस्सा है। संगीत प्रताप और मोहनलाल के बीच कॉमेडी सीन बहुत अच्छे हैं, दोनों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी तरह से दिखाई गई है। संगीत सुनने लायक है, खासकर हिंदी डब गाने बहुत अच्छे से चुने गए हैं, गाने सुनने लायक हैं। मोहनलाल, संगीत प्रताप, कर्नल की पत्नी और मालविका, सभी ने खूबसूरत और अद्भुत काम किया है। यह फिल्म हमें हंसाती है, भावुक करती है, जीवन की समस्याओं को भी प्रस्तुत करती है और जीवन किस प्रकार जीने का सबक भी देती है।

### स्वतंत्र स्त्री और सामाजिक न्याय के लिए लड़ती हुई वकील की कहानी- द ट्रायल

अपने जज पति पर यौनाचार के आरोपों और फिर उनके सिद्ध होने पर सजा हो जाने के बाद एक दस वर्ष की विवाहिता अपनी दो बच्चियों के साथ जीवन की फिर से शुरुआत करती है। एक लॉ फर्म में नौकरी से। वह और क्या करती, क्योंकि उसकी योग्यता एक अच्छे वकील की ही थी, विवाह से पहले। यह सीजन–1 की संक्षिप्त कहानी है। द ट्रायल, अमेरिकन कोर्ट ड्रामा सीरीज "द गुड वाइफ" पर आधारित है, जो एक सफल सीरीज थी। हिंदी सीरीज में लीड रोल यानी वाइफ के रोल में हैं, काजोल। हिंदी संस्करण में कहानी में राजनीति, कानून, प्रेम संबंधों, ऑफिस की कारगुजारियां और मानव मन की कुंठाएं, चालाकी, पारिवारिक मजबूरियां, बच्चों पर इन सबके प्रभावों को बड़ी चतुराई से शामिल किया गया है। अमेरिकन सीरीज को देखे हुए इतना अरसा हो गया है कि मैं बड़ी सुविधा से उसे भूला हुआ कह सकता हूं, इसलिए कोई तुलना नहीं कर सकता, लेकिन सीजन –2 में विशेषत: काजोल ने कहानी की कमान अपने हाथ में ली है और अच्छा अभिनय किया है, परंतु कुछ दूसरे कलाकार भी अदाकारी में पीछे नहीं है। जैसे– जज पति (जिस्सू सेनगुप्ता), लॉ फर्म की पार्टनर (शीबा चड्ढा), दूसरा पार्टनर (अली खान), महिला साथी मित्र (कुबरा सईद)। विशेष रोल में असरानी, गौरव पांडे (दोनों वकील) और नेता के रोल में सोनाली कुलकर्णी भी अच्छे लगे हैं। फर्म में पार्टनर्स में मनभेद होने से लेकर काजोल के युवावस्था में मित्र रहे अली खान से मधुर संबंधों और अपने पति के साथ प्रेम, घृणा, समझौता और विद्रोह को काजोल ने अच्छी तरह से दिखाया है। विवाहित जीवन में परस्पर विश्वास के टूटने पर पूरे परिवार पर उसका प्रभाव होता है। भारतीय परिवेश में पत्नियां बहुधा उसे भूलकर आगे बढ़ती हैं, परंतु इस कहानी में यह बहुत ही कॉम्प्लिकेटेड होता जाता है। निर्णयों से आप सहमत हो यह जरूरी नहीं। द ट्रायल सिर्फ एक वकील की कहानी नहीं है , एक पत्नी, मां , स्वतंत्र स्त्री और सामाजिक न्याय के लिए लड़ती हुई वकील की कहानी है। परंतु लॉ फर्म में कानूनी मामलों की खोजबीन, कोर्टरूम ड्रामा और राजनीतिक चालबाजियां भी कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है और वे सब इसे घटनापूर्ण और गतिमान बनाती है। पटकथा, कैमरा वर्क, पार्श्व संगीत और गति की दृष्टि से सीरीज अच्छी बन पड़ी है, लेकिन सबसे मुख्य है, मुख्य चरित्रों की परफॉर्मेंसेस। इन सबके लिए देखिए, द ट्रायल।

# 2025 को बेहद खुशनसीब साल मानते हैं अभिनेता आदर्श गौरव

अभिनेता आदर्श गौरव 2025 को अपने लिए बेहद खुशनसीब साल मानते हैं। तेजी से उभरते सितारे आदर्श गौरव, जो अपने अलग-अलग किरदारों और बेखौफ रोल चुनने के लिए जाने जाते हैं, 2025 को अपने करियर का सबसे खास साल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने जोया अख्तर और रीमा कागती की सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव से भारतीय दर्शकों का दिल जीता और रिडली स्कॉट की अंतर्राष्ट्रीय साइ-फाई सीरीज एलियनः अर्थ से ग्लोबल पहचान पाई। इसके अलावा आदर्श ने हाल ही में अपनी पहली तेलुगु फिल्म, एक मनोवैज्ञानिक ड्रामा की शूटिंग भी पूरी कर ली है। फिलहाल वह आनंद एल. राय की बहुप्रतीक्षित क्रिएचर ड्रामा तू या मैं की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ शनाया कपूर नजर आएंगी। इस खास साल को लेकर आदर्श ने अपने दिल की बातें साझा की,"2025 मेरे लिए एक अहम मोड़ जैसा है, बतौर अभिनेता और बतौर कहानीकार दोनों रूपों में। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव मेरे लिए बहुत ही व्यक्तिगत और भावनात्मक अनुभव था। रीमा के निर्देशन में और जोया के प्रोडक्शन में छोटे शहर के सपनों को सेलिब्रेट करने वाली यह कहानी मुझे फिर याद दिलाती है कि मैंने सिनेमा से पहली बार क्यों प्यार किया था। दूसरी तरफ, एलियनः अर्थ मेरे लिए बिल्कुल अलग अनुभव था - इसका पैमाना, इसका सपना और रिडली स्कॉट जैसे दिग्गज के साथ और एक बेहतरीन इंटरनेशनल कास्ट के साथ काम करने का मौका अविश्वसनीय था। एक ही साल में इतने बड़े प्रोजेक्ट पूरे करना मेरे लिए बहुत संतोषजनक रहा है।' आदर्श ने कहा, 'मैंने हाल ही में अपनी पहली तेलुगु फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो मेरी मातृभाषा है। यह मेरे लिए एक नया अनुभव और नए दर्शकों से जुड़ने का एक शानदार मौका रहा। इसके साथ ही अभी मैं आनंद एल. राय की तू या मैं की शूटिंग कर रहा हूं, जो एक और सपना पूरा होने जैसा है। आनंद सर की कहानियां हमेशा दिल और भव्यता का अनोखा मेल होती हैं और एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना जो जॉनर की सीमाओं को तोड़ती है, मेरे लिए बेहद रोमांचक है। मैं उन सभी फिल्ममेकर्स का शुक्रगुजार हूं,जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और उन दर्शकों का भी, जिन्होंने भारत और विदेश दोनों जगह मुझे लगातार प्यार और हौसला दिया। इतने अलग-अलग जॉनर, भाषाओं और पैमानों पर काम करने का मौका मुझे याद दिलाता है कि जब तक मैं अपने काम के प्रति ईमानदार हूं, संभावनाएं अनंत हैं।' तीन बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ, जो अलग-अलग भाषाओं, जॉनर और इंडस्ट्रीज़ से जुड़े हैं। आदर्श गौरव ने खुद को इस पीढ़ी के सबसे बहुमुखी और होनहार अभिनेताओं में मजबूती से स्थापित कर लिया है। 2025 की उनकी यात्रा यह साबित करती है कि भारतीय अभिनेता अब सीमाओं को पार कर सचमुच ग्लोबल परफॉर्मर बनने की परिभाषा गढ़ रहे हैं।



# रील्स में खो रही प्रतिभा, थियेटर देता असली पहचान


अभिषेक वर्मा

- शहर के युवा लेखक एवं निर्माता नमन मेहरा का इंटरव्यू
- शार्ट फिल्म 'धुंधली यादें' ने झटके 8 अवार्ड

किसी भी चीज के दो पहलू होते हैं, एक अच्छा और एक बुरा। सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने जहां युवाओं को कम समय में बड़ा नाम दिया तो इसकी वजह से असली प्रतिभा खो सी गई। अभिनय में रुचि रखने वाले ऐसे युवा रील्स तक सिमट गए, जबकि उनको असली पहचान थियेटर ही दे सकता है। इसलिए कलाकारों को रील्स की दुनिया से निकलना जरूरी है। यह कहना है शहर के युवा लेखक व निर्माता नमन मेहरा का। हाल में नमन मेहरा की शार्ट फिल्म 'धुंधली यादें' को देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में अलग-अलग कैटेगरी में 8 अवार्ड मिले हैं। इसके साथ कुल 22 फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म ने जगह बनाई।

शहर के फजलगंज के रहने वाले नमन मेहरा द्वारा बनाई गई शार्ट फिल्म बीते 5 सितंबर को यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। नमन मेहरा ने बताया कि फिल्म 9 मिनट 28 सेकेंड की है, जो अल्जाइमर डिनेशियल्स यानी भूलने की बीमारी पर आधारित है। शॉर्ट फिल्म में बुढ़ापे में होने वाली समस्या और उसके उपायों को बताया गया है।





### बांद्रा फिल्म फेस्टिवल में 'धुंधली यादें' को मिला बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड

- नमन मेहरा ने बताया कि बांद्रा फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड मिला है। इसके साथ ही धनबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल–2025 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ निर्माता, सर्वश्रेष्ठ कहानी, सर्वश्रेष्ठ पटकथा और सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का अवार्ड मिला। साथ ही फ्रेन्ज़ी फिल्म महोत्सव कोलकाता में सर्वश्रेष्ठ कहानी (आलोचक पुरस्कार) मिला है। इसके साथ ही 7 सिस्टर्स नॉर्थ ईस्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2025 और थाईलैंड गदुरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–2025 अंतर्राष्ट्रीय टैगोर फिल्म पुरस्कार में भी फिल्म को पुरस्कार मिल चुका है।

### अब वेब सीरीज पर चल रहा काम

- शहर के डीपीएस आजाद नगर से स्कूलिंग पूरी करने वाले 32 वर्षीय नमन मेहरा ने बताया कि पिता के दोस्त अश्वनी धीर सर हैं, जिन्होंने प्रसिद्ध धारावाहिक लापतागंज बनाया। उनकी प्रेरणा से ही राइटर और निर्माता बनने का बल मिला है। 'बाला' फिल्म में कास्टिंग असिस्टेंट से शुरुआत की। इसके बाइ कई प्रोजेक्ट के साथ जुड़े और बारीकियां सीखीं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले शार्ट फिल्म 'यह सवाल ही क्यों बनाया' यूट्यूब पर रिलीज हुई थी, लेकिन उसे ज्यादा फेम नहीं मिला। इसके बाद जिया अहमद खान, त्रिशिखा त्रिपाठी और अक्षत शुक्ला के साथ मिलकर 'धुंधली यादें' शॉर्ट फिल्म बनाई, जिसे लोगों ने सराहा है। उन्होंने का कि अब वेब सीरीज बनाने पर काम कर रहा हूं।

नमन ने कहा कि बूढ़ा और बच्चा एक समान होता है। जब आपका बच्चा कोई बात भूलता है तो क्या आप उसको डांटते या मारते होनहीं तो फिर लोग बुढ़ापे में अपने माता-पिता व बुजुर्गों के साथ यह व्यवहार कैसे कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म आधारित कहानी को देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 28 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## एचडीएफसी की दुबई शाखा को नए ग्राहक जोड़ने से रोका

मुंबई। एचडीएफसी बैंक की दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी) शाखा को स्थानीय नियामक ने नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया है। भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसने दुबई वित्तीय सेवा प्राधिकरण (डीएफएसए) के नोटिस का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। इस फैसले का उस पर वित्तीय असर नहीं होगा। बैंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए कथित उल्लंघनों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी।

### बिजनेस ब्रीफ

### मुंबई आए 50 लाख अंतर्राष्ट्रीय यात्री

**नई दिल्ली।** मुंबई में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 50 लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों का आगमन हुआ। इनमें मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन और थाईलैंड के यात्री शामिल हैं। निजी हवाई अड्डा संचालक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह जानकारी दी। एमआईएएल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के आगमन में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह दर वैश्विक यात्रा मानचित्र पर मुंबई के बढ़ते महत्व को दर्शाती है और विश्व पर्यटन दिवस की भावना को भी उजागर करती है। हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### अंडमान में ऑयल इंडिया ने खोजा प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) ने अंडमान द्वीप समूह के पास प्राकृतिक गैस भंडार की खोज की है। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने खोज के आकार के बारे में जानकारी नहीं दी। ओआईएल ने कहा कि अपतटीय अंडमान ब्लॉक एएन-ओएसएचपी-2018/1 में खोदे गए दूसरे अन्वेषण कुएं विजयपुरम-2 में प्राकृतिक गैस की उपस्थिति की सूचना मिली है। शुरुआती जांच के दौरान, जब कुएं से गैस रुक-रुक कर बाहर निकल रही थी, तो उसके नमूनों की जांच की गई। इस जांच से यह पुष्टि हो गई है कि वहां प्राकृतिक गैस मौजूद है।

### इंफो एज सबसे सफल उद्यम निवेशक घोषित

**नई दिल्ली।** नौकरी डॉट कॉम की मूल कंपनी इंफो एज को देश का सबसे सफल उद्यम निवेशक घोषित किया गया है। कंपनी ने भारतीय स्टार्टअप पर दीर्घकालिक दांव लगाकर शानदार प्रतिफल हासिल किया है, जिसमें जोमैटो से लेकर पॉलिसीबाजार तक शामिल हैं। संजीव बिखचंदानी – जिन्हें अक्सर भारत का वॉरेन बफेट कहा जाता है, की इस फर्म ने पिछले डेढ़ दशकों में विभिन्न मंचों पर कुल 3,959.16 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया है।

# आर्थिक तरक्की की मिसाल बन गया यूपी

## ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी सत्र में बोले प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना




- कहा-कानून-व्यवस्था सख्त हुई तो, हुआ करोड़ों का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना

**अमृत विचार।** 2017 से पहले जो यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल बन चुका है। सुरक्षा और सुशासन से चौतरफा तरक्की हो रही है। 15 लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतारा जा चुका है। यह बातें शनिवार को प्रदेश के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित 'ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी' में कहीं।

खन्ना ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के उद्यमियों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म है। यह आयोजन किस कदर सफल है, इसका अंदाजा यहां बढ़ रही निवेशकों और उद्यमियों की संख्या से लगाया जा सकता है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिना थके, बिना रुके यूपी के विकास के लिए सतत काम कर रहे हैं। 2017 से पहले यूपी की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन आज पूरी दुनिया में लोग यूपी को बेहतर कानून व्यवस्था और आर्थिक तरक्की के लिए जानते हैं। विदेशी दौरों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी लोग कहते हैं कि योगी जैसा नेता चाहिए।

### जीएसटी रिफॉर्म से आम जनता को बड़ा लाभ

सुरेश खन्ना ने कहा कि जीएसटी में राहत से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यूपी का एक्सपोर्ट 2014 से पहले 84,000 करोड़ रुपये का था, जो आज बढ़कर 1,76,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। यूपी की अर्थव्यवस्था में जबरदस्त उछाल आया है। हमने अपने बजट में 133 प्रतिशत की वृद्धि की है और वर्ष 2024-25 में 59,000 करोड़ रुपये के राजस्व सरप्लस स्टेट बने हैं। हमारी आय हमारे खर्च से कहीं ज्यादा है और इस मामले में यूपी देश में सबसे आगे हैं।

### एमएसएमई सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर : राकेश सचान

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश का बजट इस बार अब तक का सबसे बड़ा रहा और सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी लगातार आर्थिक तरक्की कर रहा है। देश की जीडीपी में योगदान के मामले में यूपी का स्थान अब दूसरे नंबर पर है। सचान ने कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई सबसे बड़ा सेक्टर है जो रोजगार देता है। जीएसटी सुधारों के बाद इस सेक्टर में और अधिक तरक्की के द्वार खुल गए हैं। सचान ने कहा कि एमएसएमई उद्यमियों की यह भी मांग है कि जिस तरह किसानों को ऋण के लिए क्रेडिट कार्ड दिया जाता है, उसी तर्ज पर एमएसएमई के लिए भी एक अलग क्रेडिट कार्ड जारी किया जाए। कार्यक्रम को वित्त विभाग के विशेष सचिव समीर वर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक इंदर मोहन सिंह समेत कई अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# अमेरिकी शुल्क भारतीय वृद्धि के लिए जोखिम: क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी

- इंटेलिजेंस ने कहा- कम मुद्रास्फीति व ब्याज दरों में कटौती से वृद्धि की उम्मीद

क्रिसिल इंटेलिजेंस ने अपनी सितंबर की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के उच्च शुल्क लगाने से देश की वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों को प्रभावित करेंगे। हालांकि, क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। इसमें यह भी कहा गया कि कृषि क्षेत्र की अच्छी वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद है, हालांकि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव का अभी पूरी तरह से आकलन नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## एनटीपीसी ने सरकार को 3,248 करोड़ का दिया अंतिम लाभांश

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ने 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में बिजली मंत्रालय को 3,248 करोड़ का भुगतान किया। एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बिजली मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा।

यह राशि नवंबर 2024 में 2,424 करोड़ के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। 2024-25 के लिए भुगतान किया गया लाभांश 8,096 करोड़ है, जो 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 8.35 रुपये बैठता है।

# घरेलू प्राथमिकताओं को वैश्विक नजरिये से जोड़ेगा कौटिल्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीतारमण चौथे केईसी 2025 का करेंगीं उद्घाटन व जयशंकर करेंगे सम्मेलन का समापन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन अक्टूबर को यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। इस बार सम्मेलन का विषय 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पांच अक्टूबर को भारत की विदेश और आर्थिक नीति पर विचार-विमर्श के साथ इस सम्मेलन का समापन करेंगे। इसमें कहा गया कि तीन दिवसीय केईसी 2025 एक गतिशील मंच है, जो भारत की घरेलू प्राथमिकताओं को वैश्विक नजरिये के साथ जोड़ेगा और उथल-पुथल के दौर में समृद्धि का मार्ग तैयार करेगा। इसमें कहा गया कि अपने समृद्ध अनुभव के आधार पर केईसी ने समकालीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 30 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 विदेशी प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को बढ़ाया है।

# स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकसित करने वाला भारत दुनिया का पांचवां

मुंबई, एजेंसी



- टीसीएस, सी-डॉट, तेजस नेटवर्क्स ने खड़ा किया एकीकृत 4जी नेटवर्क स्टैक

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है। टाटा कंसल्टेंसी ने कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पाँचवाँ देश बन गया है जो 4जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विकसित किया है।

टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभायी है। कंपनी ने कहा है कि इस परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। टीसीएस में दूरसंचार रणनीतिक पहल के सलाहकार व तेजस नेटवर्क्स के अध्यक्ष एन गणपति सुब्रमण्यम ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने भारत को उन गिने-चुने देशों की सूची में शामिल कर दिया है। 3जीपीपी मानकों के अनुपालन में निर्मित यह स्टैक मानकों में भारत के आगे के योगदान की नींव रखता है।

### ग्राहक कनेक्टिविटी के नए मानक का करेंगे अनुभव

बीएसएनएल के सीएमडी ए रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएँ, और डिजिटल विभाजन को पहले से कहीं अधिक कम करें। बीएसएनएल के निदेशक (उपभोक्ता गतिशीलता – सीएम) संदीप गोविल ने कहा कि हमारे ग्राहक अब कनेक्टिविटी के एक नए मानक का अनुभव करेंगे, जो एक ऐसे नेटवर्क द्वारा संचालित होगा जो वास्तव में हमारा अपना है। यह एक डिजिटल रूप से समावेशी समाज के निर्माण की आधारशिला है, जो 5जी और उससे आगे बढ़ने के लिए तैयार है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की विकास गाथा संप्रभु, स्वदेशी तकनीक द्वारा संचालित हो।



# आरएसएस की प्रार्थना मातृभूमि के प्रति समर्पण

## आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- संघ की प्रार्थना भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम को अभिव्यक्ति है

नागपुर, एजेंसी



- नागपुरमें आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान संघ की प्रार्थना का ऑडियो किया जारी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संगठन की 'प्रार्थना' भारत माता की प्रार्थना और देश एवं ईश्वर के प्रति संघ के स्वयंसेवकों का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि जहां व्यक्तिगत संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के दृष्टिकोण तक सीमित रहते हैं, वहीं साझा मिशन और मूल्य संघ की प्रार्थना से उत्पन्न होते हैं, जिसका प्रतिदिन पाठ किया जाता है।

भागवत ने नागपुर के रेशमबाग महर्षि व्यास सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी किया, जिसे गायक शंकर महादेवन ने आवाज दी है। कार्यक्रम में अभिनेता सचिन खेडेकर, वरिष्ठ प्रस्तोता हरीश भिमानी और संगीतकार राहुल रानाडे भी उपस्थित थे। नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि यह भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण को अभिव्यक्ति है। यह प्रार्थना है कि हम देश को क्या देश सकते हैं और फिर ईश्वर से प्रार्थना है कि देश सेवा में हमारी सहायता करे। ऑडियो जारी होने के साथ ही यह प्रार्थना ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। प्रार्थना एक भावना है जो स्वयंसेवकों को मातृभूमि के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण के सामूहिक संकल्प में मदद करती है। यह गीत लंदन के एक स्टूडियो में रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के साथ रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें सभी संगीतकार विदेशी थे। महादेवन ने इस संगीतमय प्रस्तुति में अपनी आवाज दी है जबकि मराठी में खेडेकर ने और हिंदी में भिमानी ने वर्णन किया। आठ अलग-अलग भाषाओं में स्वर दिए गए।

संघ की मूल प्रार्थना के रचनाकार नरहरि नारायण भिड़े थे और पहली बार यादव राव जोशी ने 23 अप्रैल, 1940 को पुणे में संघ शिक्षा वर्ग में इसे गाया था। प्रार्थना का प्रारंभिक प्रारूप 1939 में पुणे में एक बैठक के दौरान तैयार किया गया था। संघ प्रार्थना भारत माता की प्रार्थना है। 1940 से स्वयंसेवक प्रतिदिन इसका पाठ करते हैं। यह प्रार्थना संघ का सामूहिक संकल्प है। प्रार्थना की भावना संकल्प की शक्ति है, और यह मातृभूमि के प्रति भक्ति, प्रेम व समर्पण का प्रतीक है।

### आरएसएस की स्थापना के हुए 100 साल, शताब्दी समारोह शुरू

**नागपुर।** आरएसएस के स्थापना के 100 वर्ष शनिवार को पूरे हो गए। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 17 सहयोगियों के साथ मिलकर 27 सितंबर, 1925 को विजयादशमी पर संघ की स्थापना की थी। संघ अब देशभर में 83,000 से अधिक शाखाओं और लाखों स्वयंसेवकों के साथ सबसे बड़े सांस्कृतिक निकाय के रूप में विकसित हो चुका है। आरएसएस की उत्पत्ति नागपुर के महल स्थित हेडगेवार वाड़ा से मानी जाती है। डॉ. हेडगेवार ने हिंदुओं में एकता, अनुशासन और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस संगठन की कल्पना की थी। नागपुर के बाहर पहली शाखा फरवरी 1926 में वर्धा में स्थापित की गई, जिसने पूरे देश में क्रमिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया। व्यक्ति-आधारित नेतृत्व से बचने के लिए, भगवा ध्वज को संघ का 'गुरु' मान लिया गया और 1927 में गुरु दक्षिणा देने की प्रथा शुरू हुई। डॉ. हेडगेवार (1929 में प्रथम सरसंघचालक बने) पहले कांग्रेस से जुड़े थे और उन्होंने असहयोग और जंगल सत्याग्रह आंदोलनों में भाग लिया था और जेल भी गये थे। उनकी दृष्टि शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर ज़ोर देती थी। आरएसएस अपनी स्थापना के 100 साल पूरा होने पर एक साल तक विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

# जमीनी जुड़ाव पर ध्यान करें केंद्रित : शाह



- गृहमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन की मजबूती और चुनावी जीत का मंत्र

समस्तीपुर, एजेंसी

बिहार के समस्तीपुर जिले के सरायरंजन स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में शनिवार को भाजपा के महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरकत की।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मिथिलांचल सहित अन्य क्षेत्रों से आए भाजपा सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिये जीत का रणनीतिक मंत्र दिया।

शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से नीतियों, जनसंपर्क और जमीनी जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि कि गृहमंत्री अमित शाह के समस्तीपुर आगमन से मिथिलांचल के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ है। यह दौरा पार्टी संगठन के लिये बेहद प्रेरणादायक और दिशा देने वाला रहा।

इस संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई अन्य क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विस चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में शाह ने भरा जोश

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तर बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं को लगातार दूसरे दिन जोश भरा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के अनुसार दो दिवसीय बिहार प्रवास के समापन से पूर्व शाह समस्तीपुर और अररिया जिलों के दौरे पर हैं। जायसवाल ने कहा कि शुक्रवार को शाह ने पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में बैठक की थी, उसके बाद प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और चुनाव अभियान समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की थी। उन्होंने हमें आगामी चुनाव में राजग की विजय का मंत्र दिया। उबेतिया में दस जिलों से आये कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया था। जायसवाल ने कहा कि आज उनकी बैठकें समस्तीपुर के सरायरंजन और अररिया के फोर्ब्सगंज में हैं। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पार्टी के मुख्य रणनीतिकार माने जाने वाले शाह पखवाड़े भर में दूसरी बार बिहार के दौरे पर आए हैं।

# गुरुग्राम में डिवाइडर से टकराई थार, 5 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

- सभी यात्री काम से आए थे गुरुग्राम, थार अलीगढ़ में पंजीकृत
- मृतकों में एक छात्रा बताई जा रही है न्यायाधीश की बेटी

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक थार कार के डिवाइडर से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतकों में प्रतिष्ठा (25), लावन्या (26), आदित्य (30), गौतम (31) और एक अन्य महिला सोनी शामिल है, जबकि घायल की पहचान कपिल शर्मा (27) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार हादसा दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे निकास संख्या नौ पर हुआ जब तेज रफ्तार थार में सवार चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया। सूचना मिलने पर सेक्टर 40 से पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और सभी छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पांच को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक महिलाएं, प्रतिष्ठा और लावन्या कानून पाठ्यक्रम की छात्रा थीं, जबकि आदित्य, गौतम और कपिल विज्ञापन व्यवसाय से जुड़े थे। सभी छह यात्री उत्तर प्रदेश से गुरुग्राम किसी काम से आए थे। थार अलीगढ़ प्राधिकरण में पंजीकृत है। बताया जा रहा है कि एक मृतक छात्रा न्यायाधीश की बेटी थी। हालांकि, पुलिस ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। गुरुग्राम पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है और जांच जारी है।

# भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले देशों में शामिल : सिंधिया

- केंद्रीय मंत्री ने कहा- पहले भारत एक सेवा प्रदाता राष्ट्र था, लेकिन अब हम एक उत्पादक राष्ट्र हैं

गुवाहाटी, एजेंसी




बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी स्टैक के शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी स्टैक शुरू होने पर कहा कि भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की छवि एक सेवा प्रदाता और उपभोक्ता राष्ट्र से बदलकर उत्पादन, नवाचार, उद्यमिता और निर्यात के केन्द्र के रूप में बदल गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ओडिशा से पूरे देश में स्वदेशी 4जी स्टैक की एक साथ शुरुआत करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि पहले भारत एक सेवा (प्रदाता) राष्ट्र था, लेकिन अब हम एक उत्पादक राष्ट्र हैं। पहले हमें एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज हम एक नवाचार, उद्यमिता और निर्यात केंद्र हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी के भारत के लिए नवाचार, मानवता के लिए नवाचार के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश आज डेनमार्क, स्वीडन, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की प्रतिष्ठित श्रेणी में शामिल हो गया है, जो दूरसंचार उपकरण बनाते हैं। इस शुरुआत से दूरदराज के गांवों, सीमावर्ती क्षेत्रों, द्वीपों, पहाड़ी इलाकों और इंटरनेट की कम पहुंच वाले स्थानों तक 4जी नेटवर्क की उपलब्धता हो सकेगी।

### दो महीने में डिजिटल होंगी सरकारी सेवाएं

**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि 90 प्रतिशत सरकारी सेवाएं अगले दो महीने में डिजिटल हो जाएंगी और जल्द ही ये व्हाट्सएप पर उपलब्ध होंगी। फडणवीस ने बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के उद्घाटन में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ डिजिटल माध्यम से भाग लिया। पुणे में आयोजित कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा कि देश के उन गांवों को अब 4जी नेटवर्क मिलेगा जो अभी तक जुड़े नहीं थे। दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था कि भारत के हर गांव को सड़क से जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि यही विकास का मार्ग है और उन्होंने छह लाख गांवों तक सड़क संपर्क सुनिश्चित किया।

### बुलेट ट्रेन परियोजना

# मुंबई-अहमदाबाद खंड 2029 तक खुल जाएगा: वैष्णव

सूरत, एजेंसी



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का गुजरात के सूरत से बिलिमोरा के बीच तक का 50 किमी लंबा हिस्सा 2027 में खुलेगा और 2029 तक मुंबई से अहमदाबाद के बीच पूरे खंड पर परिचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि परिचालन शुरू होने के बाद बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी मात्र दो घंटे सात मिनट में तय कर लेगी।

उन्होंने कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना बहुत अच्छी तरह से प्रगति कर रही है। वैष्णव ने निर्माणाधीन सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और पटरी बिछाने के कार्यों व इसके पहले टर्नआउट इंस्टॉलेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की समग्र प्रगति बहुत अच्छी है। सूरत और बिलिमोरा के बीच परियोजना का पहला 50 किलोमीटर का खंड 2027 तक खुल जाएगा। हम इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। 2028 तक, पूरा ठाणे-अहमदाबाद खंड चालू हो जाएगा और 2029 तक पूरा मुंबई-अहमदाबाद खंड खुल जाएगा।

## मनमोहक



भोपाल में नवरात्रि के अवसर पर गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। इस दौरान आकर्षक वस्त्र धारण किए यह कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। एजेंसी

# टैरिफ के बीच ब्रिक्स रचनात्मक बदलाव की मजबूत आवाज

**संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर बोले**

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बढ़ते संरक्षणवाद और शुल्क संबंधी अस्थिरता के बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करने का आह्वान किया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ऐसे समय में जब बहुपक्षवाद दबाव में है, ब्रिक्स रचनात्मक बदलाव की मजबूत आवाज बनकर खड़ा है।

उन्होंने कहा, एक अशांत विश्व में, ब्रिक्स को शांति स्थापना, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के संदेश को फैलाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, बढ़ते संरक्षणवाद, शुल्क संबंधी अस्थिरता और गैर-शुल्क बाधाओं के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है, इसलिए ब्रिक्स को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करनी चाहिए। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के कुछ सप्ताह बाद जयशंकर ने यह टिप्पणी की। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माने के तौर पर लगाया गया है।

विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी और नवाचार ब्रिक्स सहयोग के अगले चरण को परिभाषित करेंगे। साल 2026 में समूह की भारत की अध्यक्षता के बारे में बात करते हुए, जयशंकर ने कहा कि भारत डिजिटल परिवर्तन, स्टार्टअप, नवाचार और मजबूत विकास साझेदारी के माध्यम से खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान सिएरा लियोन, रोमानिया, क्यूबा, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, रूस, उरुग्वे, कोलंबिया, एंटीगुआ और बारबुडा आदि देशों के अपने समकक्षों से भी मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएट मेइनल-रेजिंगर के साथ वर्तमान भू-राजनीति और भारत व यूरोप के सामने विकल्पों पर एक जीवंत चर्चा की।



ब्रिक्स की बैठक में उपस्थित विदेश मंत्री जयशंकर।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### चीन के गांसू प्रांत में भूकंप के झटके, सात लोग घायल

**बीजिंग।** चीन के गांसू प्रांत में शनिवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आने से सात लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। चीन के भूकंप केंद्र के अनुसार लोंक्शी काउंटी में सुबह 5:49 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि आठ मकान तहस-नहस जबकि 100 से अधिक क्षतिग्रस्त हो गए। सरकारी मीडिया की ओर से ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में आपातकर्मी मलबा हटाते हुए दिख रहे हैं।

### रोमानिया में अस्पताल में संक्रमण फैलने से छह शिशुओं की मौत

**बुखारेस्ट।** रोमानिया के उत्तर-पूर्वी इयासी शहर में स्थित स्फैंटा मारिया बच्चों के अस्पताल में जीवाणु संक्रमण फैलने से छह शिशुओं की मौत हो गई और तीन अन्य संक्रमित हो गए। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि एक वर्ष से कम उम्र के नौ मरीज़ सेराटिया मार्सेसेंस जीवाणु से संक्रमित हुए हैं हालांकि संक्रमण और मौतों के बीच कोई सीधा चिकित्सीय संबंध अभी तक स्थापित नहीं हुआ है। फोरेंसिक विशेषज्ञ यह पता लगाएंगे कि क्या जीवाणु के कारण ये मौतें हुईं। पहला मामला 13 सितंबर को पता चला था, लेकिन इसकी सूचना छह दिन बाद जन स्वास्थ्य निदेशालय को दी गई, जब चार बच्चे पहले ही संक्रमित हो चुके थे।

# पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष रोकने की अपील की थी

## भारत बोला- पाकिस्तानी पीएम ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में बेतुके बयान देकर आतंकवाद का किया था महिमामंडन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सेना ने ही संघर्ष रोकने की अपील की थी और नई दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच किसी भी मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, इस सभा में आज सुबह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का बेतुका बयान सुनने को मिला। शरीफ ने एक बार फिर आतंकवाद का महिमामंडन किया, जो उनकी विदेश नीति के केंद्र में है।

गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया संघर्ष को लेकर एक अजीब कहानी पेश की, जबकि भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 आम नागरिकों की मौत के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने कहा, नौ मई तक पाकिस्तान भारत पर और हमले करने की धमकी दे रहा था। लेकिन 10 मई को उसकी सेना ने सीधे हमसे संघर्ष रोकने की अपील की। इस बीच भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस नष्ट कर दिए थे। उस तबाही की तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण के बाद पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। शरीफ ने अपने भाषण में दावा किया कि हालिया संघर्ष में उनका देश युद्ध जीत गया। उन्होंने संघर्ष रोकने को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता का परिणाम बताया और साथ ही कश्मीर मुद्दा भी उठाया।

शरीफ ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए यह भी दावा किया कि मई में चार दिन तक चले संघर्ष के दौरान भारत के सात विमान क्षतिग्रस्त हुए थे। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर तबाह हुए रनवे और राख में बदल चुके हैंगर (हवाई जहाज रखने की जगह) पाकिस्तान को जीत लगते हैं, जैसा कि उसके प्रधानमंत्री ने दावा किया है, तो पाकिस्तान खुश हो सकता है।



संयुक्त राष्ट्र में बोलतीं भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत।


### सुरक्षा परिषद ने ईरान पर प्रतिबंधों में देरी के रूस और चीन के अंतिम प्रयास को किया खारिज


संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के कारण उस पर फिर से तत्काल प्रतिबंध नहीं लगाने संबंधी कुछ देशों के अंतिम प्रयास को समय सीमा से एक दिन पहले खारिज कर दिया। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया जब पश्चिमी देशों ने दावा किया कि हफ्तों की बैठकों के बावजूद कोई ठोस समझौता नहीं हो पाया है। ईरान पर फिलहाल प्रतिबंध नहीं लगाने संबंधी प्रस्ताव 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में ईरान के सबसे शक्तिशाली और निकटतम सहयोगी रूस और चीन ने शुक्रवार को पेश किया था। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए नौ देशों का समर्थन चाहिए था, जो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को शनिवार से प्रभावी होने से रोकने के लिए आवश्यक था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोल्यान्स्की ने बैठक के दौरान कहा, हमें उम्मीद थी कि यूरोपीय सहयोगी और अमेरिका दो बार सोचेंगे और ब्लैकमेल के बजाय कूटनीति व बातचीत का रास्ता चुनेंगे...इससे क्षेत्र में स्थिति और बिगड़ेगी।

### एक दशक तक लादेन को पनाह देने वाला पाकिस्तान आतंक के खिलाफ लड़ाई का दिखावा करता रहा

गहलोत ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं द्वारा बहावलपुर और मुरिदके में स्थित आतंकी ठिकानों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें सामने आई हैं। उन्होंने यह भी कहा, जब पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य और नागरिक अधिकारी खुलेआम इन कुख्यात आतंकवादियों का महिमामंडन करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं, तो इस सरकार की मानसिकता पर कोई शक रह ही नहीं जाता। गहलोत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ मुरिदके में स्थित लश्कर मुख्यालय पर हुए हमलों में मारे गए लोगों के जनाजे में नमाज अदा करवा रहा था। इस जनाजे में पाकिस्तान सेना के सदस्य भी मौजूद थे। कहा, याद दिला दें कि पाकिस्तान ने एक दशक तक ओसामा बिन लादेन को पनाह दी, जबकि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझेदार बनने का दिखावा करता रहा। इसके मंत्रियों ने हाल ही में खुद स्वीकार किया है कि वे दशकों से आतंकी शिविर संचालित कर रहे हैं।" भारत ने दोहराया कि दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच के मुद्दों में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई जगह नहीं है। गहलोत ने कहा, भारत और पाकिस्तान लंबे समय से इस बात पर सहमत हैं कि उनके बीच के किसी भी लंबित मुद्दे को द्विपक्षीय तरीके से सुलझाया जाएगा।

# नासा-इसरो निसार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली रडार तस्वीरें भेजीं





चेन्नई, एजेंसी

- **संयुक्त मिशन इस साल के अंत में अपने पूर्ण वैज्ञानिक संचालन के करीब पहुच रहा**

निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) पृथ्वी-अवलोकन रडार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली तस्वीरें ली हैं। नासा के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में हमारे ग्रह की सतह की ये तस्वीरें भविष्य की एक झलक पेश करती हैं क्योंकि नासा और इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का संयुक्त मिशन इस साल के अंत में अपने पूर्ण वैज्ञानिक संचालन के करीब पहुच रहा है।

भारत के साथ मिलकर लॉन्च किए गए निसार की पहली तस्वीरें इस बात का प्रमाण हैं कि जब हम नवाचार और खोज के एक साझा दृष्टिकोण के लिए एकजुट होते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है । यह तो बस शुरुआत है। उन्होंने कहा, नासा अतीत और वर्तमान की अविश्वसनीय वैज्ञानिक प्रगति पर आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि हम स्वर्ण मानक विज्ञान के माध्यम से अपने देश के अंतरिक्ष प्रभुत्व को बनाए रखने के अपने लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। इसरो द्वारा 30 जुलाई को प्रक्षेपित किए गए अंतरिक्ष यान से प्राप्त चित्र, उस विस्तृत स्तर को प्रदर्शित करते हैं जिसके साथ निसार पृथ्वी का स्कैन करता है और आपदा प्रतिक्रिया, बुनियादी ढाँचे की निगरानी और कृषि प्रबंधन सहित विविध क्षेत्रों में निर्णयकर्ताओं को अद्वितीय, कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करता है।

नासा के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा, यह समझकर कि हमारा गृह ग्रह कैसे काम करता है, हम अपने सौर मंडल और उससे आगे के अन्य ग्रहों के काम करने के तरीके के मॉडल और विश्लेषण तैयार कर सकते हैं, क्योंकि हम मानवता को चंद्रमा और मंगल ग्रह की एक महाकाव्य यात्रा पर भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बाद भी गाजा पर हमले जारी, 38 लोगों की गई जान

दीर अल बलाह, एजेंसी

- **नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल**

इजराइली हमलों और गोलीबारी में शनिवार सुबह गाजा में कम से कम 38 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। युद्धविराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन इजराइल के नेता युद्ध जारी रखने पर अड़े हुए हैं।

अल-अवदा अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार, मध्य और उत्तरी गाजा में शनिवार तड़के हुए हमलों में कई लोग मारे गए, जिनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व के अन्य नेताओं के समक्ष गाजा में हमास के पूर्ण खात्मे तक युद्ध जारी रखने का संकल्प जताया था। अल-अहली अस्पताल के अनुसार, शनिवार सुबह हुए हमलों में गाजा शहर के तुफाह इलाके में एक मकान ध्वस्त हो गया, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी हैं। शिफा अस्पताल के अनुसार, शाती शरणार्थी शिविर पर हुए हवाई हमले में चार अन्य लोग मारे गए।

नासिर और अल अवदा अस्पतालों के अनुसार, दक्षिणी और मध्य गाजा में सहायता लेने जाते समय इजराइली गोलीबारी में छह अन्य फलस्तीनी मारे गए। इजराइल की सेना ने हवाई हमलों या गोलीबारी के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी यूएई से भारत प्रत्यर्पित

**चंडीगढ़/बटाला।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के करीबी समन्वय और समर्थन से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) मॉड्यूल के वांछित आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी को अबू धाबी, यूएई से भारत प्रत्यर्पित किया है। यादव ने बताया कि पिंडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घोषित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है और बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक हमलों और जबरन वसूली सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल है। आरोपी पिंडी अपराधों के समन्वय और अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहा था। बटाला पुलिस द्वारा अनुरोधित रेड कॉर्नर नोटिस पर तेजी से कार्रवाई करते हुए चार सदस्यीय टीम ने 24 सितंबर, 2025 को यूएई पहुंच एमईए और यूएई अधिकारियों के साथ समन्वय किया था।

# कोर्ट ने विदेशी सहायता से जुड़े वित्तपोषण पर रोक के ट्रंप के फैसले को रखा बरकरार

वाशिंगटन, एजेंसी

- **अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने आदेश की अवधि बढ़ाई**

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश की अवधि बढ़ा दी है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को लगभग पांच अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी सहायता पर रोके लगाने की अनुमति देता है। इस फैसले से राष्ट्रपति पद के अधिकार से जुड़े विवाद में ट्रंप को एक और जीत हासिल हुई है।

तीन उदारवादी न्यायाधीशों की असहमति के बीच, शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को संसद द्वारा स्वीकृत अरबों डॉलर की सहायता से जुड़े एक मामले में ट्रंप प्रशासन की आपातकालीन अपील को स्वीकार कर लिया। ट्रंप ने पिछले महीने कहा था कि वह इस धनराशि को खर्च नहीं करेंगे, और इसके लिए उन्होंने विवादित अधिकार का हवाला दिया जिसका इस्तेमाल आखिरी बार लगभग 50 साल पहले किसी राष्ट्रपति ने किया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश अमीर अली द्वारा यह फैसला सुनाए जाने के बाद कि ट्रंप का कदम संभवतः अवैध है और संसद को धनराशि रोकने के फैसले को मंजूरी देनी होगी, न्याय विभाग ने उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। वाशिंगटन की संघीय अपीलीय अदालत ने अली के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने नौ सितंबर को इस पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। कोर्ट की पूर्ण पीठ ने रॉबर्ट्स के आदेश को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया। अदालत ने पूर्व में ट्रंप प्रशासन के लिए, सैकड़ों-हजारों प्रवासियों से कानूनी सुरक्षा छीनने, हजारों संघीय कर्मचारियों को बर्खास्त करने, सेना के ट्रांसजेंडर सदस्यों को सेवा से बाहर करने और स्वतंत्र सरकारी एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने के लिए रास्ता साफ कर दिया था।



# यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और सामुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिकारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 14.27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद।

चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- ज्येष्ठा 29 सितंबर 03.55 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज विचारशील लोगों के साथ आपकी मित्रता बढ़ेगी। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह से आपको कारोबार में लाभ मिलेगा। अपनी प्रतिभा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। आप काफी शांत मूड में रहेंगे। आर्थिक परेशानियों का हल प्राप्त होगा।

**वृष** — आज आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। जीवनसाथी के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे। साहित्य और मीडिया से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। कठोर शब्दों का प्रयोग न करें। मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी।

**मिथुन** — आज विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। आपके विचारों की सराहना हो सकती है। कारोबार में परेशानी होने के योग बन रहे हैं। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। सर्दी और एलर्जी के कारण आपको कठिनाई हो सकती है।

**कर्क** — आज व्यापार में आपको अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाना पड़ सकता है। मीडिया का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। बच्चे पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। जीवनसाथी और बच्चों के साथ समय बिताएंगे।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र की बाधाएं दूर होंगी। नौकरी में आ रही कठिनाई दूर होगी। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा दिन है। भविष्य की योजनाओं को लेकर व्यवहारिक रहें। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही शानदार है।

**कन्या** — आज किसी से बहसबाजी न करें वरना आपको कठिनाई होगी। सहयोगी आपकी प्रत्येक कार्य में सहायता करेंगे। भाई-बंधुओं को कष्ट हो सकता है। प्रियजनों के साथ देवदर्शन के लिए जा सकते हैं। कुछ लोग आपसे धन उधार मांग सकते हैं।

**तुला** — आज लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेंगे। करियर को लेकर तनाव दूर होगा। पूर्व में की गई मेहनत का अच्छा लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें।

**वृश्चिक** — आज आपकी निष्ठा से लोग प्रेरणा लेंगे। व्यापार में काम का दबाव कम होगा। अपनी जीवनशैली में आप सुधार कर सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ आप समय बिताएंगे। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

**धनु** — आज दांपत्य जीवन में कलह हो सकती है। पहले दिया गया उधार आपको मिल सकता है। मन में नकारात्मक विचार न आने दें। पुराने उधार को चुकाने में मुश्किलें आएंगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। सिर में दर्द और भारीपन हो सकता है।

**मकर** — आज तकनीकी विषयों पर आप अपना ज्ञान बढ़ाने का प्रयास करेंगे। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। परिजनों के साथ धार्मिक कार्यों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज आय के अवसर कम हो सकते हैं। किसी बड़े प्रकल्प में धन निवेश कर रहे हैं तो सावधानी अवश्य बरतें। छात्र अपने करियर को लेकर परेशान हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों की सेहत का ध्यान रखें। घर की कोई वस्तु खराब हो सकती है।

**मीन** — आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बच्चों को सही मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। नए प्रकल्पों की शुरुआत न करें। बिना मांगे किसी को भी सलाह न दें। धारदार उपकरणों से चोट लगने की संभावना है, इसीलिए आपको सावधानी रखनी चाहिए।

## सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | 1 |
| | | | | 4 | 9 | | | |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

### सुडोकू - 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |



"मैं सोच रहा था कि पावर प्ले में हमारे खिलाफ रन बने। लेकिन बाद में सभी ने योगदान दिया और मैच को सुपर ओवर तक ले गए। सुपर ओवर में मेरी योजना स्पष्ट थी कि वाइड यॉर्कर फेंको और श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सिर्फ ऑफ-साइड में ही रन बनाने दो। -अर्शदीप सिंह

## हाईलाइट

### इगा स्वियातेक चीन ओपन के तीसरे दौर में

**बीजिंग :** विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने शनिवार को युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि शनिवार की जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। महिला टूर्नामेंट के साथ एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट का भी आयोजन हो रहा है जिसमें यानिक सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमेन को 6-4, 5-7, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### एशियाई तैराकी में उतरेंगे 40 भारतीय

**अहमदाबाद (गुजरात) :** अहमदाबाद के नारनपुरा स्थित नवनिर्मित अत्याधुनिक वीर सावरकर खेल परिसर में रविवार से शुरू हो रही 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 20 पुरुष और 20 महिलाओं सहित कुल 40 भारतीय तैराक हिस्सा लेंगे। भारतीय दल पिछले एक महीने से राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए नारनपुरा में एशियाई महाद्वीप के सर्वश्रेष्ठ तैराकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयारी कर रहा था। इस चैंपियनशिप में 29 देशों से 1,100 से अधिक तैराक, कोच और तकनीकी अधिकारी पहुंचे हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जापान के नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है।

### रश्मिका-कपिल को एयर पिस्टल में स्वर्ण

**नई दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों ने रजत पदक जीता जिससे मेजबानों का चमकदार प्रदर्शन जारी रहा। भारत अभी तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर शीर्ष पर है।

# टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण : हरमनप्रीत



**दुबई, एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार आईसीसी की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

टीम इससे पहले दो मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई थी। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी लेकिन श्रृंखला में मेजबान टीम को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

> हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी प्रतिभावान बल्लेबाज टीम में मौजूद हैं।
>
> -हरमनप्रीत कौर

स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक जड़े जबकि उनकी साथी सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने भी बल्ले से उम्दा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग में स्पिनरों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में दिल्ली में हुए निर्णायक तीसरे एकदिवसीय में भारतीय स्पिनरों ने काफी रन लुटाए थे।

हरमनप्रीत ने कहा गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है जिसमें रेणुका ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और प्रतिभावान क्रांति गौड़, श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर के रूप में तीन ऑलराउंडर भी हैं जो मैच का रुख भारत की ओर मोड़ सकती हैं। उन्होंने कहा एक संतुलित टीम। टूर्नामेंट से पहले समर्पित और केंद्रित तैयारी। सफलता केलिए तत्पर और दृढ़ टीम के साथ हम सकारात्मकता और विश्वास के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में प्रवेश कर रहे हैं।'' हरमनप्रीत ने 2017 में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन बनाकर भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत ने कहा कि हालांकि सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला कड़ा होगा लेकिन टीम आत्मविश्वास से भरी है। भारतीय कप्तान ने कहा प्रतिस्पर्धा हमेशा की तरह कड़ी है लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और चुनौती से पार पाने की अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है।

### भारत के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना अरुंधति और श्री चरणी का सपना

**नई दिल्ली :** भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और युवा स्पिनर श्री चरणी का सपना घरेलू सरजमीं पर मंगलवार से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप को जीतकर भारत के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना है। महान सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेने वाली अरुंधति बचपन में विकेटकीपर बनना चाहती थी लेकिन कोच की सलाह पर उन्होंने गेंदबाजी शुरू की तो वहीं एथलेटिक्स और बैडमिंटन जैसे खेलों में अच्छा करने वाली श्री चरणी के लिए क्रिकेट से जुड़ने का फैसला सही साबित हुआ। महिला वनडे विश्व कप का आगाज 30 सितंबर को गुवाहाटी में भारत बनाम श्रीलंका मैच से होगा। अरुंधति भारतीय पुरुष टीम की 2007 में टी20 विश्व कप और फिर 2011 में वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेती है। हैदराबाद की इस 28 साल की खिलाड़ी ने जियो हॉटस्टार से कहा सच कहूं तो भारत ने जो 2007 का टी20 विश्व कप जीता था, उसने मुझे क्रिकेट खेलना शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महान सचिन तेंदुलकर कर मौजूदगी में 2011 में घरेलू सरजमीं पर विश्व कप की जीत ने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी। अरुंधति ने कहा मैंने बचपन से ही भारत के लिए खेलना और विश्व कप जीतना चाहती हूं। अब जब मुझे घर पर 50 ओवर का विश्व कप खेलने का मौका मिला है तो मैं इस मौके लिए भगवान की आभारी हूं। अरुंधति हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गयी थी और उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। धोनी को अपना आदर्श मानने वाली अरुंधति ने बताया कि वह शुरुआत में विकेटकीपर बनना चाहती थीं। उन्होंने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मैं कभी तेज गेंदबाज नहीं बनना चाहती थी।

# आखिरी वार के लिए तैयार सूर्यकुमार के जांबाज

## एशिया कप फाइनल : पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा भारत को

**दुबई, एजेंसी**

जीत ही सब कुछ नहीं होती, लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को यहां एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं।

अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह बिना गोलीबारी के युद्ध जैसा है। वर्षों से भारत-पाकिस्तान मुकाबले में रोमांच की कमी नहीं रही है, लेकिन शायद ही कभी यह इतनी उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में हुआ जब क्रिकेट के मैदान के बाहर का तनाव, उत्तेजक इशारे और दोनों पक्षों पर लगे जुर्माने इससे जुड़े हुए प्रतीत हों। फिर भी शोरगुल से परे क्रिकेट अपने आप में आकर्षक रहा है और इस दौरान सुर्खियां अभिषेक शर्मा के 200 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट और कुलदीप यादव के 13 विकेट ने बटोरी।

कागजों पर भारत टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और लगातार छह जीत के क्रम के दौरान सिर्फ श्रीलंका ने उसे सुपर ओवर तक धकेला है। इसके विपरीत पाकिस्तान फाइनल तक लड़खड़ाता हुआ पहुंचा है, लेकिन जैसा कि उनके ने बांग्लादेश को हराने के बाद व्यंग्यात्मक लहजे में कहा फाइनल ही एकमात्र मैच है जो मायने रखता है। यहां तक कि भारत के सहयोगी स्टाफ ने भी यही भावना व्यक्त की। मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस के लिए आए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि अब सुंदरता मायने नहीं रखती, बदसूरत जीत भी जीत होती है। भारत का अपराजित अभियान सहज रहा है लेकिन चोटों से मुक्त नहीं रहा। श्रीलंका के खिलाफ हार्दिक पंड्या को पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण एक ओवर के बाद ही मैदान से बाहर होना पड़ा जबकि अभिषेक शर्मा को भी गर्मी में ऐंठन की शिकायत हुई। मोर्कल ने शुक्रवार रात को आश्वस्त किया हार्दिक की कल सुबह जांच की जाएगी। उन्हें और अभिषेक दोनों को ऐंठन हुई है लेकिन अभिषेक ठीक है। यह खबर राहत देने वाली है क्योंकि पंजाब के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने छह मैच में 309 रन बनाकर अकेले ही भारत की बल्लेबाजी का भार उठाया है। यह अंतर साफ दिख रहा है क्योंकि तिलक वर्मा 144 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।



अभ्यास करती भारतीय टीम।

**समय रात 8 बजे**

असली सवाल यह है कि क्या भारत के बाकी खिलाड़ी अभिषेक का बखूबी साथ निभा पाएंगे। सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा?

पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी 'प्लान बी' के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं। टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए। रविवार का मैच एक बार फिर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई से तय हो सकता है।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

### दबाव में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी : मोर्कल

**दुबई :** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि टीम ने अभी तक पूर्ण खेल नहीं खेला है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में बल्लेबाजी इकाई दबाव में प्रदर्शन बेहतर करेगी।

हालांकि भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव और व रुण चक्रवर्ती ने पाकिस्तान सहित अधिकांश विरोधी टीमों को रोकने में सफलता हासिल की, लेकिन दबाव की परिस्थितियों में अभिषेक शर्मा की आतिशी बल्लेबाजी को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन बिल्कुल भी प्रेरणादायक नहीं रहा है। मोर्कल ने रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कहा मुझे नहीं लगता कि इस टूर्नामेंट में अब तक हमने अपना पूर्ण खेल दिखाया है। हर मैच के बाद उन क्षेत्रों पर चर्चा होनी चाहिए जिनमें हम सुधार करना चाहते हैं और बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। इसलिए यह एक सामान्य सोच है कि जब हम पर थोड़ा दबाव डाला जाता है तो हमें और तेज होने की जरूरत होती है। बीच के ओवरों में शायद एक-दो यॉर्कर डाली जा सकती हैं। मुझे लगता है कि चलन यह रहा है क्योंकि विकेट थोड़ा धीमा है इसलिए गति कम होती है।

# यूएई की थेकरा अलकाबी ने 100 मीटर थ्री-व्हील फ्रेम रनिंग में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**विश्व पैरा एथलेटिक्स**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने शनिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है।

अलकाबी 19.89 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रही। इस 23 साल की खिलाड़ी ने लिथुआनिया की बेला मोरकस के इस साल जुलाई में कायम 20.08 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मोरकस ने यहां 21.53 सेकेंड के समय के साथ रजत जबकि पोलैंड की मिरियम डोमिनिकोवस्का ने 23.56 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।


अलकाबी का इस स्पर्धा में पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23.58 सेकेंड था। उन्होंने इससे पहले 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में एफ32 क्लब थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। महिलाओं की लंबी कूद टी37 स्पर्धा में, विश्व रिकॉर्ड धारक चीन की वेन शियाओयान ने 5.32 मीटर की मीट रिकॉर्ड दूरी के साथ अपेक्षा के अनुरूप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में कायम अपने पिछले मीट रिकॉर्ड 5.22 मीटर में सुधार किया। उनका मौजूदा विश्व रिकॉर्ड 5.45 मीटर है। उन्होंने इसे 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के दौरान बनाया था। टी 37 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो सेरेब्रल पाल्सी की समस्या से जूझ रहे होते हैं।



ऑस्ट्रेलिया की नियाम मैक अलास्डेयर विश्व पैरा एथलेटिक्स में महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में भाग लेती हुईं। एजेंसी

महिलाओं की गोला फेंक एफ 41 (छोटे कद के खिलाड़ी) में कोलंबिया की अरिजा बुइट्रागो मेयरली ने विश्व रिकॉर्ड धारक और कई पैरालंपिक तथा पैरा विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता राओआ तलीली को पछाड़ कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मेयरली ने 10.21 मीटर की दूरी तय की जबकि उज्बेकिस्तान की कुबारो खाकिमोवा ने 10.17 मीटर के साथ रजत पदक जीता। ट्यूनीशिया की तलीली के नाम 10.55 मीटर का विश्व रिकॉर्ड है। उन्हें 9.96 मीटर के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

नीदरलैंड की नोएल रूर्डा ने महिला भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 43.74 मीटर के प्रयास के साथ अपना पहला विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा का रजत उज्बेकिस्तान की शाहिनाखोन यिगितालिएवा (41.97 मीटर) और कांस्य ब्रिटेन की हॉली अर्नोल्ड (41.94 मीटर) के नाम रहा। भारत की भावनाबेन चौधरी ने 35.34 मीटर के थ्रो के साथ आठवां स्थान हासिल किया। एफ 46 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके एक या दोनों हाथों में गतिविधि प्रभावित होती है।



महिलाओं की लंबी कूद में जोरआजमाइस करतीं तटस्थ पैरालंपिक एथलीट एलेना त्रेतियाकोवा। एजेंसी

भारत की मौजूदा चैंपियन दीप्ति जीवनजी ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तेलंगाना की 22 वर्षीय इस एथलीट ने शुरुआती दौर की दूसरी हीट में 58.35 सेकेंड का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह स्पर्धा उन एथलीटों के लिए है जिनमें बौद्धिक अक्षमता होती है।

### सुपर ओवर में मेरी योजना स्पष्ट थी

**दुबई :** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने एशिया कप सुपर 4 मैच में श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में अपनी सफलता का श्रेय वाइड यॉर्कर फेंकने की अपनी काबिलियत को दिया।

श्रीलंकाई बल्लेबाज पाथुम निसांका और कुसल परेरा ने शुक्रवार को अर्शदीप के दो ओवरों में 26 रन जुटाए। लेकिन बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अच्छी वापसी की और सुपर ओवर में सिर्फ दो रन दिए और साथ ही परेरा और दासुन शनाका के विकेट भी लिए। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए

# सूर्यकुमार के सामने फार्म वापसी बनी चुनौती

**दुबई, एजेंसी**

- फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिभा दिखाने का मौका

कप्तान के तौर पर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अब तक शानदार परिणाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी ख्याति के मुताबिक चमक बिखेरने में नाकाम रहे हैं लेकिन रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले फाइनल में उनके पास शानदार मौका होगा।

सूर्यकुमार का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में नाबाद 47 रन रहा है। उन्होंने यह पारी तब खेली जब टीम जीत के लिए छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही थी और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 31 रन की ताबड़तोड़ पारी से टीम के अन्य बल्लेबाजों से दबाव पूरी तरह से हटा दिया था।

कप्तान बनने के बाद सूर्यकुमार की बल्लेबाजी में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसका एक कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव करना भी है। सूर्यकुमार युवा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका देने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को आगे पीछे करते रहे हैं। सूर्यकुमार ने 2024 में 15 पारियों में चार अर्धशतक की मदद से 420 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 271 गेंदें खेली और उनका स्ट्राइक-रेट 155 रहा।

इन 15 पारियों में उन्होंने 40 चौके और 22 छक्के लगाए। उनकी डॉट गेंद का प्रतिशत 35 के आसपास का रहा। भारतीय कप्तान ने साल 10 पारियों में 90 गेंदों पर केवल 99 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक-रेट गिरकर 110 हो गया है। इसका मुख्य कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में खुद से किए गए बदलाव का भी योगदान है।

**तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप**

**महज 18 साल की उम्र में शीतल देवी ने हासिल की उपलब्धि**

# शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

**ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।

व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की।



तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गईं जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गईं। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया। इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था।

### भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत की

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी। तुर्की की तीरंदाजों ने दूसरे राउंड में तीन बार 10 अंक से 39 अंक जुटाकर वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया।तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाईं।तुर्की की जोड़ी ने अधिक निरंतरता दिखाई और उन्होंने एक बार 10 और तीन बार नौ अंक के साथ कुल स्कोर के आधार पर एक अंक की बढ़त हासिल कर ली।